(नवप्रदेश फोटो-फैजुल हक)

टी-20 वर्ल्डकप के लिए भारत की जर्सी लॉन्च

बीसीसीआई ने 7 फरवरी से शुरू होने जा रहे टी-20 वर्ल्डकप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी लॉन्च कर दी है। इस दौरान रोहित शर्मा और तिलक वर्मा मौजूद रहे। इस दौरान साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए टीम भी जारी की।

कोहली-ऋतुराज की मेहनत बेकार

मार्करम की सेंचुरी; साउथ अफ्रीका ने दूसरे वनडे में 4 विकेट से हराया

नितेश छाबड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को चार विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 50 ओवर में पांच विकेट पर 358 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम ने 49.2 ओवर में छह विकेट खोकर 362 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। दक्षिण अफ्रीका टीम से ऐडन मार्करम ने सेंचुरी लगाई। वहीं डेवाल्ड ब्रेविस और मैथ्यू ब्रीट्जकी ने फिफ्टी लगाकर सीरीज 1-1 से बराबरी पर ला दी।

यशस्वी जायसवाल	रोहित शर्मा	केएल राहुल	वाशिंगटन सुंदर	रविन्द्र जडेजा
22-रन	14- रन	66- रन	01- रन	24- रन



कोहली-ऋतुराज की शतकीय साझेदारी

25वें ओवर में विराट कोहली ने वनडे करियर की 76वीं फिफ्टी लगाई। उन्होंने लुंगी एनगिडी की तीसरी बॉल पर कवर ड्राइव से एक रन लिया और फिफ्टी पूरी की। कोहली ने लगातार तीसरे मैच में 50+ स्कोर बनाया है। इसी ओवर में कोहली ने गायकवाड के साथ शतकीय साझेदारी की।

कोहली का वनडे में 53वां शतक

कोहली ने 90 बॉल पर शतक पूरा किया। उन्होंने मिडऑन पर बैकफुट पंच करके एक रन लिया और शतक पूरा किया। फिर अपने अंदाज में छलांग लगाई और रिंग चूमकर सेलिब्रेशन किया। वनडे करियर में 53वां शतक लगाया। उनके इंटरनेशनल क्रिकेट में 84 शतक हो चुके हैं।

खराब फील्डिंग और एक्स्ट्रा रन ने बढ़ाईं मुश्किलें

359 रन डिफेंड करने में भारत की सबसे बड़ी मुश्किलें खराब फील्डिंग ने बढ़ाईं। यशस्वी जायसवाल ने 18वें ओवर में मार्करम का कैच छोड़ दिया, तब वे 59 रन पर थे। उन्होंने 2 आसान चौके भी गंवा दिए। आखिरी ओवरों में टीम के फील्डर्स ने मिसफील्ड और ओवरथ्रो से भी एक्स्ट्रा रन खर्च किए। वाइड से भी 11 रन दे दिए।

कोहली-गायकवाड के शतक

रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में बुधवार को भारतीय टीम ने लगातार 20वें वनडे में टॉस गंवाया। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। टीम इंडिया ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 358 रन बनाए।विराट कोहली (102 रन) ने लगातार दूसरे मैच में शतक लगाया। ऋतुराज गायकवाड ने भी 105 रनों की पारी खेली। उन्होंने वनडे करियर का पहला शतक लगाया।

20-25 रन कम बने-राहुल

दूसरी पारी में गेंदबाजी करना मुश्किल हो रहा है। गेंद बार-बार गीला हो रहा था। कुछ मौकों पर अंपायर्स ने इसे चेंज किया, लेकिन गीली बॉल से गेंदबाजी करना मुश्किल हो रहा था। इसके अलावा, हमने डिफेंड करते हुए कुछ बातें सही तरीके से नहीं की। हमने 20-25 रन कम बनाए। साथ ही कुछ बाउंड्री भी खर्च कर दीं। टॉस भी एक अहम फैक्टर्स था।

भरोसा था टारगेट चेज कर लेंगे-बॉश

कॉर्बिन बॉश ने कहा- डी जॉर्जी के रिटायर्ड हर्ट होने के बाद हम ज्यादा से ज्यादा रन दौड़ने का प्रयास कर रहे थे। हमें पता था कि हम रन बना लेंगे। बॉश ने टारगेट पर कहा- 'हमें भरोसा था कि टीम कोई भी टारगेट चेज कर लेगी।'

रोहित शर्मा ने 9 हजार रन पूरे किए

रोहित शर्मा ने भारत में 9 हजार रन पूरे कर लिए हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, द्रविड और कोहली भारतीय पिच पर यह कारनामा कर चुके हैं।

राहुल-जडेजा की फिफ्टी पार्टनरशिप

49वें ओवर में भारतीय कप्तान केएल राहुल और रवींद्र जडेजा ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। टीम ने 289 रन पर 5वां विकेट गंवाया था।

दक्षिण अफ्रीका का वनडे में तीसरा सबसे बड़ा रन चेज

वनडे में दक्षिण अफ्रीका का यह तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। इससे पहले टीम ने 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 372 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया था। उससे पहले टीम ने 2006 में ऑस्ट्रेलिया के ही खिलाफ 435 रन बनाकर जीत दर्ज की थी। इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका के नाम अब 350 या उससे ज्यादा रन के तीन सफल रन चेज दर्ज हो गए हैं, जो इस प्रारूप में भारत के साथ सबसे ज्यादा हैं। इस मुकाबले में भारत के दो और दक्षिण अफ्रीका के एक बल्लेबाज ने शतकीय पारियां खेलीं। मेजबानों की तरफ से ऋतुराज गायकवाड़ (105) और विराट कोहली (102) शतकीय पारियां खेलीं। वहीं, मेहमानों के लिए एडेन मार्करम (110) ने शानदार सैकड़ा जड़ा। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए वनडे मुकाबलों में यह तीसरा मौका है जब तीन बल्लेबाजों ने शतकीय पारियां खेलीं।

- एडन मार्करम -110
- क्विंटन डी कॉक- 8
- टेम्बा बवुमा- 46
- मैथ्यू ब्रीट्ज़क-68
- डेवाल्ड ब्रेविस- 54
- टोनी डी ज़ोरज़- 17
- मार्को येन्सन- 2
- कॉर्बिन बॉश- 29
- केशव महाराज-10

स्टेडियम में इंडिया-इंडिया हूटिंग

- स्टेडियम में क्रिकेट फैंस उत्साहित नजर आ रहे हैं। टीम इंडिया को चीयर करने के लिए लोग जोर-जोर से हूटिंग कर रहे हैं और अपनी टीम का उत्साह बढ़ा रहे हैं।
- बच्चे, युवा जर्सी पहनकर, हाथों में झंडे और बैनर लेकर स्टेडियम में जमा हैं।
- फैंस की इस ऊर्जा ने पूरे माहौल को क्रिकेट प्रेम और जोश से भर दिया है, जिससे मैच के दौरान स्टेडियम में माहौल बन गया है।

बड़ी संख्या में पहुंची भीड़

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे मैच देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक स्टेडियम में जमा हुए हैं। फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

चेकिंग के बाद प्रवेश

सुरक्षा जांच और चेकिंग के बाद अब फैंस को धीरे-धीरे स्टेडियम में प्रवेश करने की अनुमति दी जा रही है। लोगों की लंबी कतारें लग गई हैं, और हर कोई टीम इंडिया को सपोर्ट करने के लिए उत्साहित नजर आ रहा है।

पानी बोतल, सिक्के जब्त

एंट्री के दौरान चेकिंग में दर्शकों से पानी की बोतल, गुटखा और सिक्के मिले जिन्हें जब्त किया गया। स्टेडियम एंट्री गाइडलाइन में पहले ही इन चीजों को बैन किया गया था।

मैच के दौरान ग्राउंड में घुसा युवक

मैच के दौरान एक युवक अचानक ग्राउंड के बीच में घुस गया। सुरक्षा टीम ने उसे तुरंत उठाकर स्टेडियम से बाहर कर दिया। इस घटना के बावजूद मैच का माहौल प्रभावित नहीं हुआ और खेल जारी रहा।

आलोचकों को जवाब | दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विराट ने जड़ा लगातार दूसरा शतक

कोहली ने वनडे विश्व कप के लिए दावा किया मजबूत

रायपुर /नवप्रदेश। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए दावा मजबूत कर लिया है। कोहली शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दूसरा शतक लगा दिया है।

कोहली ने इससे पहले रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी और अब रायपुर में भी उन्होंने इस फॉर्म में जारी रखते हुए शतक लगा दिया है। कोहली वे 90 गेंदों पर सैकड़ा पूरा किया। पिछले कुछ समय से कोहली के 2027 वनडे विश्व कप में खेलने को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। लेकिन कोहली जिस तरह की फॉर्म में चल रहे हैं, उन्होंने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए अपना दावा मजबूत कर लिया है। कोहली अब भारत के लिए सिर्फ वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं और इस बारे में लगातार बात होती रही है कि वह दो साल बाद होने वाले इस टूर्नामेंट तक अपनी मैच फिटनेस कैसे बरकरार रखेंगे, लेकिन कोहली ने इस सीरीज में लगातार दो शतक लगाकर आलोचकों को जवाब दे दिया है।

13वीं बार तीसरी बार वनडे में बनाया 50+

कोहली ने इस दौरान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दूसरा 50+ स्कोर बनाया। वहीं, लगातार तीसरे मैच में उन्होंने 50+ स्कोर बनाया। इससे पहले कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में नाबाद 74 रन बनाए थे, जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में 135 रन की पारी खेली थी। यह 13वीं बार है जब उन्होंने वनडे में लगातार तीन या इससे ज्यादा बार 50+ स्कोर बनाया है। इस प्रारूप में ये सर्वाधिक है। इस मामले में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं जिन्होंने 11 बार ऐसा किया है, जबकि सचिन तेंदुलकर ने 10 बार वनडे में लगातार तीन मैचों में 50+ स्कोर बनाए हैं। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल के विकेट जल्द गंवा दिए थे जिसके बाद कोहली ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ मिलकर पारी को संभाला। कोहली से पहले ऋतुराज गायकवाड़ ने अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया, लेकिन गायकवाड़ शतक लगाने के बाद कैच आउट होकर पवेलियन लौट गए। गायकवाड़ ने 105 रन बनाए। कोहली और गायकवाड़ के बीच चौथे विकेट के लिए 195 रनों की साझेदारी हुई।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का 84वां शतक लगाया

कोहली का यह वनडे में 53वां और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 84वां शतक है। कोहली पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के किसी प्रारूप में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए थे और अब उन्होंने इस रिकॉर्ड को और मजबूती दी है। कोहली वनडे में शतक लगाने के मामले में सभी से काफी आगे निकल गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है जिन्होंने 100 शतक लगाए हैं। कोहली दूसरे मैच में 93 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 102 रन बनाकर आउट हुए।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार तीसरा शतक

कोहली का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह वनडे में लगातार तीसरा शतक है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने वनडे विश्व कप 2023 में नाबाद 101 रन बनाए थे। इसके बाद रांची में 135 रन और अब 102 रनों की पारी खेली। कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में संयुक्त रूप से सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इस मामले में केन विलियमसन की बराबरी कर ली है।

धान की खरीद में पारदर्शिता और बढ़ी सुविधा: भागीरथी साहू

रायपुर/नवप्रदेश। तकनीक.आधारित सुशासन का सीधा लाभ किसानों को मिल रहा है, जिससे धान जैसी फसलों की खरीद में पारदर्शिता और सुविधा बढ़ी है। श्तुंहर टोकन, ऐप जैसी पहलों से घर बैठे टोकन मिल रहा है, जिससे समितियों के चक्कर लगाने और समय बर्बाद होने की समस्या खत्म हो गई है। धमतरी जिले के भटगांव के किसान भागीरथी साहू इसका जीवंत उदाहरण हैं। पहले जहाँ धान विक्रय के दौरान घंटों लंबी कतारों में लगना पड़ता था, वहीं इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए ÷टोकन तुहर हाथ÷ मोबाइल एप ने पूरी प्रक्रिया ही बदल दी है।

खेती-किसानी को बेहतर बनाने में करेंगे प्राप्त धन राशि का उपयोग: साहू ने अपने घर से ही कुछ ही मिनटों में ऑनलाइन टोकन प्राप्त किया। न भीड़ का तनाव, न इंतज़ार, सिर्फ मोबाइल पर कुछ क्लिक और टोकन तुरंत उपलब्ध। वे बताते हैं ÷व्यवस्था पूरी तरह सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक है। टोकन भी आसानी से कट गया और धान बेचने में बिल्कुल भी परेशानी नहीं हुई।÷ इस वर्ष उन्होंने सहकारी समिति केंद्र सोरम में 20 क्विंटल 60 किलो धान विक्रय किया। वे बताते हैं कि पिछले वर्ष भी उन्होंने लगभग इतनी ही मात्रा में धान बेचा था। प्राप्त धनराशि का उपयोग वे परिवार की आवश्यकताओं और खेती-किसानी को बेहतर बनाने में करते हैं।

किसान को सुविधा अनुसार तारीख और समय चुनने का अधिकार

राज्य सरकार का उद्देश्य तकनीक की मदद से किसानों के समय, ऊर्जा और संसाधनों की बचत सुनिश्चित करना है। ऐप के माध्यम से टोकन लेने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है, किसान स्वयं अपनी सुविधा के अनुसार तारीख और समय चुन सकते हैं। इससे केन्द्रों में होने वाली अनावश्यक भीड़ पूरी तरह खत्म हो गई है।

ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव

साहू जैसे किसान न केवल इस व्यवस्था का लाभ उठा रहे हैं, बल्कि गाँव के अन्य किसानों को भी ऐप का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आधुनिक तकनीक और पारदर्शी प्रशासन का यह समन्वय ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। सरकारी नवाचारों की ऐसी सफल पहल यह सिद्ध करती है कि सही दिशा में उठाया गया एक कदम, किसान की पूरी व्यवस्था को अधिक सरल, सुरक्षित और सुगम बना सकता है।

रबी फसलों के लिए फसल बीमा पोर्टल चालू

■ अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने रबी मौसम 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का पोर्टल चालू कर दिया है। यह योजना किसानों को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलभराव, कीट-व्याधि और ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए सुरक्षा कवच प्रदान करती है। पिछले वर्ष रबी सीजन में फसल कटाई प्रयोगों के आधार पर जिले के 28,037 किसानों को 48 करोड़ 62 लाख रुपये की दावा राशि का भुगतान किया गया था। इस वर्ष जिले के 420 से अधिक अधिसूचित ग्रामों के किसान अपनी रबी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तय की गई है।

इस बार गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित, चना, अलसी और सरसों जैसी अधिसूचित फसलों का बीमा किया जा सकेगा। योजना में ऋणी, अऋणी, भू-धारक और बटाईदार सभी प्रकार के किसान शामिल हो सकते हैं। अधिसूचित ग्रामों में अधिसूचित फसल बोने वाला हर इच्छुक किसान इस योजना का लाभ उठा सकता है। प्रीमियम दरों के अनुसार किसानों को प्रति हेक्टेयर गेहूं सिंचित के लिए 690 रुपये, गेहूं असिंचित के लिए 405 रुपये, चना के लिए 645 रुपये, अलसी के लिए 315 रुपये और सरसों के लिए 375 रुपये जमा करने होंगे।

किसान अपने निकटतम बैंक शाखा, ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सेवा सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र या भारत सरकार के बीमा पोर्टल के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं। प्रशासन ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि अंतिम तिथि से पूर्व अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं ताकि किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सके। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान कृषि, राजस्व, बैंक या बीमा कंपनी के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष

किसान हितैषी योजनाओं से सशक्तिकरण और आय में उल्लेखनीय प्रगति

रायपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले में किसानों के विकास के लिए विभिन्न योजनाएँ चलाई जा रही हैं, जिनमें एकीकृत खेती प्रणाली, मूल्य संवर्धन, संसाधन संरक्षण, बागवानी को बढ़ावा और कृषि यांत्रिकीकरण जैसे कदम शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, फसल की पैदावार में सुधार करना और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाना है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से बिलासपुर जिले में किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं ने नए आयाम स्थापित किए हैं। वर्ष 2000 से 2025 के बीच कृषि, सिंचाई, फसल बीमा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं ने किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में प्रगति

वर्ष 2019 में 99 हजार 682 किसानों का पंजीयन था, जो अब 2025 में बढ़कर 1 लाख 55 हजार 366 हो गया है। अब तक 1 लाख 02 हजार 353 किसानों को 20वीं किस्त का लाभ मिला और कुल 2047.06 लाख रुपये वितरित किए गए, इससे किसानों की आय में स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

फसल बीमा में जागरूकता और लाभ

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 2025 में किसानों की संख्या, ऋणी और अऋणी आवेदन तथा बीमित राशि में बढ़त दर्ज की गई। खरीफ सीजन में किसानों की संख्या 11 प्रतिशत, ऋणी आवेदनों में 107 प्रतिशत और बीमित राशि में 23 प्रतिशत बढ़ी। रबी सीजन में भी किसानों की संख्या 44 प्रतिशत और अऋणी आवेदनों में 20 प्रतिशत की बढ़त हुई, इससे स्पष्ट होता है कि किसानों में योजना के प्रति विश्वास और जागरूकता लगातार मजबूत हो रही है।

महिला किसानों का तकनीकी सशक्तिकरण

महिला किसानों को ड्रोन और आधुनिक फसल छिड़काव तकनीक का प्रशिक्षण देकर उन्हें खेतों में तकनीकी दक्षता प्राप्त कराने का अवसर दिया गया। इससे उत्पादन में सुधार हुआ और आधुनिक तकनीक का प्रभाव खेतों तक पहुँचा।

फसल उत्पादन और सिंचाई में विस्तार

किसानों की आय में वृद्धि तथा दलहन-तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान पीएम आशा योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी की जा रही है। दलहन, तिलहन, सब्जी और अन्य फसलों के रकबे में 12 प्रतिशत से 62 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई।

पारदर्शी धान खरीदी नीति बनी किसानों की प्रगति का आधार

■ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों को मिल रहा आर्थिक संबल

■ किसान केशवर सिंह ने धान खरीदी व्यवस्था की सराहना की

बलरामपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों की आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत किसान हितैषी नीति का लाभ गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले के किसानों को मिल रहा है। शासन द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रति एकड़ 21 क्विंटल एवं प्रति क्विंटल 31 सौ रुपये की दर से धान खरीदी करने के निर्णय से किसानों में धान खरीदी को लेकर विशेष उत्साह है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो चुका है।

किसान अपनी उपज के साथ धान खरीदी के लिए उपार्जन केंद्रों में पहुंच रहे है। इसी क्रम में ग्राम सरनाडीह के किसान श्री केश्वर सिंह ने बताया कि शासन की पारदर्शी, धान खरीदी नीति ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया हैं। वे 5.5 एकड़ भूमि पर धान की खेती करते हैं। इस वर्ष 249 बोरी धान की बिक्री हुई है। केश्वर सिंह ने कहा कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य से उनकी वार्षिक आय में वृद्धि हुई है। बढ़ी हुई आय से वे परिवार की आवश्यक जरूरतों की पूर्ति, अगली फसल एवं भविष्य की योजनाओं को सुदृढ़ करने में सक्षम हो रहे हैं। वे बताते है कि पिछले वर्ष 242 बोरी धान बेचा था और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से प्राप्त राशि से बोर खनन करवाया है। जिसका सतत रूप से लाभ ले रहें है। धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर सटीक तौल व्यवस्था तथा पर्याप्त बारदाना जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

सेवा सहकारी सोसायटी गुरुर-बोहारडीह में धान खरीदी की तैयारियों का निरीक्षण

गुरुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर एवं जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के निर्देशानुसार सेवा सहकारी सोसायटी समिति मर्यादित गुरुर-बोहारडीह के धान खरीदी केंद्र में सहयोग एवं समन्वय के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया है। समिति में भूषणपुरी गोस्वामी, रिखीराम साहू, लोकुराम पटेल, हेमलाल ध्रुवे तथा देवलाल साहू को सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

निर्देशों के तहत निगरानी समिति के सदस्य धान खरीदी केंद्र में किसानों को सुगम एवं पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराने में सहयोग देंगे। समिति से अपेक्षा की गई है कि वे शासन के मापदंडों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित कर किसानों के हितों को सर्वोपरि रखें।

कांग्रेस शासनकाल में प्राधिकृत अध्यक्ष रहे भूषणपुरी गोस्वामी ने आज गुरुर समिति पहुँचकर धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बोरा सिलाई में चार की जगह आठ टांके लगाने के निर्देश दिए, जिससे बोरे अधिक सुरक्षित एवं मजबूत रहें। साथ ही धान तौल प्रक्रिया को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप करने पर विशेष जोर दिया।

केंद्र में कार्यरत हमालों की सुविधा का ध्यान रखते हुए भूषणपुरी गोस्वामी द्वारा गुड़ ,एवं अन्य अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई, जिसके लिए हमालों ने उनका आभार व्यक्त किया तथा उनकी संवेदनशील कार्यशैली की सराहना की।

धान खरीदी कार्य में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं किसान हितों की प्राथमिकता को देखते हुए समिति की यह सक्रिय भूमिका सराहनीय मानी जा रही है।

पाली तहसील में अवैध धान जब्ती की कार्रवाई, 600 क्विंटल धान जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कोरबा अजीत वंसत के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली रोहित सिंह के मार्गदर्शन में तहसील पाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मादन स्थित शुभम अग्रवाल के दुकान एवं गोदाम में संयुक्त रूप से दबिश दी गई। इस कार्यवाही में तहसीलदार पाली भूषण सिंह मंडावी, नायब तहसीलदार सुश्री राशिका अग्रवाल, हल्का पटवारी, खाद्य निरीक्षक रविराज पाली और मंडी उपनिरीक्षक दिनेश कुमार व आकाश भारद्वाज कटघोरा उपस्थित रहे। तहसीलदार पाली एवं राजस्व टीम द्वारा मादन स्थित गोदाम एवं दुकान से कुल 1500 बोरी धान जब्त किया गया।

अवैध रेत परिवहन के खिलाफ पाली तहसील प्रशासन की कार्रवाई

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा अजीत वसंत के निर्देशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाली रोहित सिंह के मार्गदर्शन में तहसील पाली क्षेत्रान्तर्गत अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई की गई।

तहसीलदार पाली भूषण सिंह मंडावी एवं नायब तहसीलदार पाली राशिका अग्रवाल के नेतृत्व में हल्का पटवारी तथा राजस्व विभाग की टीम ने गौण खनिज (रेत) का अवैध परिवहन करते हुए 04 ट्रैक्टर-ट्राली को मौके पर पकड़कर थाना प्रभारी पाली के सुपुर्द किया है।

धान खरीदी में सख्ती-कटगोड़ी, मुरमा, जटासेमर और पोंडी में कार्रवाई तेज

■ 75 बोरी धान जब्त, कई किसानों का अमानक धान रिजेक्ट

कोरिया/नवप्रदेश। जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने प्रशासन द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कटगोड़ी धान खरीदी केंद्र और आसपास के क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कई अनियमितताएँ उजागर हुईं।

कटगोड़ी में 40 क्विंटल धान रिजेक्ट प्रबंधक अनुपस्थित: बुधवार को सुबह कटगोड़ी धान खरीदी केंद्र में हुए औचक निरीक्षण में मानक से नीचे गुणवत्ता का लगभग 40 क्विंटल धान रिजेक्ट किया गया। निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक अनुपस्थित पाए गए, जिस पर नोडल अधिकारी को तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्र में बारदाना एवं ढकने हेतु पॉलीथिन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिली।

कटगोड़ी में अवैध भंडारण-75 बोरी धान जब्त: निरीक्षण टीम ने फर्म रुद्र कुमार, मेन रोड कटगोड़ी के गोदाम से अवैध रूप से भंडारित 75 बोरी (30 क्विंटल) धान जब्त कर प्रकरण दर्ज किया । ग्राम मुरमा में किसान विशुन के यहाँ से 45 बोरी धान अवैध रूप से भंडारण पाए जाने पर जप्त किया गया।

जटासेमर 24 बोरी धान रिजेक्ट: झरना पारा धान उपार्जन केंद्र के नोडल अधिकारी श्री कमलेश देवांगन द्वारा खरीदी केन्द्र का आज सुबह औचक निरीक्षण किया, जिसमें किसान नीलकंठ पिता देवनंदन, ग्राम जटासेमर का 24 बोरी धान अमानक पाए जाने पर रिजेक्ट कर वापस लौटा दिया गया।

---

7 प्रकरणों में 16 लाख 36 हजार 800 रूपए मूल्य के 528 क्विंटल (1320 बोरा) अवैध धान जब्त

■ अब तक कुल 138 प्रकरणों में 5 करोड़ 26 लाख 14 हजार 6 रूपए मूल्य के 16972.26 क्विंटल (42431 बोरा) अवैध धान एवं 8 वाहन जप्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा आज कुल 7 प्रकरणों में 16 लाख 36 हजार 800 रूपए मूल्य के 528 क्विंटल (1320 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 138 प्रकरणों में 5 करोड़ 26 लाख 14 हजार 6 रूपए मूल्य के 16972.26 क्विंटल (42431 बोरा) अवैध धान एवं 8 वाहन जप्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार आज राजनांदगांव अनुविभाग में 5 प्रकरण में 12 लाख 95 हजार 800 रूपए मूल्य के 418 क्विंटल (1045 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 2 प्रकरणों में 3 लाख 41 हजार रूपए मूल्य के 110 क्विंटल (275 बोरा) अवैध धान जप्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 57 प्रकरणों में 3 करोड़ 1 लाख 60 हजार 520 रूपए मूल्य के 9729.20 क्विंटल (24323 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 39 प्रकरण में 1 करोड़ 66 लाख 1 हजार 706 रूपए मूल्य के 3439.26 क्विंटल (8598 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 42 प्रकरणों में 1 करोड़ 17 लाख 91 हजार 780 रूपए मूल्य के 3803.80 क्विंटल (9510 बोरा) अवैध धान एवं 4 वाहन जप्त किया गया है। जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जप्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये है।

जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है। जहां पर मंडी, नगर सेना, वन विभाग एवं राजस्व के अधिकारियों द्वारा तीन पालियों में 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है।

समर्थन मूल्य और कृषक उन्नति योजना से किसानों के लिए खुली उन्नति की राह: गोपाल

धान बिक्री की राशि से बनाएंगे नया घर

■ पिछले वर्ष धान बिक्री की प्राप्त राशि से किया कृषि भूमि का विस्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रत्येक किसान अपनी उपज और मेहनत का सही दाम मिले यही उम्मीद रखता है। किसानों की उम्मीद और उनकी उपज का वास्तविक मूल्य देने के लिए राज्य शासन प्रतिबद्ध है। शासन द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। किसानों की वास्तविक उपज को समर्थन मूल्य में खरीदी कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बना रही है। किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, उनके उन्नति के रास्ते खुल गए है।

शासन-प्रशासन द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में मिल रही सुविधाओं और पारदर्शी खरीदी पर जिले के किसान बहुत खुश है।

राजनांदगांव विकासखंड के धान उपार्जन केन्द्र मनकी में ग्राम सुंदरा के किसान श्री गोपाल प्रसाद आज धान खरीदी केन्द्र मनकी में 71 क्विंटल धान बिक्री करने पहुंचे थे। धान बिक्री करने आए ग्राम सुंदरा के किसान श्री गोपाल ने कहा कि समर्थन मूल्य और कृषक उन्नति योजना से किसानों के लिए उन्नति का राह खोल दिया है। खेती-किसानों कार्य से किसानों की आय में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में दूसरी बार ऑनलाईन टोकन कटने के बाद धान बिक्री किया है। उन्होंने बताया कि पहले टोकन में धान बिक्री से उन्हें दो दिवस के भीतर एक मुश्त राशि मिली है। उन्होंने बताया कि उनके पास 18 एकड़ खेती जमीन है। जिसमें वे धान की फसल लिए थे। सोसायटी से खाद-बीज के लिए समय पर ऋण उपलब्ध होने से फसल का अच्छा उत्पादन हुआ है। किसान श्री गोपाल ने बताया कि पिछले वर्ष की धान बिक्री से उन्होंने कृषि भूमि का विस्तार किया था।

WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | राजधानी

रायपुर, गुरुवार, 4 दिसंबर 2025 शुक्ल पक्ष- चर्तुदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 286 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया में लौटे हार्दिक

■ गिल शर्तों के साथ शामिल

नई दिल्ली (वार्ता)। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ दिसंबर से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए बुधवार को भारतीय टीम घोषित हो गई। इस 15 सदस्यीय टीम में शर्तों के साथ शुभमन गिल को भी जगह दी गई है जो टेस्ट सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। हालांकि, बीसीसीआई ने बताया है कि गिल की उपलब्धता सीओई की फिटनेस रिपोर्ट पर निर्भर करेगी। यानी गिल तभी खेलेंगे जब उन्हें पूरी तरह फिट होने की मंजूरी मिलेगी। वहीं, हार्दिक पांड्या की भी टीम में वापसी हुई है जो एशिया कप फाइनल से पहले चोटिल हो गए थे।

टी20 सीरीज का कार्यक्रम

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फिलहाल तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है। रांची में खेले गए पहले मैच में जीत के साथ भारतीय टीम ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। आज दोनों के बीच दूसरा मुकाबला रायपुर में खेला जा रहा है जबकि तीसरे मैच में दोनों टीमें विशाखापत्तनम में आमने-सामने होंगी। इसके बाद दोनों टीमें पांच मैचों की टी20 सीरीज भी खेलेंगी, जिसकी शुरुआत 9 दिसंबर से होगी। पहला मुकाबला कटक में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मैच 11 दिसंबर को न्यू चंडीगढ़ में होगा। इस सीरीज के बाकी तीन मुकाबले क्रमशः 14 दिसंबर, 17 दिसंबर और 19 दिसंबर को धर्मशाला, लखनऊ और अहमदाबाद में खेले जाएंगे।

टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिए अहम है यह सीरीज

टी20 विश्व कप 2026 की तैयारियों के लिहाज से यह सीरीज भारत के लिए अहम है। टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से होगी, जिसका आयोजन भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होगा। कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुआई में टीम इंडिया दक्षिण अफ्रीका पर जीत के साथ तैयारियां तेज करने उतरेगी। इस टीम में दोनों विकेटकीपर बल्लेबाजों को शामिल किया गया है, जिनमें जितेश शर्मा और संजू सैमसन शामिल हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रिंकू को नहीं मिला टी20 टीम में मौका

युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को घोषित की गई भारतीय टी20 टीम में शामिल नहीं किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का यह फैसला प्रशंसकों को रास नहीं आया और अब वह सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

बुमराह की वापसी

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की टी20 सीरीज में वापसी हुई है। इससे पहले उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलते देखा गया था। उनके वर्कलोड को देखते हुए उन्हें तीन वनडे मैचों की सीरीज में आराम दिया गया।

आज बेबाक

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में मौत की खबर झूठी निकली। इस फर्जी खबर ने पाकिस्तान में इमरान के समर्थकों ने उग्र आंदोलन छेड़ दिया था। अब इमरान खान के समर्थकों की शंका दूर हो गई और इमरान की सलामती की खबर से उन्होंने राहत की सांस ली है। इधर भारत के कुछ खबरिया चैनलों के स्टूडियो में मातम पसर गया है जो लगातार इमरान खान के साथ अनहोनी होने की आशंका जता रहे थे। गनीमत है कि किसी चैनल ने धर्मेन्द्र की मौत की तरह ही इमरान के मरने की झूठी खबर नहीं दिखाई।

इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्द होने की घटनाओं पर डीजीसीए सख्त

नई दिल्ली(वार्ता)। देश की विमानन नियामक संस्था नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो एयरलाइन की उड़ानों में लगातार हो रही देरी और रद्दीकरण को लेकर जांच शुरू कर दी है। डीजीसीए ने कहा है कि वह स्थिति की बारीकी से समीक्षा कर रही है और ऐसे कदमों पर विचार कर रही है, जिनसे यात्रियों को हो रही असुविधा कम हो सके।

इंडिगो से डीजीसीए ने मांगा पूरा विवरणः डीजीसीए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि इंडिगो को निर्देश दिया गया है कि वह मौजूदा व्यवधानों की वजहों का पूरा विवरण पेश करे। इसके साथ ही एयरलाइन से यह भी पूछा गया है कि वह स्थिति में सुधार के लिए क्या कदम उठा रही है।

मूसलाधार बारिश की मार से तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र बेहाल...

तमिलनाडु (वार्ता)। तटीय तमिलनाडु और राज्य के कुछ आंतरिक हिस्सों में बुधवार को भारी बारिश हुई। इसके साथ ही भारी बारिश की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने आज कई जिलों में स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश की घोषणा की है। चेन्नई और पड़ोसी तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टू और कांचीपुरम जिलों में भारी बारिश हुई, जिससे आवासीय क्षेत्रों और मुख्य सड़कों पर अचानक जलभराव हो गया। चेन्नई के उपनगरीय क्षेत्र रेड हिल्स में नौ लोगों को अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग के कर्मियों ने नावों के माध्यम से बचाया और राहत शिविरों में ठहराया।

ट्रम्प ने इजरायल से सीरिया से बातचीत जारी रखने का किया आग्रह

वाशिंगटन (वार्ता) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के नेतृत्व में सीरिया की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया है तथा इजरायल और सीरिया के बीच मजबूत बातचीत जारी रखने के महत्व पर बल दिया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका सीरिया के विकास में सहयोग के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है तथा उन्होंने देश पर लगे बहुत कड़े एवं कठोर प्रतिबंधों को हटाने के अपने निर्णय की सराहना की। ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में, ट्रम्प ने मध्य पूर्व में शांति के ऐतिहासिक अवसर पर बल दिया और सीरिया के एक समृद्ध राष्ट्र के रूप में उभरने की बात की। उन्होंने सीरिया और इज़रायल के बीच दीर्घकालिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रपति अल-शरा के प्रयासों की सराहना की। अमेरिका इजरायल और सीरिया के बीच वार्ता में मध्यस्थता कर रहा है और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ट्रम्प के साथ क्षेत्रीय शांति समझौतों पर चर्चा कर रहे हैं।

गरमा-गरम

मंत्रिपरिषद के निर्णय

उपभोक्ताओं को बिजली बिल में रियायत लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों से क्रय को प्रोत्साहन

■ जेम पोर्टल में क्रय की स्पष्टता के लिए संशोधन किए जाएंगे

रायपुर/नवप्रदेश। विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में राज्य के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में रियायत देने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान - राज्य के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत देने के लिए मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान राज्य में 01 दिसम्बर 2025 से लागू है, जिसके तहत घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 100 यूनिट से बढ़ाकर अब 200 यूनिट प्रति माह तक बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। यह लाभ 400 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं को भी मिलेगा। राज्य में 200 से 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को अगले एक वर्ष तक 200 यूनिट तक, बिजली बिल में 50 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा, इससे 6 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, ताकि इस अवधि में वे अपने घरों में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर प्लांट स्थापित करा सके। इस तरह मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान से प्रदेश के 42 लाख उपभोक्ता लाभान्वित होंगे, वहीं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का लाभ प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं को मिलेगा। गौरतलब है कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राज्य शासन की ओर से सब्सिडी दी जा रही है, जिसके तहत 1 किलोवॉट क्षमता के सोलर प्लांट पर 15,000 रुपये तथा 2 किलोवॉट या उससे अधिक क्षमता के प्लांट पर 30,000 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी जा रही है। यह व्यवस्था राज्य में सौर ऊर्जा अपनाने को प्रोत्साहित करेगी और आने वाले समय में उपभोक्ताओं को हाफ बिजली से फ्री बिजली की ओर ले जाएगी।

प्रतिस्पर्धा को बढावा मिलेगा

छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम, 2002 में स्थानीय लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों से क्रय को प्रोत्साहन देने तथा जेम पोर्टल में क्रय की स्पष्टता के लिए संशोधन किए जाने का निर्णय लिया गया। इन संशोधन से क्रय प्रक्रिया का सरलीकरण होगा, पारदर्शिता में वृद्धि होगी, प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा तथा समय और संसाधनों की बचत होगी। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) (संशोधन) विधेयक, 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 (क्र. 21 सन् 2018) में संशोधन हेतु छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना संशोधन विधेयक, 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के रिफॉर्म्स और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

जवानों -नक्सलियों में मुठभेड़

दंतेवाड़ा- बीजापुर की सीमा में 12 नक्सली ढेर, 3 जवान शहीद

जगदलपुर/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा और बीजापुर सीमा से लगे भैरमगढ़ क्षेत्र के केशकुतुल के जंगलों में सुबह से नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो रही है। एनकाउंटर में 12 माओवादियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। मुठभेड़ में डीआरजी के 3 जवान शहीद हो गए हैं, जबकि एक अन्य जवान घायल है जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जंगल में बड़ा सर्च ऑपरेशन जारी है, मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि आज सुबह दंतेवाड़ा से टीम निकली थी जहां बीजापुर की सीमा भैरमगढ़ के केशकुतुल में जवानों और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है।

बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच बटालियन के बारसे देवा, पापाराव, केसा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए बनाए गए अनुकूल माहौल के बाद एक बार फिर से सुकमा बीजापुर दंतेवाड़ा जैसे जिलों में जॉइंट ऑपरेशन को तेज कर दिया गया है। बीते दिनों देवा समेत पापाराव, केसा, चैतू के आत्मसमर्पण की चर्चा तेज थी जिसके बाद चैतू अपने 10 साथियों के साथ जगदलपुर में आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके बाद भी सुरक्षा एजेंसियों ने देवा समेत तमाम नक्सलियों के आत्मसमर्पण के लिए जंगलों में अनुकूल माहौल बनाए रखा। इसके तहत जंगलों में ऑपरेशन और किसी भी तरह की गतिविधियां नहीं की गई। लेकिन 15 दिनों के अनुकूल माहौल के बावजूद जब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महतारी वंदन योजना की 22वीं किस्त जारी

67 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में पहुंचे 635 करोड़

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को गति देने वाली राज्य सरकार की प्रमुख योजना महतारी वंदन के तहत आज 22वीं किस्त का भुगतान मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि महतारी वंदन योजना हमारी माताओं और बहनों के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाएँ परिवार, समाज और राज्य की उन्नति की आधारशिला हैं, और उनका सशक्त होना एक सशक्त प्रदेश की अनिवार्य शर्त है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि प्रति माह सीधे बैंक खातों में राशि अंतरण होने से माताओं को न केवल आर्थिक संबल मिलता है, बल्कि परिवार

की पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने में भी सुनिश्चित सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र हितग्राही इस सहायता से वंचित न रहे तथा पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ योजना का लाभ निरंतर मिलता रहे। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि महतारी वंदन योजना आने वाले समय में लाखों परिवारों के जीवन में स्थायी सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगी और छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा को नई ऊर्जा देगी। गौरतलब है ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार ने संचार साथी एप के प्री-इंस्टॉलेशन की अनिवार्यता हटाई

■ कहा-इसकी स्वीकार्यता बढ़ रही

नई दिल्ली(वार्ता)। संचार साथी एप कर केंद्र सरकार का बड़ा बयान सामने आया है। सरकार ने फोन में इस एप के प्री-इंस्टॉलेशन को जरूरी नहीं बताया है। दूरसंचार मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट जारी कर इस एप की प्री-इंस्टॉलेशन की अनिवार्यता को हटाने की जानकारी दी है।

मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में कहा, सभी नागरिकों को साइबर सुरक्षा का लाभ देने के उद्देश्य से सरकार ने सभी स्मार्टफोन्स में संचार साथी एप को प्री-इंस्टॉल करना अनिवार्य किया था। यह एप पूरी तरह सुरक्षित है और इसका मकसद सिर्फ नागरिकों को साइबर दुनिया के अपराधियों से बचाना है... संचार साथी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, सरकार ने

मोबाइल निर्माताओं के लिए इसे अनिवार्य प्री-इंस्टॉलेशन न करने का फैसला लिया है।

राजभवनों का नाम लोक भवन करने के कदम पर सरकार-विपक्ष में जुबानी जंग, टीएमसी सांसद पर भड़के नड्डाः। राज्यसभा में बुधवार को शून्यकाल के दौरान राजभवनों के नाम बदलकर लोक भवन करने के फैसले को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जबरदस्त जुबानी जंग छिड़ गई। दरअसल, सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद तृणमूल कांग्रेस की सांसद डोला सेन ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के 25 नवंबर के निर्देश का मुद्दा उठाया, जिसमें सभी राजभवनों का नाम बदलकर लोक भवन करने की बात थी।

राज्यसभा में बहस के दौरान सेन ने कहा, सबसे पहले तो हम कहना चाहेंगे कि न संसद, न विधानसभा और न ही मंत्रिमंडल को इसकी जानकारी है। वे आपसे भी इस पर चर्चा नहीं कर रहे हैं, सर। हालांकि, मामला तब तनावपूर्ण हो गया जब सेन ने मनरेगा सहित अन्य मुद्दे उठाने शुरू किए, जिस पर सभापति ने दखल देते हुए कहा कि विषय से हटकर की गई टिप्पणियां रिकॉर्ड में नहीं जाएंगी।

सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने टीएमसी सांसद के मुद्दे से भटकने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, आपने उन्हें शून्यकाल में राजभवन का नाम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

श्रेष्ठ लोक सेवक बने... मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं, लोकहित में कार्य करने की दी सीख

सीएम साय से पीएससी 2024 के टॉप 10 अभ्यर्थियों ने की सौजन्य भेंट

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विगत दिवस राजधानी रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2024 के टॉप 10 अभ्यर्थियों ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने सभी चयनित अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को सफलता के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर और राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आपको हमेशा यह भी याद रखना होगा कि आगे आपकी भूमिका लोकसेवक की होगी। आपको अपने दायित्वों के निर्वहन में धैर्य, विनम्रता और लोक सेवक की सीमाओं का हमेशा ध्यान रखना होगा। आम जनमानस में प्रशासन का विश्वास कायम रखने की दिशा में आप सभी को संवेदनशीलता से प्रयास करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा को पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित करने का निर्णय लिया है और वह परीक्षा परिणामों में साफ नजर आ रहा है। टॉपर विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए जिम्मेदारी का नया अध्याय है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ जनता की सेवा करेंगे और प्रदेश के विकास में योगदान देंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली

मुख्यमंत्री साय ने विद्यार्थियों से उनकी तैयारी के अनुभव, परीक्षा के दौरान आने वाली चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के कारण विद्यार्थियों ने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन हम सबके लिए गर्व की बात

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2024 में प्रदेश के युवाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन हम सबके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

सुविचार

आपकी दृष्टि अच्छी है तो आपको दुनिया सुंदर लगेगी और आपकी वाणी अच्छी है तो आप दुनिया को सुंदर लगेंगे। - अज्ञात

टूट की कगार पर महागठबंधन

बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की करारी हार ने अब महागठबंधन को टूट की कगार पर पहुंचा दिया है। राष्ट्रीय जनता दल चुनाव में मिली पराजय के कारणों की समीक्षा कर रहा है और इस नतीजे पर पहुंचा है कि महागठबंधन को इतनी शर्मनाक हार मिलने की एक वजह कांग्रेस पार्टी भी है। जिसने ज्यादा सीटें ली और सिर्फ छह सीटों पर ही जीत दर्ज कर पाई। राष्ट्रीय जनता दल के वोट तो कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को ट्रांसफर हो गये लेकिन कांग्रेस के वोट राष्ट्रीय जनता दल को नहीं मिल पाये। अब राजद वालों को भला कौन समझाये कि बिहार में कांग्रेस के वोट ही कितने हैं जिसे वह ट्रांसफर करवाती। कांग्रेस ने तो आधा दर्जन सीटें जीतने में जो सफलता पाई है वही उनके लिए बड़ी उपलब्धि है। बिहार में एनडीए की जो सुनामी चली थी उसमें कांग्रेस का खाता खुलना ही बहुत बड़ी बात है। बहरहाल महागठबंधन की हार के लिए अब राष्ट्रीय जनता दल जहां कांग्रेस के सिर पर ठिकरा फोड़ रहा है वहीं कांग्रेस के नेता इस पराजय के लिए राष्ट्रीय जनता दल और तेजस्वी यादव को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। कांग्रेसी नेताओं का मानना है कि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करना महागठबंधन की बड़ी भूल थी और इसी वजह से महागठबंधन को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है। वामपंथी पार्टियों के नेता भी तेजस्वी यादव पर ही निशाना साध रहे हैं। ऐसे में बिहार में महागठबंधन के टूटने की स्थिति पैदा हो गई है। राष्ट्रीय जनता दल के जो 25 विधायक जीते हैं उनमें से भी कुछ के पाला बदलने की अटकलें लगाई जा रही हैं। कांग्रेस के विधायक भी जदयू में शामिल होने के लिए छटपटा रहे हैं। जदयू अपने विधायकों की संख्या बढ़ाना चाहता है ताकि वह बिहार में सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन सके। एनडीए को तो वहां 202 सीटों का प्रचंड बहुमत मिला हुआ है इसलिए उसे राजद या कांग्रेस के विधायकों की कोई जरूरत नहीं है लेकिन जदयू अपनी सीटें बढ़ाने का इच्छुक है ताकि नीतीश कुमार पूरे पांच साल तक मुख्यमंत्री पद पर बने रहें। कुल मिलाकर बिहार में महागठबंधन की गांठे खुलने का खतरा पैदा हो गया है और इसका असर बिहार के पड़ौसी राज्य झारखंड़ पर भी पड़ने लगा है। महागठबंधन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा को बिहार में प्रतिनिधित्व नहीं दिया था जबकि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महागठबंधन को झारखंड में हिस्सेदारी दी थी। अब हेमंत सोरेन भी पाला बदलने की फिराक में बताये जा रहे हैं। ऐसी अटकलें लगाई जा रही है। कि वे राजद और कांग्रेस से किनारा करके भाजपा के साथ मिलकर झारखंड में सरकार चलाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो यह राष्ट्रीय जनता दल और महागठबंधन के लिए करारा झटका साबित होगा।

वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

देश की राजधानी नई दिल्ली और एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। वायु प्रदूषण संकट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर हम हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकते। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए निर्देश दिया है कि सरकार एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दाखिल करके वस्तु स्थिति से कोर्ट को अवगत कराये। अब 10 दिसंबर को इसकी सुनवाई करेगा। गौरतलब है कि हर ठंड के मौसम में नई दिल्ली में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है और पूरी दिल्ली एक गैस चैंबर के रूप में तब्दली हो जाता है। नतीजतन लोगों का खुली हवा में सांस लेना भी दूभर हो जाता है। नई दिल्ली में प्रदूषण संकट से निपटने के लिए नई दिल्ली सरकार जो भी प्रयास करती है वह ऊंट के मुंह में जीरा के समान होता है। राज्य सरकार इसके लिए कभी वाहनों की बढ़ती संख्या को तो कभी पड़ौसी राज्यों के किसानों द्वारा पराली जलाये जाने को कारण बताकर अपने कत्वर्य की इतिश्री कर लेती है। प्रदूषण की विकट समस्या के समाधान के लिए कोई दीर्घकालीक योजना नहीं बनाई जाती। यही वजह है कि साल दल साल नई दिल्ली में प्रदूषण की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में भी विपक्ष नई दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को पूरजोर ढंग से उठाने जा रहा है और अब सुप्रीम कोर्ट ने भी कठोर रूख अख्तियार किया है इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए की इस समस्या का समाधान ढूंढा जाएगा।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ शरीर के रोग तो आते-जाते रहते है पर मन का रोग लग गया तो जल्दी जाता नहीं है, जब तक स्वयं का जीवन नर्क न कर ले तब तक यह मानसिक रोग जाता नहीं है इसीलिए शारीरिक रोगी तुम्हरे मित्र मिल जाए तो बना लेना पर मानसिक रोगी कोई मिले तो बाप-बाप करके दूर रहना उनसे। शरीर वाला तो एक दिन ठीक हो जायेगा पर मानसिक रोगी जल्दी ठीक नहीं होते।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)।1859 मेकटेब-ए मुल्कियाय स्कूल ओटोमन साम्राज्य में स्थापित किया गया। 1872 अमेरिकी ब्रिगेंटाइन मैरी सेलेस्टे को स्पष्ट रूप से उन परिस्थितियों में छोड़ दिया गया था जो आज तक अज्ञात हैं। 1881 लॉस एंजिल्स टाइम्स का पहला संस्करण में प्रकाशित किया गया। 1899 पहली बार टाइफ़ाइड का टीका मनुष्य को इस बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए प्रयोग किया गया। 1909 पहला ग्रे कप खेल, कैनेडियनफुटबॉल लीग का चैम्पियनशिप खेल आयोजित किया गया था। 1909 दुनिया के सबसे पुराने पेशेवर आइस हॉकी क्लब मॉन्ट्रियल कैनाडीन्स को राष्ट्रीय हॉकीअभियान के चार्टर सदस्य के रूप में स्थापित किया गया था। 1937 के फ्रांसिस अभिनीत राजनीतिक नाटक फिल्म फर्स्ट लेडी जारी की गई। 1943 वर्क्स प्रोग्रेस एडमिनिस्ट्रेशन समाप्त हो गया है। इसे 1930 के दशक में ग्रेट डिप्रेशन की अवधि के दौरान रोजगार प्रदान करने के लिए बनाया गया था। 1952 इंग्लैंड में स्मॉग की घनी परत के छा जाने के कारण हजारों लोगों की जान चली गई थी। 2004 पेरू की मारिया जूलिया मांतिला गार्शिया को मिस वर्ल्ड 2004 चुना गया।

योगेश कुमार गोयल

भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े में दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत के अलावा अनेक अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट, वॉरफेयर शिप, सबबमरीन तथा अन्य सैन्य साजो-सामान हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं। बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिन्द महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टैक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तानी नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

भारत की नीली सीमाओं की अजेय प्रहरी भारतीय नौसेना

भारतीय नौसेना के पराक्रम की अमर गाथा

प्रतिवर्ष 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना के जांबाजों को याद करते हुए 'भारतीय नौसेना दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 3 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तानी नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।

भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया था और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तानी नौसेना की कमर टूट गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई।

भारतीय नौसेना दिवस पर विशेष

नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरुआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफइंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रुप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफबने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरूणः' अर्थात् जल के देवता वरूण हमारे लिए मंगलकारी रहें।

भारतीय नौसेना 4 दिसंबर 2025 को तिरुवनंतपुरम के शंगुमुघम बीच पर नौसेना दिवस को भव्य और अद्वितीय ऑपरेशनल प्रदर्शन के रूप में मना रही है। यह आयोजन न केवल 1971 के ऐतिहासिक युद्ध विजय को स्मरण करेगा बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की उभरती सामरिक शक्ति और बढ़ते समुद्री प्रभाव का भी प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर सतह पोतों, पनडुब्बियों और हवाई युद्धक क्षमताओं का शानदार संगम देखने को मिलेगा, जो नौसेना की बहु-क्षेत्रीय तत्परता और सटीक सैन्य संचालन की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। पूरे प्रदर्शन का केंद्रबिंदु आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना होगी। स्वदेशी जहाजों, हथियार प्रणालियों और तकनीकी प्लेटफॉर्म की प्रस्तुति यह स्पष्ट संदेश देगी कि भारतीय नौसेना 'मेक इन इंडिया' की आत्मा को वास्तविक शक्ति में बदल रही है। यह आयोजन न केवल तकनीकी उत्कृष्टता, संसाधन क्षमता और ऊर्जावान रणनीतिक सोच का परिचायक बनेगा बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत को 'पसंदीदा सुरक्षा साझेदार' के रूप में स्थापित करने की नौसेना की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगा। यह भव्य प्रदर्शन उन वीर पुरुषों और महिलाओं को नमन है, जो अनुशासन, साहस और राष्ट्रनिष्ठा के साथ समुद्री सीमाओं की रक्षा करते हैं। यह भारतीय नौसेना को एक आधुनिक, आत्मनिर्भर और युद्ध के लिए सदा तत्पर बल के रूप में स्थापित करने का सशक्त घोष है।

भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए 'ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम 'ईस्ट इंडिया मरीन' से बदलकर 'बॉम्बे मरीन' कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था।

वर्ष 1892 में इसका नाम 'रॉयल इंडियन नेवी' रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) कर दिया गया।

डॉ. प्रवीण गुगनानी

भारत राष्ट्र की, जन-मन की विश्वबोध क्षमता के प्रकटीकरण, विश्वगुरु बनने के मार्ग पर अग्रसर होने के मध्य निश्चित ही यह चिंतनीय प्रस्ताव और यह मांगपत्र स्वयं में एक प्रकाशस्तम्भ की भाँति समाज का मार्ग आलोकित कर रहा है। साहित्य परिषद् ने भारत सरकार से, राज्य सरकारों से माँग की है कि 1. ओ टी टी प्लेटफॉर्म एवं गेमिंग एप्पस पर प्रसारित होने वाली प्रत्येक सामग्री के परीक्षण, नियमन, और वर्गीकरण हेतु शासन द्वारा एक सशक्त, स्वायत्त विधायी नियामक संस्था का गठन किया जाए। 2. डिजिटल माध्यमों में प्रस्तुत किसी भी दृश्य संवाद याविवार को भारत की संविधानिक गरिमा, धार्मिक आस्था, सातकृतिक मूल्यों या सामाजिक मर्यादा और सनातन परंपरा को आहत करते हों, उन पर कड़ी निगरानी रखी जाए। 3. किशोरों और युवाओं के लिए उपयुक्त सामग्री के आयु आधारित नियंत्रण तंत्र को अनिवार्य बनाया जाए।

ओटीटी की अश्लीलता - साहित्य परिषद् व सर्वोच्च न्यायालय गंभीर

नवम्बर माह में विमर्श क्षेत्र में दो बड़ी घटनाएँ घटी। दोनों अति महत्वपूर्ण हैं और दोनों ही में गहन अंतरसंबंध है।

घटना एक - नवंबर प्रारंभ मे अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ने अपने 17 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित हो रही अश्लील, संस्कृति विरोधी सामग्री के विरुद्ध अपनी चिंता प्रकट की और इसके विरुद्ध एक प्रस्ताव पारित कर राष्ट्र के शासन, प्रशासन, जनता के समक्ष अपनी चिंता को प्रकट किया है।

अभासाप अर्थात् राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संवैचारिक संगठन, अखिल भारतीय साहित्य परिषद्। यह संगठन भारत में जन्मी सभी भाषा, बोलियों, लिपियों के सरंक्षण, संवर्धन, संवरण का कार्य करता है। अपने षष्ठिपूर्ति वर्ष की ओर बढ़ रहे इस संगठन का ताप, व्याप और आलाप समूचे विश्व में देखा-सुना जा सकता है।

घटना दो - नवम्बर के अंत में ही, देश के उच्चतम न्यायालय ने भी भारतीय ओटीटी नियमन, इस पर प्रसारित हो रही अश्लीलता व मूल्यहीनता पर चिंता प्रकट की है।

भारतीय समाज जैसे संज्ञावान, प्रज्ञावान समाज में ऐसी स्थिति बनी ही क्यों? इस प्रश्न का उत्तर स्वयं समाज को खोजना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और संघ के संवैचारिक संगठन समाज की किसी भी समस्या के सदंर्भ में एक सीमा तक चुप ही रहते हैं किंतु समाज में 'असंगत घटनाओं' के संदर्भ में अदृश्य रूप से विमर्श अवश्य जागृत करते रहते हैं। जब इस विमर्श से भी काम नहीं चलता एवं समाज जागृत नहीं होता है तब ही संघ या संघ के संवैचारिक संगठन सार्वजनिक रूप से किसी कार्य के सूत्रों को अपने हाथों में लेते हैं। ऐसी स्थिति में भी संघ सूत्रधार तो रहता है किंतु उसे नेपथ्य में ही रहना रुचिकर लगता है। इस हेतु से

ही साहित्य परिषद् ने ओटीटी की अश्लीलता, गेमिंग एप्स के घातक परिणामों के प्रति समाज जागरण का यह कार्य प्रारंभ किया है।

ये दोनों ही घटनाएँ एक स्वस्थ, संपन्न, व समृद्ध राष्ट्र हेतु एक शुभ लक्षण हैं। यद्यपि इस प्रकार का प्रसारण प्रारंभ ही नहीं होना चाहिए था। अब शीघ्र ही बंद हो ही जाना चाहिए।

साहित्य परिषद् ने समाज में भौतिकता वादी शक्तियों, बाजारवाद, ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की नकारात्मकता, समाज विरोधी स्वरूप, जीवन मूल्य विहीन प्रसारण आदि पर अपनी चिंता, राष्ट्र के समक्ष प्रकट की है।

साहित्य परिषद् ने मनोरंजन के नाम पर प्रसारित इस गंदगी को अत्यंत लज्जास्पद एवं निंदनीय बताया है। परिषद् ने चेताया है कि, ये सामग्री युवावर्ग और बालमन व मस्तिष्क में उग्रता, अश्लीलता, विकृत यौनाचार और नशाखोरी जैसे दुराचारों को महिमा मंडित कर उन्हें अधोपतन की ओर अग्रसित कर रही है। इन माध्यमों में प्रदर्शित अधिकांश दृश्य व सामग्री नकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वाली होती है।

साहित्य परिषद् ने ओटीटी के माध्यम से चल रहे गेमिंग एप्स और उससे बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति को भी राष्ट्र के संज्ञान में लाया है। परिषद् ने अपने पारित प्रस्ताव में ओटीटी पर प्रसारित होने वाली अधिकांश सामग्री को भारतीय जीवन मूल्यों

पर आघात करने वाली, राष्ट्र के स्वरूप व छवि को विकृत करके प्रस्तुत करने वाली सामग्री बताते हुए अपनी चिंता प्रकट की है। परिषद् ने कहा है कि ऐसी सामग्री का अनियंत्रित प्रसारण समाज एवं राष्ट्र जीवन के लिए अत्यधिक घातक है।

विगत कुछ वर्षों में भारत राष्ट्र में 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' के नाम पर कुछ भी वितंडा उत्पन्न किए जा रहे हैं। 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' के पश्चिम कुबोध ने या यूँ कहे कि इसकी 'पश्चिमी प्रेत छाया' ने भारत में अभिव्यक्ति के अर्थों को पुनर्परिभाषित की आवश्यकता इंगित कर दी है। अब समाज इस अभिव्यक्ति को पुनर्परिभाषित करे या यूँ ही ओटीटी पर अश्लीलता व ऑनलाइन गेमिंग से बर्बाद होती अपनी पीढ़ी के प्रति आँखे मूँदे रहे; यही दो मार्ग हैं। एक मार्ग चुनना है, विकास या विनाश; यही युगधर्म है।

इस अनुरूप साहित्य परिषद् ने कहा है - "अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि समाज की गरिमा और नैतिकता को नष्ट करने की छूट दी जाए। स्वतंत्रता और अनुशासन, सूजन और मर्यादा, ये दोनों एक दूसरे के पूरक हैं।"

साहित्य परिषद् ने अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में आगामी तीन वर्षों हेतु 'आत्मबोध से विश्वबोध' पर चिंतन, मनन, अध्ययन का वैचारिक मार्ग निश्चित किया है। आत्मबोध करते हुए ही यह विकृति ध्यान में आती है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आप काम बढ़िया

आप काम बढ़िया कर रहे जनता दिल खोल के वोट दे रही तो फिर संचार साथी एप को प्री इंस्टाल जरुरी क्यों ? आखिर किस बात का डर है अपनी ही जनता से जो उनके मोबाइल को जबर्दस्ती निगरानी में रखना ? 11 सालो में न सायबर फ्राड ठीक से बन्द करा पाये न ही डिजिटल धोखाधड़ी अपनी नाकामी छुपाने यदि संचार साथी एप को प्री इंस्टाल करके उसे जनता को डिलीट करने का ऑप्शन नही दिया जाएगा तो सरकारी निगरानी की आशंका बनेगी ही मन मे आज सिंधिया ने सदन में जो कहा उसे आदेश रूप में जारी करें क्योंकि सदन में कुछ और हकीकत में अलग ये तो 11 सालों से दिख ही रहा है। - **संत आर थवाइत**

बनाया अक्स रब

बनाया अक्स रब ने है मुकम्मल प्यार में ढलकर गुजारी उम्र हमने भी किसी किरदार में ढलकर नुमाइश मुस्कुराहट की रहे पोशीदा दर्द-ए-दिल 'तनुज' ने लिख दिए जज्बात-ए-दिल अशआर में ढलकर। - **सतीश मैथिल तनुज**

हम नसीहत से मिल नहीं पाये एक

हम नसीहत से मिल नहीं पाये एक जिद्दत से मिल नहीं पाये दिल नहीं हाथ हम मिलाते रहे हम मुहब्बत से मिल नहीं पाये वक़्त के चाक पर हैं घूम रहे अपनी चाहत से मिल नहीं पाये रोज़ सजदा खुदा की करते हैं हम ज़रूरत से मिल नहीं पाये झूट की राह पर हैं अक्सर लोग क्यूँ सदाक़त से मिल नहीं पाये आप रहते मेरे ही दिल में हैं मुझसे मुद्दत से मिल नहीं पाये रोज़ रहते हैं एक घर में जो वो सख़ावत से मिल नहीं पाये क्या कहें दर्द आपसे 'ऐनुल' हम तो शिद्दत से मिल नहीं पाये। -**'ऐनुल' बरौलवी**

टपकती छत को देख कर पानी की क़ीमत

टपकती छत को देख कर पानी की क़ीमत ना रही!! सुखी आँखों में अब छलकने की हिम्मत ना रही!! झोपडी से गुजरती हवा की सिंहरन, कानों में मेरे कुछ यु कह गयी!! ये वक़्त की बात है वक़्त किसी के ना साथ हैं!!

- मोनिका शर्मा

जो उदार और सहिष्णु थे वे सक्षम नहीं थे

जो उदार और सहिष्णु थे वे सक्षम नहीं थे अपने औदार्य और करुणा से विवश वे लोग और भी असक्षम होते गए. जो सक्षम और समर्थ थे वे क्रमशः घटियापन की सारी सीमाएं लांघ गए. जिन्होंने अन्यों की आर्द्र करुणा को स्वयं का अधिकार समझा वे परजीवी पुष्ट होकर फूलते फलते रहे। कृतघ्नों की ढिठाई चरम पर थी अपने आश्रय का दोहन करते वे, अश्लीलता पे इतराते थे। - **आरती तिवारी**

सुबह सुबह ईश्वर का नाम लेने से भले

सुबह सुबह ईश्वर का नाम लेने से भले ही आपके जीवन में कोई परिवर्तन न हो लेकिन आपके आत्मबल में वृद्धि अवश्य होती है। मन को मजबूती मिलती है। अकेले पड़े इंसान को भी ऐसा लगता है कि कोई उसके साथ खड़ा है। कोई सहारा देकर उसे आगे बढ़ा रहा है। इसलिए अपने इष्ट का नाम जरूर लेना चाहिए। ईश्वर सबका एकमात्र अंतिम सहारा है।

- प्रियंका प्रियदर्शनी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप अपने हास्य भरे व्यवहार से आस पास का वातावरण खुशनुमा बनाएंगे।

वृषः आज का दिन आपकी आशाओ के विपरीत रहने वाला है।

मिथुनः आज का दिन भी आपके धन कोष अथवा अन्य सुख के साधनों में वृद्धि करेगा। कार्य व्यवसाय में पहले से चल रही योजना फलीभूत होने से धन की आमद होगी।

कर्कः आज का दिन सिद्धिदायक है लेकिन आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी योजना बनाकर ही करें।

सिंहः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। पूर्व में किये शुभकर्मों का फल आज किसी ना किसी रूप में अवश्य मिलेगा।

कन्याः आज आप दिनभर शारीरिक समस्या से जूझेंगे मौसमी बीमारियों का प्रकोप परिवार के सदस्यों को भी प्रभावित करेगा।

तुलाः आज आप अपनी व्यवहार कुशलता से बिगड़े कार्यो को भी बनाने की क्षमता रखेंगे। खान-पान संयमित रखें सेहत खराब हो सकती है।

वृश्चिकः आज के दिन आप दैनिक कार्यो में व्यस्त रहेंगे। आकस्मिक कार्य आने से यात्रा अथवा अन्य आवश्यक कार्य निरस्त करने पड़ेंगे।

धनुः आज आपको पूर्व में की किसी गलती अथवा आचरण का अफसोस होगा गलती मान लेने पर आपसी मतभेद शांत होंगे। आरोग्य अच्छा रहेगा।

मकरः आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह है। दिन के आरंभ से ही मन मे अकारण क्रोध रहेगा।

कुंभः आज आपको अपनी बुद्धि चातुर्य पर गर्व रहेगा। दिनचार्य संयमित ना रहने से सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

मीनः आज का दिन साधारण रहेगा आज आप अपनी व्यक्तिगत उलझनों के कारण अन्य लोगो को परेशान करेंगे।

सूर्योदय : 07:04, सूर्यास्त : 05:29, चन्द्रोदयः : 15:35, चन्द्रास्तः :30:07, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतुः : हेमन्त, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : कृत्तिका, योग : शिव, प्रथम करण : तैतिल (12:25 तक), द्वितीय करण : गर (22:33 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : वृष (23:14 से), मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम , मार्गी), बुध : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), शुक्र : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी),शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) टी हॉर्स रोड ने चीन को किन दो प्रमुख क्षेत्रों से जोड़ा था?

2) फेस्टिवल ऑफ लेटर्स 2025 कहां आयोजित किया गया था?

3) एशिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर वार्षिक व्यापार मेला बाली जात्रा हाल ही में कहां शुरू हुआ है?

4) दुनिया का सबसे बुद्धिमान जानवर किसे माना जाता है?

5) एक नई मांसाहारी कैटरपिलर, जिसे बोन कलेक्टर कहा जाता है, हाल ही में किस स्थान पर खोजी गई है?

उत्तरमाला- (1) तिब्बत और भारत (2) नई दिल्ली (3) कटक (4) चिम्पांजी (5) हवाई द्वीप

कार्टून

गोलीकांड के आरोपी करण के घर पर चला बुलडोजर

■ अवैध कब्जा कर बनाया था मकान

■ बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही

भिलाई/नवप्रदेश। गोलीकांड मामले के मुख्य आरोपी करण साव के अतिक्रमण पर बुधवार को सुबह नगर निगम ने बुलडोजर चला दिया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में निगम की टीम ने अवैध कब्जा कर बनाए गए मकान को ढहा दिया। कैंप-2 में करण साव ने अवैध कब्जा कर घर बनाया था। आरोपी करण साव ने 14 नवंबर की शाम झारखंड से शूटर बुलवाकर विकास प्रजापति पर फायरिंग कराया था। फायरिंग में विकास प्रजापति बाल-बाल बच गया। इस मामले में पुलिस ने करण साव, झारखंड के शूटर सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद 21 नवंबर को नगर निगम द्वारा करण साव के अतिक्रमण को हटाने नोटिस जारी किया गया। समय पर अतिक्रमण न हटाने के कारण बुधवार को सुबह बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण को तोड़ दिया गया। करण साव के परिजन सूरज कुमार ने कहा कि नगर निगम ने कब्जा हटाने के लिए 21 नवंबर को करण साव के परिजनों के नाम से नोटिस घर के बाहर चस्पा किया था। आज बुलडोजर चला दिया गया है। यहां पर सभी का अवैध कब्जा है। किसी अन्य के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। यहां पर रहते हुए 15 साल से टैक्स जमा कर रहे हैं। कई लोगों को नोटिस दिया गया है। केवल हमारे खिलाफ कार्रवाई की गई है। अन्य लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई के दौरान पत्रकारों से चर्चा के दौरान नगर भिलाई के आयुक्त राजीव पांडेय ने कहा कि कैंप-2 का यह निर्माण काफी समय से अतिक्रमण की श्रेणी में था। यहां काफी खाली जमीन है, जिस पर अवैध कब्जा किया गया है। यहां पीएम आवास योजना के तहत आवासों का निर्माण किया जाएगा। इसका डीपीआर बनाकर भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। अतिक्रमणकारियों को नियमानुसार पीएम आवास दिया जाएगा।

20.35 लाख की लागत से डामरीकरण कार्य शुरू

दुर्ग/नवप्रदेश। वार्ड 30 में पटेल चौक पेट्रोल पंप से तहसील ऑफिस होते हुए ज्योति ऑप्टिकल तक 20.35 लाख रुपये की लागत से डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। महापौर अलका बाघमार ने कहा दुर्ग शहर की सभी प्रमुख सड़कों को मजबूत, सुरक्षित और सुगम बनाना है। पटेल चौक से तहसील ऑफिस मार्ग अत्यंत व्यस्त रूट है। यहां डामरीकरण से लोगों को राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम होंगी। निगम की प्राथमिकता है कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ समय पर पूरे हों। सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि शहर की जरूरतों और जनता की मांगों को ध्यान में रखकर निगम लगातार कार्य कर रहा है। इस मार्ग का डामरीकरण व्यापारियों और सरकारी दफ्तरों में आने-जाने वाले लोगों के लिए बड़ी सुविधा देगा। सुनिश्चित करेंगे कि ठेकेदार द्वारा कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न हो और काम तय समय सीमा में पूरा हो। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हमारी टीम पूरी तरह सक्रिय है।

न्यूज गैलरी

नोटिस के बाद कंपनी ने जमा किया बकाया टैक्स

भिलाई नगर। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर औद्योगिक संस्थाओं के संचालको से सीमा कर व जलकर वसूली के लिये अभियान शुरू किया गया। उद्योग संचालकों को बकाया जलकर जमा करने कहा गया है। विश्व विशाल इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक का बकाया जलकर 31,250 रुपये निगम कोष में जमा कराया गया। सीमा कर (निर्यात कर) के लिये नगर निगम अधिनियम की धारा 173 व 174 के तहत जारी नोटिस के अनुसार सीमा कर की राशि शीघ्र जमा कर रसीद प्राप्त करने अन्य उद्योग संचालकों को सूचित किया गया है। इस अवसर पर सहायक राजस्व अधिकारी सह प्रभारी अधिकारी जलकर विभाग धीरज साहू, सहायक राजस्व अधिकारी सह प्रभारी अधिकारी सीमा कर विभाग अनिल मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन-4 मनीष कुमार सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मैरिज पैलेस से बाइक चोरी

दुर्ग। तुलसी पैलेस में विवाह समारोह के दौरान अज्ञात आरोपी ने पैलेस के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर। पद्मनाभपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी राजीव लोचन हॉस्पिटल चंदखुरी में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्य करता है। वह ग्राम धनोरा तुलसी पैलेस शादी में शामिल होने गया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल पैशन प्रो सीजी 07 ए पी 8172 को लॉक कर पार्किंग में खड़ी कर दिया। कार्यक्रम के बाद रात 10 बजे घर जाने के लिये तुलसी पैलेस से बाहर निकला तो उसकी मोटरसाइकिल गायब थी। आसपास पता करने के बाद प्रार्थी ने तुलसी पैलेस में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा। उसकी मोटरसाइकिल को एक अज्ञात आरोपी चोरी कर ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दिल्ली सरस मेला में दुर्ग की भारती ने लगाया मिलेट्स उत्पादों का फूड स्टॉल

दुर्ग। राजधानी दिल्ली में आयोजित दिल्ली सरस मेला में छत्तीसगढ़ के मिलेट्स आधारित उत्पादों ने लोगों का दिल जीत लिया। दुर्ग जिले के सत्यम महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य भारती ने यहां फूड स्टॉल लगाकर कोदो, कुटकी और रागी से बने विविध व्यंजनों की प्रदर्शनी व बिक्री की। भारती द्वारा तैयार किए गए मिलेट्स लड्डू, चीला, बिस्कुट, नमकीन और हेल्दी स्नैक्स को दिल्लीवासियों ने खूब पसंद किया। भारती ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मिलेटस उत्पादों को बढ़ावा देने से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। भारती ने कहा कि दिल्ली सरस मेला में हिस्सा लेना उनके लिए बहुत बड़ा अवसर है। मेले में आए लोगों ने मिलेट्स के उत्पादों की सराहना की। साथ ही बिक्री में भी बढ़ोतरी हुई है।

आंगनबाड़ी सहायिका पदों की भर्ती हेतु आवेदन 15 तक

दुर्ग। एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण अंतर्गत 3 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए सहायिका के रिक्त पदों की भर्ती की जाएगी। ग्राम पंचायत कातरों के वार्ड क्रमांक 3, थनौद के वार्ड क्रमांक 6 और ढाबा के वार्ड क्रमांक 2 के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र में सहायिका के लिए नियुक्ति की जानी है। नियुक्ति के लिये आवेदन 1 से 15 दिसम्बर तक पांच बिल्डिंग बाल गृह परिसर महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग में कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक सीधे या डाक के माध्यम से भेज सकते हैं।

दुर्ग में कन्फेटी पर बैन, 5 हजार से 20 हजार तक जुर्माने का प्रावधान

■ स्वच्छ दुर्ग अभियान: बारात व शोभायात्राओं में कड़ाई से रोक लगाने की तैयारी

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर को स्वच्छ और प्रदूषण रहित बनाने की दिशा में नगर निगम दुर्ग द्वारा बड़ा कदम उठाया जा रहा है। महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग को कड़े निर्देश जारी करते हुए शहर सीमा क्षेत्र में कन्फेटी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर ली है।

इस संबंध में एमआईसी में प्रस्ताव रखा जाएगा। प्रस्ताव पारित होने के बाद बारातों, शोभायात्राओं, धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में प्लास्टिक कन्फेटी उड़ाना पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। नियम तोड़ने पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया जाएगा। कन्फेटी उड़ाने वाली मशीन, ब्लोअर व उपकरण जब्त किए जाएंगे।

कन्फेटी सिंगल यूज प्लास्टिक से बनती है। अधिकांश कन्फेटी प्लास्टिक की चमकीली कटिंग्स होती हैं, जो बेहद छोटे-छोटे कणों में बिखरकर पूरे क्षेत्र में फैल जाती हैं। हैंडहेल्ड कन्फेटी शूटर, मेटल, प्लास्टिक कन्फेटी मशीन, गैस प्रेशर शूटर, ब्लोअर फैन से उड़ाया जाता है। सड़क पर गिरने के बाद कन्फेटी हवा चलने पर कई मीटर या कई किलोमीटर दूर तक जा सकती है, जिससे निगम कर्मचारियों को सफाई कार्य में काफी दिक्कत होती है। ये छोटे प्लास्टिक के टुकड़े नालियों में फंस जाते हैं और जल-जमाव की स्थिति भी पैदा करते हैं।

स्वच्छता सर्वेक्षण में स्वच्छ वातावरण और प्लास्टिक नियंत्रण महत्वपूर्ण मानक हैं। कन्फेटी का उपयोग दोनों मानकों को प्रभावित करता है। महापौर और आयुक्त ने स्पष्ट कहा है कि शहर को साफ सुथरा रखने प्लास्टिक कन्फेटी को बंद करना आवश्यक है। निगम प्रशासन ने कन्फेटी प्रतिबंध पर जुर्माना लगाने और जब्ती करने से जुड़े प्रावधानों का मसौदा तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है। अगले एक महीने में सभी नियम कायदे तय किये जाएंगे। जुर्माने की राशि तय कर दी जाएगी। नियम लागू करने से पहले लोगों को इसकी जानकारी दी जाएगी, ताकि बारात आयोजक, बैंड पार्टी, इवेंट कंपनियाँ और आम नागरिक सहयोग कर सकें। निगम ने शहर में कार्यक्रम आयोजित करने वाले बैंड पार्टियों, डीजे समूहों और ईवेंट मैनेजमेंट कंपनियों को पहले ही आगाह किया है कि प्लास्टिक कन्फेटी रखना, बेचना या उपयोग करना दंडनीय होगा। किसी भी कार्यक्रम में इसका उपयोग होने पर आयोजनकर्ता व संबंधित समूह पर कार्रवाई होगी।

महापौर अलका बाघमार ने कहा प्लास्टिक कचरे पर रोक और शहर की स्वच्छता को बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। कन्फेटी पर प्रतिबंध स्वच्छ दुर्ग अभियान में एक बड़ा कदम है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि कन्फेटी के कारण सफाई व्यवस्था पर अत्यधिक असर पड़ता है और इसे रोककर नगर निगम स्वच्छता मिशन को नई दिशा देगा।

तालाब में प्रैक्टिस करने वाली दुर्ग की छात्राओं ने जीता गोल्ड

■ गर्ल्स कॉलेज की तीन छात्राओं ने अंतरमहाविद्यालयीन तैराकी प्रतियोगिता में हासिल की उपलब्धि

दुर्ग/नवप्रदेश। शासकीय महाविद्यालय कवर्धा द्वारा आयोजित हेमचंद यादव विवि अंतरमहाविद्यालयीन तैराकी प्रतियोगिता में शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की दुर्ग की छात्राओं ने चार केटेगरी में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। महाविद्यालय की तैराक भूमिका ओझा, बीएससी गृहविज्ञान तृतीय सेमेस्टर ने 50 मीटर बैक स्टोक 100 मीटर फ्री स्टाईल 50 मीटर ब्रेस्ट स्टोक में विजेता रही। धनु ओझा बीएससी गृहविज्ञान तृतीय सेमेस्टर ने 50 मीटर बटर फ्लाई 50 मीटर फ्री स्टाईल 100 मीटर फ्री स्टाईल 200 मीटर आईएम (चारो स्टोक) चार विधाओं में विजेता रही। चन्द्रकला ओझा ने 100 मीटर बटर फ्लाई 50 मीटर बटर फ्लाई 100 मीटर बैक स्टोक 200 मीटर फ्री स्टाईल चारो विधाओं में विजेता रही। क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि तीनों छात्राएँ एक ही परिवार की है और तालाब में तैराकी का अभ्यास करती हैं। धनु ओझा व भूमिका पिछले वर्ष अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन तैराकी प्रतियोगिता में भाग ले चुकी हैं। महाविद्यालय की एथलीट किरण सिंह का चयन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता गोला फेक इवेंट हेतु चयन हुआ है। टीम मैनेजर कविता वैष्णव, प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव, क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. सुषमा यादव, सदस्य गणेश राम नायक, दीपक ठाकुर व महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

स्कूल के पास नशीली सामग्री के विक्रय पर कार्रवाई

भिलाई/नवप्रदेश। निगम कमिश्नर राजीव पांडेय ने नगर निगम भिलाई के जोन-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत स्कूल परिसर में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। शारदा पारा के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में निर्माणाधीन नवीन भवन का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। स्कूल परिसर के 100 मीटर के भीतर नशीली सामग्री का विक्रय करने वाले दुकानों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। नशीली सामग्री जप्त करने की कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड लगाया गया। आयुक्त ने सभी दुकान संचालको से अपील है कि स्कूल परिसर से 100 मीटर के भीतर किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का विक्रय न करें। स्वास्थ्य अमले को सार्वजनिक सुलभ शौचालय व वार्ड के नालियों की साफ सफाई कराने निर्देशित किया गया। पेयजल व्यवस्था के लिए पाइपलाइन में लीकेज मिलने पर पानी का सेंपल लेकर लैब में जांच के लिये भेजा गया। इस दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

डेढ़ सौ में से 82 मिलर्स ही जमा कर पाए कस्टम मिलिंग के चावल

दुर्ग/नवप्रदेश। पिछले साल के कस्टम मिलिंग का 70 प्रतिशत चावल जमा कर चुके मिलर्स ही जारी खरीफ विपणन वर्ष के लिए पंजीयन करा सकेंगे। पिछले साल जिले में 149 मिलर्स ने कस्टम मिलिंग के लिए धान उठाव किया था, उनमें से 82 मिलर्स ही 70 प्रतिशत या इससे अधिक कस्टम मिलिंग का चावल जमा किया है। इन मिलर्स में से अब तक 57 ने जारी खरीफ विपणन वर्ष के धान की कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन करा चुके हैं।

जिले में खरीफ वर्ष 2024-25 में कस्टम मिलिंग का कुल 649459 टन चावल का लक्ष्य था, इसके लिए कुल 957165 टन धान उठाव का लक्ष्य था, जिसके विरुद्ध जिले के 149 मिलर्स ने 946323 टन धान उठाव किया था। धान उठाव करने वाले इन मिलर्स को कुल अनुपातिक चावल 642141 टन जमा करना है, लेकिन अब तक कुल 444871 टन चावल जमा हो पाया है। पिछले साल धान उठाव करने वाले 149 मिलर्स को कस्टम मिलिंग का 197270 टन चावल जमा करना बाकी है। यानी कुल जमा योग्य अनुपातिक चावल 69 प्रतिशत जमा हो पाया है। जानकारी के अनुसार एफसीआई में उठाव किए धान का कुल अनुपातिक चावल 505798 टन जमा किया जाना है। लेकिन अब तक 312475 टन चावल ही एफसीआई में जमा हो पाया है। यह कुल जमा योग्य चावल का मात्र 62 प्रतिशत है। नान में कुल 136348 टन चावल जमा किया जाना है जिसके विरुद्ध 132396 टन चावल जमा हो गया है। यह नान को कुल जमा योग्य चावल का 97 प्रतिशत है।

रिटेंशन स्कीम को लेकर बीएसपी मैनेजमेंट सख्त

भिलाईनगर/नवप्रदेश। बीएसपी ने 1 दिसंबर से नई रिटेंशन पालिसी को लागू कर दिया है। इसने रिटायर्ड कार्मिकों की बेचैनी बढ़ गई है। मैनेजमेंट पर नई रिटेंशन पालिसी में संशोधन के लिए भारी दबाव है। मैनेजमेंट इस मामले में सख्त है।

बीएसपी के रिटायर्ड हो चुके और रिटायर होने वाले कार्मिकों के लिए इस समय नई रिटेंशन पालिसी सबसे बड़ा मुद्दा है। रिटेंशन अवधि समाप्त होने के बावजूद आवास खाली न करने की बढ़ती प्रवृत्ति के चलते मैनेजमेंट ने पालिसी को इस तरह संशोधित किया है कि रिटायर्ड कार्मिक आवास खाली करने के लिए मजबूर हो जाएं। पालिसी में बदलाव करने की प्रमुख वजह बड़ी संख्या में रिटेंशनधारियों द्वारा लगातार किराया न पटाना भी है। कई रिटेंशनधारियों पर बड़ी राशि बकाया है। जिन रिटेंशनधारियों का किराया बकाया है, उनकी बकाया राशि को सेक्यूरिटी राशि से काटा जाएगा। किराया सेक्यूरिटी डिपाजिट से ज्यादा होने पर रिटेंशनधारियों से आवास खाली कराया जाएगा। रिटेंशनधारियों को सेक्युरिटी डिपाजिट जमा रहते तक ही मोहलत मिलेगी। अक्टूबर माह में रिटायर होने वाले जिन कार्मिकों ने कम्पनी आवास नहीं छोड़ा है, उनकी ग्रेच्युटी राशि व लीव इन्कैशमेंट को मैनेजमेंट ने रोक दिया है। इसके कारण रिटायर्ड कार्मिक परेशान हैं। उन्हें बीएसपी आवास में रहना भारी पड़ रहा है। अगले दो-तीन माह के भीतर बड़ी संख्या में आवास खाली हो सकते हैं।

आवास लौटाने थर्ड पार्टी को दे रहा नोटिस

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग की ओर से लाइसेंस पर आवास रखने वाले थर्ड पार्टी को बीएसपी ने नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। नोटिस में कहा गया है कि थर्ड पार्टी आवंटन पालिसी के तहत दो वर्ष के लिए आवंटन किया गया था। इसकी अवधि समाप्त हो चुकी है। बकाया राशि का भुगतान आवास प्रबंधन को वापस सौंपने के लिए त्वरित कार्रवाई करना होगा। सूचना का पालन न होने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

जंगली सूअर के हमले से महिला घायल

भिलाई/नवप्रदेश। मंगलवार शाम एक जंगली सुअर ने घर लौट रही राजकुमारी देवांगन पर हमला कर दिया। भिलाई के सेक्टर-1, सड़क नंबर 10 में हुए हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला के हाथ पर गहरे जख्म हो गए हैं। राजकुमारी देवांगन का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राजकुमारी देवांगन अपने घर जा रही थी, तभी झाड़ियों से अचानक एक जंगली सुअर निकला और महिला पर हमला कर दिया। महिला की चीख सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। लोगों ने सुअर को वहां से भगाया। घायल राजकुमारी देवांगन को तत्काल सुपेला के अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर चोटों के कारण प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें रायपुर रेफर कर दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सेक्टर-1 क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जंगली सुअरों की आवाजाही देखी जा रही है। वन विभाग द्वारा इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। नागरिकों ने जंगली जानवरों की बढ़ती मौजूदगी को नियंत्रित करने ठोस कदम उठाने की मांग की है।

मैत्री विद्या निकेतन में वार्षिक क्रीड़ा दिवस का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। मैत्री विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रिसाली में 37 वां वार्षिक क्रीड़ा उत्सव व पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, विशिष्ट अतिथि परविंदर सिंह ग्रेवाल एजीएम बीएसपी, और बीएसपी स्वीमिंग और साईकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष थे। अतिथियों का सम्मान पुष्पगुच्छ से किया गया।

विद्यालय की प्रबंधक व प्राचार्या डॉ संजीता थंबी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि खेल से विद्यार्थियों में ना केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है बल्कि खेल के माध्यम से वे सामूहिक कार्य के साथ नेतृत्व क्षमता, संवेदनशीलता, सामानुभूति, जीवन कौशल, साझा और सहयोग की भावना सीखते हैं।

यही प्रेरणा उनको जीवन के सामाजिक, व्यावसायिक और कार्यक्षेत्र में भी सफलता दिलाने में मदद करता है।

कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथि के कर कमलों से क्रीड़ा ध्वज आरोहण के बाद शांति दूत श्वेत कपोत आसमान में आजाद करके किया गया। स्काउट गाइड, डिसिप्लिन कैप्टंस और खिलाड़ियों ने शानदार परेड करते हुए क्रीड़ा ध्वज को सलामी मनमोहक बैंड-बाजे की धुन पर किया।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को अनुचित साधनों का प्रयोग न करते हुए खेल भावना के साथ अनुशासित खेल खेलने की शपथ दिलाई।

पीटी प्रदर्शन में प्राथमिक के लगभग 600 नन्हें बच्चों ने विभिन्न मधुर गानों की धुन के साथ एरोबिक्स, व्यायाम द्वारा तोडफ़ोड़ दस्ता के रूप में प्रदर्शन किया। कक्षा 3, 4, 5 के 265 विद्यार्थियों ने चक दे इंडिया गीत से पीटी प्रदर्शन कर खेलों में राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया।

माध्यमिक कक्षा के लगभग 400 विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ लोक गीतों की माला से रजत जयंती वर्ष में स्वास्थ्य वर्धक गीतों से छत्तीसगढ़ के रंग और देश की धड़कन विषय पर संगीत की धुन पर व्यायाम करते हुए मनमोहक आकृतियां प्रस्तुत की।

विशिष्ट अतिथि परविंदर सिंह ग्रेवाल ने खिलाड़ियों और विद्यालय को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए खेल जीवन के अनुभव साझा किये। उन्होंने बताया कि सफलता के लिए छोटा रास्ता न अपना कर मेहनत से अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। खेल के साथ पढ़ाई के लिए समय नियोजन आवश्यक है।

विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। रस्सा खींच बालक वर्ग में गांधी सदन और बालिका वर्ग में तिलक सदन ने परचम लहराया। विभिन्न अन्तर विद्यालय प्रतिस्पर्धाओं और राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

संस्था की अध्यक्षा राजम सुधाकरण, संस्था के प्रबंधक एस सजीव व एस साजन, विद्यालय की प्रबंधक व प्राचार्या डॉ सजीता थंबी, उपप्राचार्या डॉ बीना सजीव, प्रधान अध्यापिका निशी साजन और भिलाई मैत्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुरेखा पाटिल व विद्यालय परिवार उपस्थित था।

कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापिका निशी साजन, श्रीलता धावला, रीमा राजीव और एम कविता ने किया। खेल प्रशिक्षक कुनाल, प्रिया राव, ए विक्टर जॉर्ज, जय प्रकाश और डीआर साहू ने कुशल नेतृत्व क्षमता के साथ खेल प्रतिस्पर्धाओं को सम्पन्न कराया।

गुरुनानक इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिकोत्सव 'आरंभ' का शुभारंभ

भिलाई/नवप्रदेश। गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 6 का वार्षिक उत्सव आरंभ : एक नई शुरुआत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरदार निर्मल सिंह विद्यालय के प्रधानाचार्य विशाल वधावन ने सभी का स्वागत करते हुए प्रेरणादायी संबोधन दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत देहशिवा बर मोहे संदेश के साथ की गई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में नृत्य, संगीत और नाटक जैसी विविध कला-विधाओं को शामिल किया गया। विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिकेश सेन, विशिष्ट अतिथि सरदार गुरदेव सिंह प्रधान, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, सेक्टर 6 भिलाई और सरदार निर्मल सिंह ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक व सह शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। मुख्य अतिथि रिकेश सेन ने समग्र शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणादायी संबोधन दिया। विद्यार्थियों, शिक्षकों, समस्त स्टाफ और विद्यालय परिवार को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में सरदार जसबीर सिंह चहल (अध्यक्ष, सिख पंचायत, दुर्ग-भिलाई), सरदार गुरनाम सिंह महामंत्री सिख पंचायत, दुर्ग-भिलाई, सरदार सौदागर सिंह महामंत्री, बच्चन सिंह निर्देशक, सरदार सतनाम सिंह, सरदार गुरमेज सिंह, सरदार एचपी उप्पल, सरदार हरचरण सिंह आनंद सदस्य, शिक्षा समिति की गरिमामयी उपस्थिति रही।

न्यूज गैलरी

आज कबीर आश्रम लखोली में उदित मुनि साहब के आगमन को लेकर बैठक

टेड़ेसरा/नवप्रदेश। धर्म नगरी डोंगरगढ़ में सतगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली धर्म नगरी दामाखेड़ा के 16 वें वंषाचार्य पंथ उदित मुनि नाम साहब का आगमन 10 दिसंबर 2025 को रखा गया है । पंथ उदित मुनि नाम साहब के के द्वारा कबीर पंथी समाज को एक जुट करने के उपदेश से आज साहब अपना प्रकाश फैला रहे है। जिसकी तैयारी को लेकर राजनांदगांव जिले के समस्त कबीर पंथी समाज एकजुट होकर तैयारी को लेकर आज सतगुरु कबीर आश्रम लखोली में बैठक किया जा रहा है। जिसमें समस्त कबीर पंथी समाज अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की रूप रेखा की तैयारी में जुटे हुए हैं।

गुरुकुल में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा भारतीय भाषाओं के महत्व से विद्यार्थियों को परिचित कराने के लिए 14 दिसंबर तक भारतीय भाषा उत्सव 2025 पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले की प्रसिद्ध सीबीएसई मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल में आज भारतीय भाषा उत्सव 2025 का विशेष आयोजन प्रातः कालीन सभा में किया गया। माननीय प्राचार्य मनोज राय एवं प्रभारी शिक्षक- शिक्षिकाओं द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विद्यालय परिवार के सर्वोमुखी विकास के लिए आशीर्वाद की कामना की गई। मीडिया प्रभारी शिक्षक डॉ विजय कुमार शाही ने बताया कि भाषायी दृष्टि से समृद्ध एशिया महादेश के विशिष्ट देश भारत की भाषायी विविधता के महत्व को विद्यार्थियों से अवगत कराने के लिए आयोजित इस सभा में नवीं की छात्रा श्रेया मारकंडे ने भारतीय भाषा पर आधारित आज के शुभ विचार को व्यक्त किया। सौम्या बंजारे ने अपने भारतीय भाषा से संबंधित आलेख के द्वारा भारतीय भाषा की समृद्धि को रेखांकित किया। छात्रा डुवीशा गढ़ेवाल ने भारतीय भाषा से संबंधित प्रश्नोत्तरी के द्वारा सभी के सामान्य ज्ञान में वृद्धि की।

जिले में अवैध धान खरीदी-बिक्री पर जिला प्रशासन की कार्रवाई

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मे धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान अवैध धान की खरीदी बिक्री और परिवहन रोकने जारी कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन की जारी कार्यवाही मे बड़ी सफलता मिली है । कोचियों, व्यापारियों और अवैध धान विक्रेताओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिले में 1 दिसंबर तक राजस्व, खाद्य, कृषि उपज मंडी और अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 19 लाख 42 हजार रुपये मूल्य के 971 क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया है। कृषि उपज मंडी और खाद्य विभाग की टीमों ने कई स्थानों पर छापेमार कार्रवाई करते गोकना के भोज राम साहू के फॉर्म से 12 क्विंटल धान, खत्री ट्रेडर्स के गोदाम से 40.80 क्विंटल, गुरुदेव ट्रेडर्स खैरागढ़ से 50 क्विंटल, जैन कुंदन कमलेश फॉर्म खैरागढ़ से 31 क्विंटल, सम्यक ट्रेडर्स खैरागढ़ से 80 क्विंटल, मेसर्स अशोक कुमार जंघेल गंडई से 30 क्विंटल और चंदन मल सुगमचंद जैन गंडई से 51 क्विंटल धान जब्त किया गया।

ग्रामीण अंचलों में वित्तीय सुविधाओं के लिए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र बना मील का पत्थर

- प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को गांव में ही मिल रही योजना की राशि
- अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से ग्रामीणों के समय, श्रम एवं धन की हो रही बचत

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्रामीणों को सहायता प्रदान कर उनके आवश्यकता को पूरा करना और उनके श्रम, समय और धन को बचाने के लिए अनेको कार्यक्रम और योजनाओं का संचालन करना जो ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सके इसे ही सही मायने में सेवा कहा जा सकता है। सेवा का यदि मूर्त रूप देखना हो तो जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में संचालित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के रूप में देखा जा सकता हैं। ग्रामीण भारत में बहुत सी योजनाओं का संचालन हो रहा है जिसमें सामूहिक एवं व्यक्तिगत रूप से हितग्राहियों को शासन द्वारा आर्थिक रूप से लाभान्वित किया जाता है। विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाएं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी भुगतान और साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि भी शामिल है। आज अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के द्वारा ग्रामीण लाभार्थियों को अपने घर के पास गांव में ही योजनाओं का आर्थिक लाभ सुगमता से मिल रहा है।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत नया आवास बनाने के लिए ग्रामीणों को 1 लाख 20 हजार रुपए एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास बनाने के लिए 2 लाख रुपए उनके बैंक खाते में अलग-अलग किस्तों पर जारी की जाती है। एक ओर जहां ग्रामीणों को अपना पक्का घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता मिल रही है तो वहीं दूसरी ओर अब अपना पैसा बैंक से निकालने के लिए ग्रामीणों को गांव से दूर जाने की आवश्यकता नहीं रही। क्योंकि गांव में खुले अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ने ग्रामीणों के अनेकों समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे कर दिया है।घर से 15 से 20 किलोमीटर दूर बैंक जाने परेशानी होता था,पूरे दिन का समय लगा जाया करता साथ ही आने-जाने में 100 से 200 रुपए का खर्च अलग से। इन सभी समस्याओं का स्थाई समाधान अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से हुआ है।

अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से लाभ लेते ग्रामीणों के अनुभव!

1- विकासखंड बोड़ला ग्राम भोंदा निवासी श्रीमती दूरपति /कार्तिक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की लाभार्थी है। दूरपति /कार्तिक ने बताया की प्रधानमंत्री आवास के लिए मिली सहायता राशि में से 25000 रूपए गांव के अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से नगद निकाल चुकी हु।पहले अपने घर से दूर बोड़ला के बैंक जाना पड़ता था। आने-जाने में समय लगता और पैसे भी खर्च होते थे साथ ही बैंक से पैसा निकालने की पर्ची भरने की समस्या अलग। अब ऐसी दिक्कत नहीं रही गांव के केंद्र में अपना आधार दिखा कर अंगूठा स्कैन करा कर पैसा निकाल रही हु और आवास बना रही हु।मेरे लिए पैसा निकलना अब बहुत सुविधा जनक हो गया है।

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं एनआरएलएम की ली संयुक्त बैठक

- गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, पोट्ठ लईका पहल अभियान, गर्भवती माताओं के पंजीयन, एएनसी, प्रसव, टीकाकरण की समीक्षा की

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं एनआरएलएम की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण, पोट्ठ लईका पहल अभियान, गर्भवती माताओं का पंजीयन, एएनसी एवं संस्थागत प्रसव, टीकाकरण सहित सभी योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण से बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण को पूर्णतः समाप्त करने के लिए सभी अपने दायित्वों को बेहतर तरीके से समय पर पूरा करें। उन्होंने कार्ययोजना बनाकर प्रत्येक ग्राम पंचायत को कुपोषण मुक्त करने कहा। इसके लिए जनसहभागिता से जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सुपोषण के प्रति जागरूकता लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायतों को जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय मदों से विकास कार्यों के लिए बजट स्वीकृति में प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने अतिगंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी में प्रवेश कराने तथा उनका नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनआरसी सेंटर को साफ सुथरा रखने के निर्देश दिए। इसके साथ भोजन की गुणवत्ता और पौष्टिक आहार बच्चों को उपलब्ध कराने कहा। जिससे एनआरसी में भर्ती बच्चे सुपोषण की श्रेणी में जल्दी आ पाएंगे। बैठक के इस दौरान कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों का शॉल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

लखोली वार्ड 36 में नाली व सड़क निर्माण की मांग,मिला आश्वासन

- संदीप सोनी के नेतृत्व में निगम आयुक्त को सौंपा गया ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम राजनांदगाँव के आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को आज कांग्रेस कमेटी शहर दक्षिण ब्लॉक के मंडल अध्यक्ष संदीप सोनी के नेतृत्व में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें लखोली स्थित संजय नगर वार्ड क्रमांक 36 की लंबे समय से उपेक्षित मूलभूत समस्याओं नाली निर्माण एवं जर्जर सीसी सड़क के सुधार को प्राथमिकता से हल करने की माँग की गई।

सोनी ने बताया कि वार्ड की गली में अनेक मकान हैं लेकिन आज तक नाली का निर्माण नहीं होने से घरों का दूषित पानी बहाने के लिए लोगों को निजी प्लॉटों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। वहीं एक ही स्थान पर पानी लगातार जमा होने से मच्छर, मक्खी व अन्य हानिकारक कीटों का खतरा बढ़ गया है जिसके कारण बीमारियों की आशंका बनी रहती है। लगभग चार वर्ष पहले बनाई गई सीसी सड़क अब टूट-फूट कर बदहाल स्थिति में पहुँच चुकी है जिससे लोगों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने इसे अत्यंत आवश्यक कार्य बताते हुए तुरंत मरम्मत की माँग की है।संदीप सोनी के नेतृत्व में पहुँचे प्रतिनिधिमंडल की बात सुनते हुए आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वयं स्थल का निरीक्षण करने और नाली व सीसी रोड निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से संदीप सोनी के साथ मानिक सिन्हा, ललित वर्मा, सुंदर खरे, श्याम वर्मा, विकाश यादव, टार्जन साहू, अब्बास खान, रजा खान, संजय तिवारी, सुरेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

जिले में सीमेंट प्रोजेक्ट की जनसुनवाई का चौतरफा विरोध शुरू, 90 गांवों के किसानों ने खोला मार्चा

- विधायक यशोदा ने किसानों के साथ, युंकाइयों ने भी सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले मे लगने वाले सीमेंट प्लांट का चौतरफा विरोध शुरू हो गया है । प्लांट के विरोध मे 39 गांव के किसान पहले ही खिलाफत कर चुके है । अब विधायक सहित युंकाईयों ने भी इस सीमेंट प्लांट से होने वाले नुकसान और किसानो की परेशानी को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप जनसुनवाई स्थगित करने की मांग की है । जिले के लाईम स्टोन खनन क्षेत्र में प्रस्तावित श्री सीमेंट कंपनी की जनसुनवाई को लेकर ग्रामीणों में बढ़ते आक्रोश और मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए विधायक यशोदा वर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप 11 दिसंबर को निर्धारित जनसुनवाई की तिथि आगे बढ़ाने की मांग की है। ताकि ग्रामीणों की वास्तविक भावनाओं और समस्याओं को सुना जा सके। ज्ञापन में खनन परियोजना से संबंधित गाइडलाइन, जो अंग्रेज़ी में जारी की गई है, उसे ग्रामीणों की समझ हेतु हिंदी में उपलब्ध कराने कहा गया है । 404 हेक्टेयर के विशाल क्षेत्र में प्रस्तावित इस खनन प्रोजेक्ट की उत्पादन क्षमता 3.34 मिलियन टन प्रतिवर्ष बताई गई है। ग्रामीण शुरुआत से ही पर्यावरण, भू-जल स्तर, कृषि भूमि एवं स्थानीय जीवन पर संभावित प्रभावों को लेकर चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खेती-किसानी के चरम सीजन में जनसुनवाई आयोजित करना अनुचित है।

धान उपार्जन केन्द्र घुमका में निरीक्षण के दौरान अवैध भंडारित धान जब्ती की कार्रवाई की गई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार राजस्व एवं खाद्य विभाग की टीम द्वारा धान उपार्जन केन्द्र घुमका का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान धान उपार्जन केन्द्र घुमका में ऑनलाईन रिपोर्ट अनुसार कुल 357 किसानों से 21166 क्विंटल (52915 बोरा) धान खरीदी किया गया था। जांच दल द्वारा उपार्जन केन्द्र प्रांगण में स्टेक किए गए धान भरे हुए बोरों की गणना की गई। गणना में धान उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी से 517.60 क्विंटल (1294 बोरा) धान अधिक पाया गया, जो अवैध धान विक्रय करने के उद्देश्य से समिति प्रांगण में अतिरिक्त धान भंडारित कर रखा गया है। जांच में पाये गये अवैध भंडारित धान की जप्ती की कार्रवाई की गई तथा अवैध धान भंडारण के संबंध में एक व्यापारी के संलिप्तता की जांच जारी है। जांच उपरांत अग्रिम विधिक व दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान धान उपार्जन केन्द्र प्रभारी श्री ढोलश्वर वर्मा, आपरेटर श्री मानवेन्द्र कुमार वर्मा, प्राधिकृत अधिकारी श्री नोहेन्द्र सिन्हा, मुकरदम श्री दुधेराम साहू एवं अन्य हमाल उपस्थित थे।

सरकार की लापरवाही पर उठे सवाल

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल बंद–हज़ारों छात्र प्रभावित

- पोर्टल पुन: चालू कराने जिला मुख्यालय में सौंपा गया ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आज छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री के नेतृत्व में छात्र नेताओं के प्रतिनिधि मंडल ने जिला मुख्यालय स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग पहुँचकर आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, रायपुर मंत्रालय के नाम पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल को तत्काल पुनः चालू करने हेतु ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि प्रदेश में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल के अचानक बंद होने से स्ट/स्ज्ञ/ह्क्ष्ट वर्ग के हज़ारों आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी गहरे संकट में हैं। पोर्टल बंद हो चुके हैं, लेकिन सरकार या प्रशासन द्वारा न राहत दी जा रही है, न वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। छात्रों से जुड़े जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्रसमय पर जारी नहीं हो पा रहे क्योंकि जिले के पटवारी स्ढ्ढक्र फॉर्म के अत्यधिक बोझ में दबे हैं, तहसीलदार धान खरीदी एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त हैं। प्रशासनिक अव्यवस्था का सीधा असर छात्रों की शिक्षा पर पड़ रहा है। विश्वविद्यालय ने सप्लीमेंट्री परिणाम देर से जारी किए और परिणाम आते ही छात्रवृत्ति पोर्टल बंद मिला। छात्रों का कहना है कि उन्हें जानबूझकर अवसर से वंचित किया गया, ऐसा संदेह होना स्वाभाविक है।

युवा नेता ऋषि शास्त्री ने कहा–आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की ÷महाविद्यालय शुल्क, परीक्षा आवेदन, छात्रावास–सब कुछ छात्रवृत्ति पर निर्भर है। पोर्टल बंद होने से गरीब छात्रों के घरों में तनाव का माहौल है। वे दिनभर कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं और सरकार सिर्फ कागज़ी बयानबाज़ी कर रही है। सरकार की लापरवाही ने हजारों छात्रों की शिक्षा को गंभीर संकट में डाल दिया है। यदि सरकार पिछड़े वर्गों की हितैषी है, तो तत्काल प्रभाव से छात्रवृत्ति पोर्टल पुनः प्रारंभ करे।

छात्र नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि पोर्टल शीघ्र नहीं खोला गया, तो विद्यार्थियों के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार और विभागीय अधिकारियों की होगी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विशु अजमानी (प्रदेश सचिव, अल्पसंख्यक विभाग), संदीप सोने (मंडल अध्यक्ष), तौसीफ गोरी, राहुल साहू, रोहित कोचरे, विकास यादव, अभय गुप्ता, असल श्रीवास्तव, देव यादव, तरु साहू, प्रथम हरिहरनो एवं अन्य छात्र नेता उपस्थित रहे।

समृद्ध किसान: कुआं निर्माण बना मनीराम के जीवन में तरक्की का जरिया, अब 12 माह उगा रहे फसल

- सिंचाई व निस्तारी की समस्या दूर, खेतों में फिर लौटी हरियाली

खैरागढ़/नवप्रदेश। मनरेगा के तहत मिली स्वीकृति से ब्लाक के ग्राम टेकापार के कृषक मनीराम साहू के जीवन में नई दिशा प्रदान की है। मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत कुआं निर्माण से न केवल उनके खेतों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हुई, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो गई है। ग्राम सभा में मनरेगा के व्यक्तिगत लाभ वाले कार्यों की जानकारी के बाद किसान मनीराम ने कुआं निर्माण की इच्छा व्यक्त की। आवश्यकता को देखते हुए ग्राम पंचायत द्वारा दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर उनके नाम से दो लाख चालीस हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। मनीराम का परिवार पूरी तरह कृषि और मजदूरी पर आश्रित था। निर्माण सामग्री जुटाना उनके लिए बड़ी चुनौती थी, परंतु ग्राम पंचायत ने सहयोग करते हुए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। कई आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद मनीराम ने हिम्मत नहीं हारी और कार्य को निरंतर आगे बढ़ाते हुए कुआं निर्माण पूरा करवाया। कार्य के दौरान ग्रामीणों को रोजगार भी मिला और मजदूरी की राशि सीधे बैंक खातों में जमा कराई गई। कुआं तैयार होने के बाद मनीराम के जीवन में बड़ी सकारात्मक बदलाव आया। पहले जहां असामयिक बारिश और सिंचाई की कमी से फसलें नष्ट हो जाती थीं, वहीं अब डीजल पंप के माध्यम से नियमित सिंचाई होने लगी है। गेहूं, धान, सोयाबीन और चना जैसी फसलों के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। आमदनी बढ़ने से परिवार का पालन-पोषण सहज हो गया है और जीवन स्तर में भी सुधार आया है। अब वे अपने खेतों के साथ-साथ आसपास के खेतों की सिंचाई में भी मदद कर पा रहे हैं, मनीराम साहू बताते हैं कि वे साधारण परिवार से हैं और कृषि व मजदूरी ही उनका जीवनयापन का प्रमुख साधन था।

पेज 1 का शेष

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ...

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं मिला बल्लेबाजी का मौका, अब टीम से बाहर: पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए घोषित किए गए भारतीय स्क्वॉड में रिंकू सिंह को शामिल नहीं किया गया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफहाल ही में खेली गई टी20 सीरीज में वह टीम का हिस्सा थे। उन्हें एक मैच में प्लेइंग 11 का हिस्सा बनाया गया था, लेकिन वह बल्लेबाजी नहीं कर पाए थे। बात करें रिंकू के करियर की तो अब तक खेले 35 टी20 मुकाबलों में उन्होंने 161.76 के स्ट्राइक रेट से 550 रन बनाए हैं।

दंतेवाड़ा- बीजापुर की ...

आत्मसमर्पण को लेकर बटालियन की तरफसे कोई प्रतिक्रिया नहीं नजर आई और बटालियन से आत्मसमर्पण के संपर्क खत्म होने के बाद एक बार फिर से एजेंसियों के निर्देश पर ऑपरेशन को तेज किया गया है।

67 लाख से अधिक...

कि महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से प्रारंभ होने के बाद अब तक 21 किस्तों में कुल 13,671.68 करोड़ रुपये की सहायता राशि लाभार्थियों को प्रदान की जा चुकी है। इस माह 67,78,674 पात्र हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। इसमें 67,71,012 हितग्राहियों को 633.89 करोड़ रुपये तथा नयड नेल्ला नार क्षेत्र की 7,662 महिलाओं को 76.30 लाख रुपये प्रदान किए गए। इस प्रकार महतारी वंदन योजना की 22वीं किस्त अंतर्गत कुल 634.65 करोड़ रुपये की राशि पात्र हितग्राहियों को अंतरित की गई।

सरकार ने संचार साथी एप ...

बदलकर लोक भवन करने के विषय पर बोलने की अनुमति दी थी। उन्होंने मनरेगा और अन्य मुद्दों पर बात की। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह विषय से संबंधित नहीं है, इसलिए इसे हटाया जाना चाहिए और केवल लोक भवन से जुड़े मुद्दे ही स्वीकार किए जाएं।

इस पर सभापति सीपी राधाकृष्णन ने नड्डा से सहमति जताते हुए दोहराया कि विषय से हटकर कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। हालांकि, इस बीच विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे टीएमसी सांसद सेन के समर्थन में खड़े हुए और कहा, ÷उन्होंने कोई भी अशोभनीय शब्द नहीं कहा। सब कुछ विषय से जुड़ा हुआ है। और यह विषय आपके कार्यालय द्वारा जांच के बाद ही उन्होंने उठाया है।

समयसीमा तय नहीं कर सकता

नई दिल्ली। सरकार पर बहस रोकने का आरोप लगाते हुए खडग़े ने कहा, सदन के नेता दखल दे कर यह नहीं कह सकते कि जो भी कहा गया है वह अशोभनीय है और उसे हटाया जाए। वे बुलडोजिंग कर रहे हैं। आप संसदीय लोकतंत्र के अनुसार सदन नहीं चलाना चाहते।।

उधर खडग़े की टिप्पणी पर नड्डा ने पलटवार करते हुए कहा, मैंने कभी बुलडोज नहीं किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी मांग सिर्फइतनी थी कि विषय से संबंधित बातें ही रिकॉर्ड में रहें। उधर राज्यसभा के सभापति ने कहा कि कार्यवाही ठीक तरह से चल रही है और सदस्यों से अनुरोध किया कि शून्यकाल में सूचीबद्ध विषयों पर ही बोलें।

सीएम साय से पीएससी 2024...

लोक सेवा आयोग 2024 के टॉप 10 चयनित अभ्यर्थी देवेश प्रसाद साहू, स्वप्निल वर्मा, यशवंत कुमार ठ शेष पृष्ठ 6 पर देवांगन, पोलेश्वर साहू, पारस शर्मा, शताक्षी पाण्डेय, अंकुश बैनर्जी, सृष्टि गुप्ता, प्रशांत वर्मा और सागर वर्मा सपरिवार उपस्थित थे।

पानी, सफाई का हाल देखने निगम आयुक्त सुबह पहुंचे वार्डों में

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन की तरह सुबह आकस्मिक रूप से लखोली राहुल नगर एवं गौरी नगर में पहुँचकर पेयजल आपूर्ति व साफ सफाई का जायजा लेकर वार्डवासियो से चर्चा किए।

मूलभूत सुविधा सफाई, पानी, बिजली की वार्डो में व्यवस्था देखने प्रतिदिन की तरह लखोली में सुबह पेयजल सप्लाई देख आयुक्त श्री विश्वकर्मा लोगो से चर्चा किए। कंचनबाग टंकी में पानी कम मात्रा में भरने तथा नल में पर्याप्त पानी नही आने की शिकायत पर उन्होंने वालमेन से कहा कि वाल्व खोलने के पश्चात पानी सप्लाई क्षेत्र में घुमकर पाईप लाईन की जॉच करे, गंदे पानी, कम पानी आने या किसी प्रकार की कमी पर संबंधित अधिकारी को अवगत करावे। इसी प्रकार उन्होने गौरी नगर में पानी सप्लाई देख अमृत मिशन के अव्यवस्थित पाईप लाईन को व्यवस्थित करने कहा। पेयजल सप्लाई के अलावा साफ सफाई निरीक्षण के दौरान उन्होंने राहुल नगर में लोगो से सफाई संबंधी चर्चा कर घर का कचरा रोड, नाली में न डालकर घर घर कचरा संग्रहण करने वाली स्वच्छता दीदीयो को देने समझाईस दिए। उन्होंने घर के आस पास साफ सुथरा रखने, वार्ड को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने सहयोग करने कहा तथा सार्वजनिक शौचालय एवं तालाबो के आस पास साफ सफाई रखने वार्ड प्रभारी को निर्देशित किए।

पाऊवारा में भागवत कथा का शुभारंभ

पहले दिन निकाली गई शोभायात्रा भक्तिमय रहा माहौल

उतई/नवप्रदेश। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी स्व.कमला देवी साहू की पुण्य स्मृति में गृह ग्राम पाऊवारा में आयोजित किए जा रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के प्रथम दिन श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। सुबह महिलाओं और युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के साथ यात्रा निकाली, जिससे पूरा वातावरण धार्मिक रंग में रंग गया। यात्रा ग्राम पाऊवारा के शीतला मंदिर, राम मंदिर,शक्ति माता, लक्ष्मी मंदिर एवं शिव मंदिर से कथा स्थल मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पहले दिन कथावाचक श्री निरंजन महाराज जी ने भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने मात्र से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और यह मनुष्य को भवसागर से पार कराने वाली मरणोत्तर मुक्ति का साधन है।

दत्तात्रेय भगवान ब्रह्मा, विष्णु व शिव के संयुक्त अवतार मुकेश ऋषि

भगवान दश्रात्रेय की जयंती मार्गषशीर्ष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि को मनायी जाती है। इसे दश्र जयंती भी कहा जाता है। इसी दिन सती अनुसूईया की कोख से भगवान दश्रात्रेय का जन्म प्रदोष काल में हुआ था। इसीसे जन्मोत्सव उनका दोपहर के बाद मनाया जाता है। महायोगेष्वर भगवान दश्रात्रेय की पूजा करने से त्रिदेवों की पूजा का फल प्राप्त होता है। वे आजन्म ब्रह्मचारी व संयासी रहें। इस वर्ष भगवान दश्रात्रेय की जयंती 4 दिसंबर गुरूवार को है। हिंदु सनातन वैदिक उपासना व संयास धर्म मे दश्रात्रेय भगवान का महत्व विषेष है। भगवान दश्रात्रेय सप्त ऋषि अत्रि व माता अनुसूईया के पुत्र हैं। अत्रि पुत्र होने के कारण इन्हें आत्रेय कहा जाता है। वे भगवान ब्रह्मा, विष्णु व षिव त्रिदेवों के संयुक्त अंषावतार

हैं। भगवान विष्णु के 24 अवतारों में छठा स्थान भगवान दश्रात्रेय का हैं। दतात्रेय में ईष्वर और गुरू दोनों रूप समाहित हैं, इसीलिए उन्हें परब्रह्ममूर्ति सदगुरू और श्रीगुरूदेवदत भी कहा जाता हैं। उन्हें गुरू वंष का प्रथम गुरू, साधक, योगी और वैज्ञानिक माना जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार दतात्रेय ने पारद से व्योमयान उड्डयन की षक्ति का पता लगाया था और चिकित्सा षास्त्र में क्रांतिकारी अन्वेषण किया था। दतात्रेय को नाथ संप्रदाय की नवनाथ परंपरा का भी अग्रज माना है। यह भी मान्यता है कि रसेष्वर संप्रदाय के प्रवर्तक भी दतात्रेय थे। भगवान दतात्रेय ने वेद और तंत्र मार्ग का विलय कर एक ही संप्रदाय निर्मित किया था। भगवान दतात्रेय ने जीवन में कई लोगों से षिक्षा ली। दतात्रेय ने अन्य पषुओं के जीवन और उनके कार्यकलापों से भी षिक्षा ग्रहण की। दतात्रेयजी कहते हैं कि जिससे जितना-जितना गुण मिला है, उनको उन गुणों को प्रदाता मानकर उन्हें अपना गुरू माना है, इस प्रकार दश्रात्रेय के 24 गुरू हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाष, चंद्रमा, सूर्य, कपोत, अजगर, सिंधु, पतंग, भ्रमर, मधुमक्खी, गज, मृग, मीन, पिंगला, कुररपक्षी, बालक, कुमारी, सर्प, षरकृत, मकड़ी और भृंगी। पौराणिक कथा के अनुसार माता अनुसूया एक पतिव्रता नारी थीं। इन्होने ब्रह्मा, विष्णु एवं महेष के समान बल वाले एक पुत्र के लिए कठिन तपस्या की थी। उनकी इस कठिन साधना के कारण तीनो देव इनकी प्रषंसा करते थे। जिस कारण तीनो देवियों सरस्वती, लक्ष्मी व पार्वती जी को माता अनुसूया से ईर्ष्या होने लगी थी। इन देवियों को पतिव्रता धर्म पर बहुत अभिमान भी था। तब भगवान विष्णु ने एक लीला रची। तब देवर्षि नारद मुनि तीनों लोकों का भ्रमण करते हुए तीनों देवियों के पास बारी-बारी से पहुंचकर सती अनुसूईया के पतिव्रत धर्म की प्रषंसा की। तब तीनों देवियों के कहने पर त्रिदेव माता अनुसूईया की परीक्षा लेने उनके आश्रम पहुँचे। तीनों देव रूप बदलकर साधु वेष में अनुसूईया के पास पहुँचे और उनसे भोजन कराने को कहा तो माता ने हॉ बोल दिया। लेकिन तीनो ने कहा कि वे भोजन तब ही ग्रहण करेंगे, जब वे निर्वस्त्र होकर षुद्धता से उन्हें भोजन परोसेंगी।

महुआ शराब के साथ पकड़ाया युवक

महासमुंद/नवप्रदेश। खेमड़ा तालाब के पास शराब बिक्री कर रहे एक युवक पर बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खेमड़ा तालाब के पास वार्ड -17 खेमड़ा निवासी निर्मल यादव (19) से 3 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब (कीमत 600 रुपए) जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की।

मारपीट करने वालों पर अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा पुलिस ने लाखागढ़ में एक लड़के के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। सीमा यादव ने थाने में शिकायत की है कि 30 नवंबर की दोपहर करीब 03 बजे उसका बेटा शुभम यदु घर के बाहर बैठा था, उसने आकर बताया कि पड़ोस में रहने वाले कुबेर कश्यप शराब पीकर आए और गाली- गलौज कर मारपीट की । रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

सड़क हादसे में युवक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। अज्ञात वाहन की ठोकर से अमलीडीह चौक के पास बाइक चालक की मौत हो गई। पिथौरा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम भिथीडीह निवासी भूपेंद्र डड़सेना (29) बाइक पल्सर क्रमांक सीजी 06 जीपी 7278 से पिथौरा गया था, पिथौरा से वापस घर भिथीडीह लौटने के दौरान शाम करीब 7.30 बजे अमलीडीह चौक के पहले अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर भूपेंद्र की बाइक को ठोकर मार दिया। सिर में गंभीर चोट आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) के तहत अपराध कायम किया है।

विजय दिवस को लेकर चलाया स्वच्छता अभियान

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन द्वारा शहीद स्मारक के आसपास साफ सफाई की जा रही है। अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि विजय दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा। पूर्व सैनिक संगठन द्वारा शहीद स्मारक में तैयारी की जा रही है।

नपाध्यक्ष ने किया सभापतियों के कक्ष का शुभारंभ

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद में आज पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सभापतियों के कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कार्यों की पारदर्शिता एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा विकास में गति लाने समस्त सभापतियों को नवीन कक्षों का आबंटन किया गया है। अब सभापति अपने कक्ष में अपने वार्डों के नागरिकों तथा संबंधित कार्यों से जुड़ी आवेदकों से सुगमता से मिल सकेंगे। और शहर विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे। इस अवसर पर सभापति श्रीमती ज्योति रिंकू चंद्राकर, श्री ईश्वरि संजय भोई, सूरज नायक, जय देवांगन, गुलशन साहू, जीतेन्द्र ध्रुव, हाफ़िज़ कुरैशी, विक्की मुस्ताक, श्रीमती शुभ्रा मनीष शर्मा, श्रीमती सुनैना पप्पू ठाकुर, धनेन्द्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, मुन्ना देवार, राहुल आवड़े एवं विभागीय प्रभारी अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। भारत सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर भगवान बिरसा मुंडा जैसे सैकड़ों जनजातीय वीरों एवं वीरांगनाओं को यथोचित सम्मान दिया है। इसी संदर्भ में सहायक प्राध्यापक विक्रांत सिंग गावस्कर के संयोजकत्व एवं प्रियंका साहू के सह-संयोजकत्व में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा नवापारा में ''जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत : ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। यह कार्यशाला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधु श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के इतिहास

अध्ययनशाला की एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. बन्सो नुरूटी एवं अध्यक्ष एल. एम. यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक विक्रांत सिंग गावस्कर ने किया।

मुख्य वक्ता डॉ. बन्सो नुरूटी ने अपना वक्तव्य दिया कि जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत भारत के समृद्ध इतिहास का एक अभिन्न अंग है। जनजातीय समाज में अनेक वीर और वीरांगनाएं हुए, जिनका स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा। अपनी वीरता, शौर्य, साहस, संघर्ष और बलिदान से उन्होंने भारत भूमि की रक्षा की है। प्रकृति के संरक्षण में भी उनका अभूतपूर्व योगदान रहा है। जल-जंगल-जमीन की लड़ाई रही हो, जंगल सत्याग्रह हो या राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका, उनका स्थान अविस्मरणीय है। उन्होंने जनजातीय समुदाय के ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। जनजातीय वीरांगनाओं के जीवन की वीरगाथा सुनाकर उन्होंने छात्राओं में इतिहास को जानने के प्रति जिज्ञासा भाव जगा दिया। उन्होंने आगे कहा कि सांस्कृतिक दृष्टिकोण से हम देखें तो जनजातीय समुदायों ने कला, शिल्प और लोकगीतों के माध्यम से भारतीय संस्कृति को समृद्ध किया है। उनकी संस्कृति की अपनी एक विशिष्ट पहचान है। उनकी बोलियां, गीत, नृत्य, संगीत प्रकृति से जुड़ी हैं और उनके सहज आनंद की अभिव्यक्ति हैं। जनजातीय समाज सामूहिकता, समानता और सहयोग के सिद्धांतों पर आधारित रहा है और उनकी सामाजिक संरचनाएं सामूहिक विकास को बढ़ावा देती हैं। साथ ही शांतिपूर्ण जीवन जीने का आध्यात्मिक संदेश प्रदान करती हैं।

कार्यक्रम के अध्यक्ष एल.एम. यादव ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के स्वर्णिम अध्याय में जनजाति समाज द्वारा किए गए आंदोलनों को उचित महत्त्व देकर सुशोभित करना हमारा दायित्व है।

उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ से शहीद होने वाले अमर नायक शहीद वीर नारायण सिंह के परोपकारिता और जन कल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए स्वाधीनता संग्राम में दिए उनके बलिदान को नमन किया।

शिविर ज्वाल ग्रेट कैंप फायर कार्यक्रम संपन्न

■ शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दी विद्यार्थियों को नई दिशा की प्रेरणा

राजिम/नवप्रदेश। प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मंगलवार को जिले के प्रवास पर रहे। अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने जिला स्तरीय स्काउड गाइड्स, रोवर-रेंजर प्रशिक्षण शिविर ज्वाल ग्रेट कैंप फायर कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कौंदकेरा में शामिल हुए। शिक्षामंत्री श्री यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि आज ज्वाल ग्रेट कैंप फायर कार्यक्रम के समापन अवसर पर आप सबके बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यन्त खुशी हो रही है। कौंदकेरा जैसे शैक्षणिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध क्षेत्र में आयोजित यह प्रशिक्षण शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि अनुशासन, सेवा और नेतृत्व की जीवंत पाठशाला है। स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह प्रशिक्षण उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर, संवेदनशील और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है।

स्वास्थ्य विभाग ने ठंड से बचाव के लिए दिये दिशा निर्देश

महासमुंद/नवप्रदेश। देश भर के 17 राज्य के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी ठण्ड महसूस की जा रही है, शीतलहर का मौसम सर्दियों के दौरान नवम्बर से मार्च तक रहता है जिसमें दिसम्बर एवं जनवरी में अधिक ठण्ड रहती है। वर्तमान में चल रहे मौसम को लेकर और आने वाले शीत लहर को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव द्वारा जिले के आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं भारत मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा अलर्ट जारी किया गया है कि माह दिसंबर से जनवरी के बीच ठंड की व्यापकता शीतलहर का रूप लेती है। इस वर्ष भी दिसम्बर माह से ठंड प्रारंभ हो जाएगी जिस संबंध में बचाव हेतु दिशा निर्देश स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि मौसम संबंधी समाचार व आपातकाल के संबंध में जारी समाचारां को ध्यान से सुने व पढ़े। शीत लहर के समय जितना संभव हो सके घर के अंदर ही रहे और कोशिश करे कि अति आवश्यक हो तो बाहर यात्रा करें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े जैसे दस्ताने, टोपी, मफलर एवं जूते आदि पहने। शीत लहर के समय चुस्त कपड़े ना पहने यह रक्त संचार को कम करते हैं इसीलिए हल्के ढीले-ढाले एवं सूती बाहर की तरफ एवं ऊनी कपड़े अंदर की तरफ पहने। नियमित रूप से गर्म पानी पीते रहे। पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों से युक्त भोजन ग्रहण करें एवं विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं एवं नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ अवश्य पीयें। इसके साथ ही अत्यधिक ठंड के समय दीर्घकालिक बीमारियों जैसे डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, श्वास संबंधी बीमारियों वाले मरीज, वृद्ध पुरुष/महिलाएं जिनकी आयु 64 वर्ष से अधिक, 06 वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएं आदि को ऐसी स्थिति में देखभाल करें।

नव नियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा का हुआ स्वागत

गरियाबंद/नवप्रदेश। अमितेश शुक्ल की अगुवानी में नव नियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा का राजिम विधान सभा भर में हुआ जोरदार स्वागत।राजधानी से अमितेश जिला कार्यालय तक लेकर पहुंचे।बेटे भवानी की प्रबल दावेदारी के बीच सुखचंद की नियुक्ति पर हर्ष जताया अमितेश ने।कहा संगठन का निर्णय शिरोधार्य है।अमितेश ने दिया संदेश संगठन का निर्णय शिरोधार्य है।

कांग्रेस ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा का आज गरियाबंद नगर आगमन प्रथम बार हुआ।राजिम,कोपरा,पाण्डुका के अलावा जिला मुख्यालय में सुखचंद का भव्य स्वागत किया गया।लेकिन इन सब के बीच सुखचंद के साथ कंधे से कंधे मिलाकर चल रहे पूर्व राजिम विधायक अमितेश शुक्ल ने सब का ध्यान आकर्षित किया।राजिम में पंडित श्यामा चरण को माल्यार्पण कर काफिला आगे बढ़ा।

अमितेश शुक्ल के गढ़ में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष बेसरा का आत्मीय स्वागत चर्चा का विषय बना रहा।अमितेश के समर्थक दोनों नेताओं के नारे लगाते रहे।स्वागत में बढ़ चढ़ कर भाग लेने वाले अमितेश शुक्ल के समर्थक ज्यादा थे।जिला मुख्यालय में जहा सुखचंद बेसरा ने अपने वरिष्ठ और कद्दावर नेता प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल का आशीर्वाद लिया।सुखचंद ने कहा कि दावेदारी हर सिपाही का हक था,संगठन ने जिसे जवाबदारी दिया उसे सबके साथ मिलकर संगठन मजबूत करने का काम करना है।सुखचंद ने अमितेश शुक्ला के अलावा तमाम जिले के बड़े और वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार जताते हुए आशीर्वाद सदैव बनाए रखने की बात कही। बेटा प्रबल दावेदार थे,संगठन के निर्णय को स्वीकार कियाद्व राजिम विधान सभा कदावर नेता माने जाने वाले अमितेश के राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप उनके पुत्र भवानी शुक्ल आगे बढ़ रहे है।जिला अध्यक्ष की रेस में भवानी सबसे आगे थे। ऐसे में उनकी गुट की नाराजगी की संभावना थी।लेकिन आज स्वागत समारोह में बढ़ चढ़ कर पिता अमितेश ने न केवल भाग लिया,बल्कि भरी सभा में कहा कि दावदारी अलग विषय है पर संगठन ने जो निर्णय लिया उसका सम्मान करना हर कांग्रेसी की जवाबदारी बन जाती है।अमितेश ने सभी समर्थकों से मिल जुल कर संगठन के लिए काम करने की अपील किया है।सभा का संचालन कांग्रेस महामंत्री ओंकार ठाकुर ने किया है।जिले भर से भारी संख्या में कांग्रेसी नेता आज मौजूद रहे

दो तस्कर से 5 लाख का 10 किलो गांजा बरामद, दो को जेल

महासमुंद/नवप्रदेश। सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रेहटीखोल के पास नेशनल हाईवे पर पुलिस ने बाइक में गांजा तस्करी करते 10 किलो गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि पुराना सरकंडा लोधीपारा जिला बिलासपुर निवासी राजकुमार ठाकुर (42) व कोनी वार्ड-6 थाना कोनी जिला बिलासपुर निवासी सरजू श्रीवास (45) दोनों बाइक से गांजे की तस्करी कर रहे थे। उनके कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में 10 किलो गांजा (मूल्य करीब पांच लाख रुपये) और तस्करी में प्रयुक्त बाइक सीजी 10 बीयू 3679 सहित अन्य सामान जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

छबिराम पटेल की नई पुस्तक ज्ञान कुंजिका प्रकाशित

पिथौरा/नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ठाकुरदिया कला में पदस्थ राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक एवं लेखक डॉ.छबिराम पटेल की 15 वें क्रम की नई पुस्तक ज्ञान कुंजिका 7 नवंबर 2025 को गीता प्रकाशन हैदराबाद से प्रकाशित हुई है। इस 145 पृष्ठीय पुस्तक में कुल 1964 सूक्तियां, सुविचार शामिल हैं।इस पुस्तक का मूल्य 219 रुपए निर्धारित है। जो अंतर्राष्ट्रीय मानक नंबर से युक्त है। यह पुस्तक पर्चेस हेतु पेपरबैक, अमेजन,किंडल में भी उपलब्ध है। यह पुस्तक जन मानस के लिए बहुत उपयोगी है। श्री पटेल के द्वारा नई पुस्तक प्रकाशित

होने पर उन्हें साहित्यकार, शिक्षक और मित्रों ने बढ़ाई और शुभकामनाएं दिए हैं।

बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती पर नगरी में भव्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार

नगरी/नवप्रदेश। सतनामी समाज, नगरी द्वारा इस वर्ष भी संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती 18 दिसंबर 2025 को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर नगर में विविध सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन की विस्तृत रूपरेखा तैयार की जा रही है। जिसमे वार्ड क्रमांक 13, नगर पंचायत नगरी में समाज द्वारा भव्य आयोजन की तैयारियाँ जोर-शोर से जारी हैं। समाज के अध्यक्ष के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारी–बल्लू बंजारे, अनंत गायकवाड, शिवनंद लहरे, दीपक ,पतिराम भारती, सहित अनेक सदस्य पूरी सक्रियता से कार्यक्रमों की तैयारी में जुटे हुए हैं 18 दिसंबर 2025 को रात्रि में राजाबाडा नगरी के पास सांस्कृतिक कार्यक्रम श्री राम जस झांकी नुवागांव करेया धमतरी की प्रस्तुति होना है जिसमे सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला सतनामी समाज ने सभी नागरिकों, समाज और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

किसान परेशान, कंपनी की दादागिरी बरकरार और राजस्व विभाग मेहरबान

■ धमधा टावर विवाद भड़का, 150+ किसान संकट में, 5 दिन बाद भी कोई कार्यवाही नहीं

धमधा /नवप्रदेश। धमधा ब्लॉक के गोबरा पेंड्री समेत आसपास के पूरे क्षेत्र में टावर निर्माण को लेकर हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया है कि CSPTCL के अधीन काम कर रही यूनिक स्ट्रक्चर एंड टॉवर लिमिटेड बिना नोटिस और बिना मुआवज़ा दिए खेतों में घुसकर खड़ी फसल रौंद रही है, और टावर जबरन खड़े किए जा रहे हैं। किसानों के अनुसार कंपनी के कर्मचारी ÷ऊपर का आदेश÷, ÷यह सरकारी काम है और पुलिस प्रशासन साथ है कहकर डराने-धमकाने की हरकतें कर रहे हैं। इससे भी गंभीर बात पत्रकारों की जांच में सामने आई–कि पूरे धमधा ब्लॉक में 150 से अधिक किसान प्रभावित हुए हैं, लेकिन एक भी किसान को नींव, फसल क्षति या तार खिंचाई से होने वाले भविष्य के नुकसान का एक रुपया तक नहीं मिला। कई किसानों ने बताया कि उनसे दबावपूर्वक हस्ताक्षर करवाए गए, जिन्हें बाद में मंजूरी बताकर टावर लगा दिए गए। दूसरी तरफ किसानों की शिकायतों के बावजूद कलेक्टर द्वारा चार दिनों से कोई कार्रवाई न होने, न निरीक्षण और न सर्वे भेजे जाने पर लोगों में गहरा असंतोष है। किसानों का कहना है कि प्रशासन उनकी सुनने के बजाय कंपनी के पक्ष में खड़ा दिखाई दे रहा है। पत्रकार संघ अध्यक्ष निकेत ताम्रकार ने भी इस मामले को बेहद गंभीर बताते हुए कहा है कि पूरी घटना की उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है, और किसानों को उनका वास्तविक हक न मिला तो पूरा किसान समुदाय सड़क पर उतरने को विवश होगा।

किसानों के लिए यह सिर्फ टावर लगाने का मामला नहीं, बल्कि खेत-बाड़ी बचाने की लड़ाई बन चुकी है।

धरम-करम... श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी इंद्रदेव सरस्वती जी महराज की शिव महापुराण कथा

तीसरे दिन कथा सुनने खचा-खच श्रद्धालु से भरा रहा डोम

गरियाबंद/नवप्रदेश। श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी इंद्रदेव सरस्वती जी महराज की शिव महापुराण कथा सुनने गरियाबंद के गांधी मैदान में सैलाब उमड़ रहा है ए शिव भक्तों का उत्साह चरम पर है ए देवांगन परिवार द्वारा 60,000 फीट में बनाए गए विशालकाय डोम तीसरे दिन ही खचा खच भर गया ।

शिव पुराण की कथा हमे जीवन जीने की कला सीखाती है भगवान शिव और उनकी गाथाओं का श्रवण करना चाहिए ताकि हमारा मानस जन्म सुखमय बन सके ए दान ए सेवा ए अच्छे कर्मों के महत्व किसी भी प्रकार

के नशे मांस मदिरा से दूर रहकर एशुद्ध और सात्विक भोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति का मार्ग दिखाया ।

गरियाबंद के गांधी मैदान में श्री धरमु राम देवांगन परिवार द्वारा आयोजित शिव महापुराण के तीसरे दिवस पर कथा व्यास डॉक्टर इंद्रदेव जी महराज ने नारद मोह ए सृष्टि वर्णन और अर्ध नारिशवर की कथा का बखान करते हुए शिव कथा श्रवण जीवन के अंधकार को दूर कर मनुष्य को धर्म ए अर्थ ए काम ए और मोक्ष चारों का पुरुषार्थ प्रदान करता है।

श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा का रसपान करते रहे और कथा पंडाल हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा । आगे उन्होंने बताया कि आज हम मांस मदिरा भक्षी हो गए है क्योंकि हमें सत्संग अच्छा नहीं मिला ए इसीलिए जीवन में कभी कही जाओ या मत जाओ पर जहां पर बिगड़ा हुआ जीवन बने वहां जाओ और केवल गुरु का धाम होता है ए जीवन में कुछ बनना है तो गुरु के सोच एगुरु के विचार पर अपना जीवन दे दो ए गुरु जो कुछ कहे उस पर अपने आप को समर्पित कर दो।

एड्स पखवाड़ा पर मानव श्रृंखला निर्माण कर लोगों को किया जागरूक

नगरी/नवप्रदेश। एड्स एक भयानक बीमारी है जो अदृश्य रुप से फैलता है तथा आज पूरे विश्व में भारत एड्स के मामले में दूसरे स्थान पर है। इसलिए एड्स के प्रति जन जागरूकता लाने के लिए 1998 से 1 दिसंबर को विश्व भर में एड्स दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में शासन के आदेशानुसार शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में एवं रेड रिबन प्रभारी प्रो.कौशल नायक के संयोजन में एड्स दिवस पखवाड़ा आयोजित किया गया। जिसमें मानव श्रृखला निर्माण किया गया, इसका उद्देश्य था कि सभी मानव को एक दुसरे से जोड़ा जाये व किसी भी मानव से भेदभाव न हो। सभी व्यक्ति एक समान है जिसमें एड्स पीड़ित व्यक्ति भी शामिल है। यह मानव श्रृखंला क्रास बना के महाविद्यालय में दिखाया गया। महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें इस वर्ष की थीम''व्यवधानों पर विजय पाये, एड्स की प्रक्रिया में सकारात्मक बदलाव लाए'' पर सभी विद्यार्थियों ने अपनी बात रखी। भाषण प्रतियोगिता में मोनिका पीजीडीसीए प्रथम स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एड्स पीड़ित व्यक्ति के साथ किस प्रकार व्यवहार करें इस बात पर जोर दिया। इसके साथ एचआईव्ही के फैलने के कारण जैसे असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का उपयोग करना आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम संयोजक ने एचआईव्ही पर नगरी में स्थिति पर प्रकाश डाला व बताया कि इसका कोई ईलाज नहीं है। इसलिए इसका बचाव ही इसका ईलाज है। समाज में फैले मिथ को भी उजागर किया गया जिससे समाज अभी भी अनभिज्ञ है। रेडरिबन सदस्य प्रो. लोकेष्वरी राठिया ने सभी को सोषल मीडिया से अवगत कर उसे फॉलो करने को कहा जिसमें एचआईव्ही संबंधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकें। साथ ही उन्होनें सभी छात्रों को स्वयं जागरूक होने तथा आस-पास के लोगों को भी जागरूक कर एड्स से भारत से निर्मूलन के लिए प्रयास करने प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में विशेष योगदान श्री भूषण साहू, श्री सागर मण्डावी, सुश्री सीता नेताम, सुश्री प्रियंका सिंह, ललिता कोकिला, का रहा। इस कार्यक्रम में प्रो. राजा राम मेहरा प्रो. मोहित कुर्रे, प्रो.जयराम कुर्रे, प्रो.हितेषा नंद ठाकुर, प्रो.लालमन बेरवंष, डॉ.कविता, डॉ.संध्यारजनी मिश्रा डॉ.अंबा षुक्ला, डॉ.ममता सौरज, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ.खेमचंद, डॉ.वेणु साहू, प्रमोद चैरे, सौरभ पाण्डेय डिलेश्वरी पटेल, सागर मण्डावी, मनोज बारले, कृश्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन उपस्थित रहें।

जिले से 9939 शिक्षार्थी 7 को मूल्यांकन परीक्षा में होंगे शामिल

महासमुंद/नवप्रदेश। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 07 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक नव शिक्षार्थियों के आंकलन के लिए देशव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण हेमंत रमेश नंदनवार के समन्वय से किया जा रहा है। इस शिक्षार्थी आंकलन परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के नवसाक्षरों को शामिल किए जाएंगें। जिले में शिक्षार्थियों के आंकलन हेतु 492 परीक्षा केन्द्रों जिले के नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र के लिए बनाया गया है।

आदिवासियों के जनजीवन और छत्तीसगढ़ की संस्कृति व विरासत से विद्यार्थी हुए रूबरू

महासमुंद/नवप्रदेश। वृन्दावन विद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शैक्षणिक भ्रमण के लिए 29 नवंबर कक्षा 3री से कक्षा 7वीं तक के विद्यार्थियों को रायपुर के तीन स्थलों छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय, पुरखौती मुक्तांगन, ऊर्जा पार्क भ्रमण पर ले जाया गया। जहां बच्चों को छग के स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की जीवन गाथा व आदिवासियों के जन जीवन और छत्तीसगढ़ की संस्कृति व विरासत से रूबरू कराया। बच्चों ने भ्रमण के दौरान पुरखौती मुक्तांगन व ऊर्जा पार्क में खूब मनोरंजन किए, विद्यालय द्वारा कराया गया यह शैक्षणिक भ्रमण सफल रहा। शैक्षणिक भ्रमण की सफलता पर विद्यालय के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन व उप प्राचार्य इंदु मिश्रा ने हर्ष जताया। शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका अमृता चंद्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री, रेखा साहू, संध्या सोना, वर्षा चंद्राकर, जागृति साहू, नीरु मांझी, सुषमा साहू, रिंकी कुर्रे, हीना खान, दीपशिखा गायकवाड़, प्रवीण साहू, होमेश साहू, अमन वर्मा, तुषार निर्वाण, तेजन कुमार, लक्ष्मीनारायण साहू, चंदना सोनी, भूमिका वर्मा, मनीषा बावनकर, शुभ्रा अग्रवाल, नंदिनी साहू, अंशु यादव, संगीता साहू, स्वाति ठाकुर, हेमलता वर्मा, आरती गुप्ता, भूमिका निर्मलकर का योगदान रहा।

जैविक और आधुनिक खेती कर कृषि लागत में कमी कर किसानी में नवाचार लाए : अजय

■ **क्रॉस रेगुलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया अजय चंद्राकर ने**

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई एवं जल प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्राम चरमुड़िया में महानदी मुख्य नहर पर ?4.29 करोड़ की लागत से बनने वाले क्रॉस रेगुलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्य का क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने भूमिपूजन व शुभारंभ किया. साथ ही क्षेत्रवासियों से कहा कि इस परियोजना के शुरू हो जाने पर पानी का हर एक बूंद किसानों का सहारा बनेगा.

बुधवार को विधायक चंद्राकर ने कुरुद शहर से लगे हुये ग्राम चरमुड़िया मुख्य नहर पर इस दूरदर्शी और जन कल्याणकारी योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि सही समय पर फसल को सही मात्रा में पानी पहुंचाना, किसानों के लिए अतिआवश्यक होता है. जब पानी की जरूरत ज्यादा होती है तो जल बंटवारे का विवाद भी पनपने लगता है.

इन्ही सब समस्याओं से क्षेत्र के किसानों को निजात दिलाने भाजपा की साय सरकार ने महानदी मुख्य नहर के आर डी 28.89 कि.मी. पर क्रास रेग्युलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्य के लिए 4.29 लाख करोड़ की राशि स्वीकृत की है. जिसके निर्माण से न केवल किसानों को समय पर जरूरत के हिसाब से सिंचाई के लिए पानी मिलेगा, बल्कि क्षेत्रवासियों को पेयजल समस्या से भी निजात मिलेगी.

क्या है? क्रास रेग्युलेटर एवं सुरक्षात्मक निर्माण

क्रॉस रेगुलेटर एक हाइड्रोलिक संरचना है, जो मुख्य नहर के आर-पार बनाई जाती है, ताकि ऑफटेक नहरों को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके. भले ही मुख्य नहर में प्रवाह कम हो. यह मुख्य नहर के भीतर जल स्तर को बढ़ाकर काम करता है, जिससे ऑफटेक चैनल में पर्याप्त पानी पहुँच सके. इसके अतिरिक्त, यह नहर प्रणाली में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित कर सकता है और सड़क या राजमार्ग के ऊपर से गुजरने का मार्ग भी प्रदान कर सकता है.

सरकारी नौकरिया

कृषि उत्पादन को मिलेगी नई गति

कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान अन्नदाता है और जिसके तरक्की से प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत का सपना पूरा होगा. उन्होंने किसानों से जैविक और आधुनिक खेती कर कृषि लागत में कमी कर किसानी में नवाचार करने की बात कही. उन्होंने उन उन्नतशील कृषको का भी जिक्र कर प्रशंसा की, जो खेती में नवाचार कर क्षेत्र, जिला एवं प्रदेश का मान बढ़ा रहे है. अंत मे क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि आगामी वर्षो में सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी, क्षेत्रवासियों को सुदृढ़ पेयजल व्यवस्था और कृषि उत्पादन को नई गति मिलेगी.

नागरिकों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाना जिम्मेदारी : सांसद

■ **शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों के चयन में जनप्रतिनिधियों का लें सहयोग**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत महासमुंद के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने की। बैठक में जिले में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति, उनके क्रियान्वयन की स्थिति एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की गई। सांसद श्रीमती चौधरी ने विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत प्रगति प्रतिवेदनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि विकास कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, नगरीय निकायों के अध्यक्ष, प्रतिनिधि, सदस्य, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ जिला पंचायत हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि हम सभी का मुख्य उद्देश्य यह होना चाहिए कि अधिक से अधिक नागरिकों तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाएं ताकि अधिकतम लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहें, बल्कि दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों तक भी इसकी पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए। सांसद ने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और अनेक योजनाएं चल रही हैं।

जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा : विक्रम कुर्रे

भटगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत भटगांव के अध्यक्ष एवं पार्षदों ने मुक्तिधाम का निरीक्षण किया। जहा निरीक्षण के दौरान जनहित में लोगों को हो रही परेशानियों को दूर करने की योजना पर कार्य करने की रूपरेखा बनाया। आपको बता दे की नगर पचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों ने नगर के शिवघाट में बने मुक्तिधाम का निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान मुक्तिधाम की साफ सफाई कराई गई साथ ही मुक्तिधाम में बने समस्याओं तथा नगर के आधे बस्ती के लोगों को मुक्तिधाम आने जाने में दुरियां हो रही है जिसे कम करके अलग-अलग स्थानों पर मुक्तिधाम निर्माण कर नगरवासियो की समस्या को दुर करने शोक कार्य में समाजिक स्तर में कार्य पर पुरुषों की संख्या अधिक होती है।

निधन

राधिका देवी चंद्राकर

कुरुद। ग्राम उमरदा निवासी श्रीमती राधिका देवी चंद्राकर का दिनाँक 03/12/25 को निधन हो गया है, उनकी आयु 84 वर्ष की थी। वे स्व. श्री अर्जुन सिंह चंद्राकर की धर्मपत्नि एवं शरद चन्दाकर एवं मृणाल मोहन की माताजी थी। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं दो पुत्रियों का परिवार छोड़ गई है।

खुशी शर्मा

भाटापारा। स्थानीय नयापारा वार्ड निवासी सुनील शर्मा की सुपुत्री खुशी शर्मा का 14 वर्ष की अल्पायु में निधन हो गया।वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थी।वह अशोक पाण्डेय,महेश शर्मा,राजकुमार शर्मा की भतीजी थी इनकी अंतिम यात्रा आज 4 दिसंबर को प्रातः 10बजे नयापारा वार्ड निज निवास से मारवाड़ी शमशान घाट के लिए रवाना होगी।

हरकत में आया जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, दी गई हितग्राही को जानकारी

खबर का असर

राजिम/नवप्रदेश। नव प्रदेश ने 29 नवंबर को 'दो साल से बीमा राशि के लिए भटक रही विधवा महिला, वन विभाग पर रिश्वतखोरी का आरोप, विधायक का आदेश भी कागजों में कैद' शीर्षक से समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन के बाद जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, गरियाबंद ने बीमा दावा प्रकरण में कार्रवाई करते हुए हितग्राही को जानकारी दी।

क्या था मामला

सुशासन के सरकारी दावों के बीच गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम बोरिद की विधवा भगवती यादव का दर्द प्रशासनिक तंत्र की हकीकत उजागर कर रहा है। पति वेदप्रकाश यादव की मृत्यु (14 मार्च 2023) को दो वर्ष से अधिक बीत चुके हैं, लेकिन वन विभाग की लापरवाही और कथित भ्रष्टाचार के कारण उसे बीमा की राशि जारी नहीं हुई थी।

पीड़िता भगवती यादव का आरोप था कि बीमा फाइल को आगे बढ़ाने के नाम पर विभागीय कर्मचारी लगातार पैसों की मांग करते हैं। उनका कहना है कि अब तक 40-50 हजार रुपये दे चुकी हूं, लेकिन बीमा राशि अब तक नहीं मिली।

विभाग का अपना अलग दावा

जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, गरियाबंद द्वारा बताया गया कि विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम बोरिद निवासी देवदास यादव का निधन 14 सितंबर 2023 को हुआ। उनकी पत्नी भगवती यादव द्वारा बीमा दावा राशि भुगतान हेतु आवेदन किया गया था। लेकिन प्रारंभिक स्तर पर आवश्यक दस्तावेज पूर्ण न होने के कारण फरवरी 2024 में बीमा प्रकरण आवेदिका को वापस किया गया। जिसे आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर दिसंबर 2024 में पुनः ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिस पर वनमंडल स्तरीय छानबीन समिति द्वारा परीक्षण उपरांत बीमा राशि भुगतान की अनुशंसा करते हुए प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ, रायपुर को 17 जनवरी 2025 को ऑनलाइन पत्र प्रेषित किया गया।

दुलना में संचालित कनक क्रेसर से केबल तार चोरी

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम दुलना स्थित कनक क्रेसर में गत शुक्रवार की रात 12 बजे अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए लाखो रूपये का तार चोरी कर फरार हो गए। स्थानीय क्रेसर संचालक के मैनेजर सुरीत कुमार साहू पिता नंदलाल साहू ने नवापारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए इस मामले की सघन जांच कर अज्ञात चोर को जल्द पकड़ने और उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। ज्ञात हो कि उक्त कनक क्रेसर में दिवाली के बाद यह चौथी बार हैं जब केबल चोरी की घटना घटी हैं, जिससे संचालक काफी परेशान हैं। चोरी हुई वर्तमान केबल की कीमत 1 लाख 12 हजार बताई गई हैं, जो कि 800 फीट लम्बा था। वहीं अब तक यहां से कुल 5 लाख से ज्यादा की केबल की चोरी चोर कर चुके हैं। ऐसे में स्थानीय पुलिस से चोरी के बढ़ते आरोपों को जल्द रोकथाम लगाने की अपील की हैं।

भक्ति कार्यक्रम के दौरान चोरी का फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नगरी /नवप्रदेश। जिले की नगरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 7 अक्टूबर 2025 को नगरी स्थित जैन मंदिर में आयोजित भक्ति कार्यक्रम के दौरान हुई चोरी के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी हितेश्वर मरकाम उर्फ प्रधान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस तीन अन्य आरोपियों तामेन्द्र यादव, पुष्पजीत खरे और लक्की गुप्ता को गिरफ्तार कर 1,74,000 रुपये मूल्य के नकदी, जेवर और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर चुकी थी।

घटना के दिन प्रार्थी मनोज कुमार जैन अपने परिवार के साथ रात 9:30 बजे घर में ताला लगाकर कार्यक्रम में गए थे। वापस लौटने पर उन्होंने गोडरेज अलमारी खुली पाई, जिसमें रखे 2,15,000 रुपये नकद और चांदी का करधन, पायल और सिक्का सहित कुल 2,65,000 रुपये मूल्य का सामान चोरी हो चुका था। नगरी पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की और लगातार तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी रखी।जांच में सबसे पहले आरोपी तामेन्द्र यादव को पकड़ा गया, जिसके पास से चांदी का करधन, आठ जोड़ी पायल, एक चांदी का सिक्का और 20,000 रुपये नकद बरामद हुए। आरोपी पुष्पजीत खरे से चोरी की रकम से खरीदी गई एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल जप्त की गई। तीसरे आरोपी लक्की गुप्ता के पास से 25,000 रुपये नकद बरामद हुए। मुख्य आरोपी हितेश्वर मरकाम घटना के बाद फरार था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी नगरी बस स्टैंड में मौजूद है।

पूर्व विधायक लेखराम साहू बने पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ राष्ट्रीय समन्वयक

■ **कुरूद कांग्रेस में भारी हर्ष जमकर मनाया जश्न**

कुरूद/नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी ने पूर्व विधायक लेखराम साहू को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय समन्वयक में स्थान देकर क्षेत्र के कार्यकर्ताओ में उत्साह भर दिया है। स्थानीय कांग्रेस भवन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित स्वागत व आभार कार्यक्रम में लेख राम साहू ने कहा कि पार्टी ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी देकर मुझ पर जो भरोसा जताया है उसके लिए मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय प्रशानिक महामंत्री वेणुगोपाल,प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, पूर्व केबिनेट मंत्री धनेन्द्र साहू, ताम्रध्वज साहू जी का सहित प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।मैं अपने कार्यकाल में छत्तीसगढ़ सहित देश के समस्त प्रदेश का दौरा कर संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का प्रयास करूंगा।इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बसंत साहू, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सुश्री राजकुमारी दीवान ने बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि साहू बहुत ही संघर्ष शील, ऊर्जा वान,व्याहार कुशल व सक्रिय नेता हैं।

ऐतिहासिक करिया धुवा मेला का आगज, विधायक ने की पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना

पिथौरा/नवप्रदेश। अंचल की लोक आस्था और संस्कृति के प्रतीक, प्रसिद्ध करिया ध्रुवा और भगवती करिया धुरवाईन का ऐतिहासिक तीन दिवसीय मेला आज, 3 दिसम्बर से पिथौरा के समीप स्थित ग्राम अर्जुनी में पूरी श्रद्धा और धूमधाम के साथ प्रारंभ हो गया है पहले ही दिन उत्तर रायपुर के विधायक पुरन्दर मिश्रा ने पूजा कर क्षेत्र की खुशिहाली की कामना की। महासमुंद जिले के पिथौरा तहसील मुख्यालय से राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस पावन धाम में प्रतिवर्ष अगहन पूर्णिमा से यह मेला शुरू होता है, जो क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के लिए उत्साह का केंद्र होता है। इस प्राचीन और भव्य उत्सव को लेकर आस-पास के ग्रामीणों और भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिलता है।

मुख्य संरक्षक पुरन्दर मिश्रा ने की पूजा-अर्चना : मेला के प्रथम दिन, करिया ध्रुवा महोत्सव मेला समिति के मुख्य आजीवन संरक्षक तथा रायपुर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने भगवान करिया ध्रुवा और भगवती करिया धुरवाईन के श्रीचरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए।

प्रभारी सीईओ पर वसूली, फर्जी बिल और भुगतान रोकने के आरोप

छुरा/नवप्रदेश। छुरा जनपद पंचायत इन दिनों विकास नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार, वसूली और प्रशासनिक संरक्षण के आरोपों को लेकर सुर्खियों में है। प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। ताजा मामला एक वाहन मालिक से जुड़ा है, जिसने छह महीने से भुगतान नहीं होने, जबरन पैसे वापस लेने, कोरा बिल पर हस्ताक्षर कराने और शिकायत करने पर मोबाइल नंबर ब्लॉक करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। यह मामला अब पूरे जिले में चर्चा का विषय बन चुका है।

वाहन मालिक शरीफखान ने बताया कि उन्होंने अपना चार पहिया वाहन जनपद पंचायत छुरा में कार्यालयीन कार्यों के लिए लगाया था। तय नियमों के अनुसार वाहन का मासिक किराया मिलना था, लेकिन छह माह बीत जाने के बावजूद उन्हें 30 हजार रुपए से अधिक की राशि नहीं दी गई। भुगतान के लिए वे लगातार कार्यालय के चक्कर काटते रहे, सीईओ से मिलने की कोशिश करते रहे, लेकिन हर बार उन्हें टाल दिया गया। शरीफखान के अनुसार मजबूरी में उन्होंने प्रभारी सीईओ सतीष चन्द्रवंशी को व्हाट्सएप और मोबाइल मैसेज भेजकर भुगतान की गुहार लगाई। उन्होंने साफ लिखा कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो वे मुख्यमंत्री, विधायक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को शिकायत करेंगे। इसके बाद भी भुगतान तो नहीं हुआ, उल्टा उनका मोबाइल नंबर ही ब्लॉक कर दिया गया।

कोरा बिल का खेल, सिस्टम में लोचा

शरीफखान ने यह भी आरोप लगाया कि जनपद पंचायत में वाहन लगाने के बदले कोरा बिल पर हस्ताक्षर करवाए जाते हैं। जो व्यक्ति ऐसा करता है, उसी का वाहन चलता है। यदि कोई व्यक्ति नियम से सही बिल देना चाहता है तो उसका भुगतान रोक दिया जाता है। इससे स्पष्ट है कि बिल-वाउचर के जरिए बड़े स्तर पर गड़बड़ी की आशंका है।

8 हजार रुपए वापस लेने का सनसनीखेज आरोप

इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि पहले उनके खाते में राशि डलवाई गई और बाद में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास शाम करीब 7 बजे बुलाकर उसमें से 8 हजार रुपए नकद वापस ले लिए गए।

दिव्यांग चित्रकार बसंत को राष्ट्रपति के हाथों मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

कुरुद/नवप्रदेश। 30वर्ष पुर्व एक सड़क दुर्घटना में 95 फीसदी दिव्यांग होने के बावजूद अपनी कल्पना को रंगों में साकार करने वाले कुरूद के प्रसिद्ध चित्रकार बसंत साहू को दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में भारत - की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अपने हाथों - से सम्मानित किया। भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजन - सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार - 2025 के अंतर्गत कुरुद के प्रसिद्ध चित्रकार बसन्त साहू को सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन चुना गया था। 3 दिसंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में उन्हें इस राष्ट्रीय - पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ और देश के लिए गर्व का क्षण है। विदित हो कि तीस साल पहले 15 सितंबर 1995 को एक सड़क दुर्घटना में बसंत के रीढ़ की - हड्डी बुरी तरह प्रभावित हो गई, डॉक्टरों ने स्पष्ट कर दिया - कि उनका 95 फीसदी शरीर काम नहीं करेगा।

इस घटना के बाद वे महीनों बिस्तर पर रहे और बिस्तर पर लेटे हुए दीवारों पर लगी तस्वीरों को देख-देख कर चित्रकारी का मन बना लिया। इसके बाद उन्होंने कोरे कागज पर चित्र उकेरने शुरू किया। लेकिन हाथों की उंगलियां साथ नहीं दे रही थी। तब उन्होंने अपने दाएं हाथ में एक पट्टा बंधवा उसमें ब्रश फंसाकर कैनवास में लकीरे उकेरने लगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जिलेवासियों को 194 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की आज देंगे सौगात

- 41 करोड़ रुपये के 94 कार्यों का लोकार्पण एवं 152 करोड़ रुपये के 80 कार्यों का करेंगे भूमिपूजन
- 16013 हितग्राहियों को 5 करोड़ से अधिक राशि का सामग्री एवं चेक का होगा वितरण

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 4 दिसम्बर 2025 को तहसील मुख्यालय सुहेला के दुर्गोत्सव मैदान में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय जिलेवासियों को 194 करोड़ 79 लाख रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। इसमें 41 करोड़ 91लाख रुपये के 94 कार्यों का लोकार्पण एवं 152 करोड़ 87 लाख रुपये के 80 कार्यों का भूमिपूजन कार्य शामिल है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा अतिविशिष्ट अतिथि होंगे। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर-चम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि होंगे।

कार्यक्रम में 16013 हितग्राहियों को 5 करोड़ से अधिक राशि का सामग्री एवं चेक वितरण किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास पूर्ण करने वाले 1073 हितग्राहियों को आवास की चॉबी सौंपी जायेगी। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना अंतर्गत 5000 किसानों को उनके अधिकार अभिलेख का वितरण, सायबर फ्रॉड प्रकरण के राशि वापसी का 27 लाख रुपये के चेक वितरण, श्रम विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को 83 लाख रुपये का चेक वितरण, आदिवासी विकास विभाग द्वारा 8333 छात्रों को 4 करोड़ 25 लाख पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति, छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत महिला स्व सहायता समूहों एवं सक्षम योजना अंतर्गत 16 हितग्राहियों को 25 लाख रूपए का चेक वितरण, खादी ग्रामोद्योग द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत 10 हितग्राहियों को 9 लाख 69 हजार रुपये, हम होंगे कामयाब अंतर्गत 60 हितग्राहियों को 6 लाख 81 हजार रूपए का चेक वितरण शामिल हैं।

प्रमुख लोकार्पण कार्य- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 12 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत के 1073 आवास निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 1करोड़ 74 लाख रुपये की लागत के एकल नल जल योजना अमाकोनी,1 करोड़ 61 लाख रुपये की लागत के रिट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना हथबंद, 1 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत के एकल नल जल योजना पौसरी , 1 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत के एकल नल जल योजना सेम्हराडीह, 1 करोड़ 43 लाख रुपये की लागत के नल जल प्रदाय योजना खपराडीह शामिल है।

प्रमुख भूमिपूजन कार्य- लोक निर्माण विभाग द्वारा 49 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत के बलौदाबाजार-रिसदा-हथबंद मार्ग मजबूतीकरण कार्य, 20 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत के बलौदाबाजार के रिसदा बायपास मार्ग निर्माण, 15 करोड़ 59 लाख रुपये की लागत के बलौदाबाजार में इंडोर स्टेडियम काम्प्लेक्स निर्माण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 8 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 717 आवासों का निर्माण, जल संसाधन विभाग द्वारा 8 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत के विकासखंड तिल्दा की कोल्हान नाले के पार सुंगेरा एनिकट निर्माण शामिल है।

न्यूज गैलरी

स्व. बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी में संविधान दिवस का आयोजन

कुम्हारी/नवप्रदेश। स्व. बिन्देश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा विगत 26 नवम्बर को संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और सक्रियता के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य चरण में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती सोनिता सत्संगी द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया।

धान बिक्री करने में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो: कलेक्टर मिश्रा

- समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश
- सभी नोडल एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर धान खरीदी केन्द्रों में उपस्थित होकर सुचारू रूप से धान खरीदी के कार्य को संचालित कराने के दिए निर्देश

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले किसानों के हितों की दृष्टि से अत्यंत महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री करने हेतु आने वाले कृषकों को किसी भी प्रकार असुविधा नही होनी चाहिए। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी धान खरीदी केन्द्रों में लगाई गई है उन्हें समय पर धान खरीदी केन्द्रों में उपस्थित होकर धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संचालित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 08 बजे अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कर सपूंर्ण व्यवस्था का समुचित मॉनिटरिंग करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक एवं श्री नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने राज्य शासन के निर्देशानुसार धान बिक्री हेतु किसानों का ऑफ्लाईन टोकन काटने के निर्देश दिए है।

खड़े ट्रक में घुसी तेज रफ्तार बाइक, युवक की मौके पर मौत

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा इलाके में एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है, जहां देर रात तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े ब्रेकडाउन ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार, कोलियारी (ल) निवासी छबि यादव मंगलवार रात अपने दोस्त को छोड़ने ग्राम पोंड गया था। दोस्त को छोड़कर वह घर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम जौंदी के पास सड़क किनारे बिना किसी संकेत चिन्ह के खड़े ब्रेकडाउन ट्रक के पिछले हिस्से से उसकी बाइक जा भिड़ी। हादसे में युवक के चेहरे और सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। घायल युवक को नवापारा सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवक की मौत से परिवार में मातम पसरा है। बताया जा रहा है कि मृतक के एक 3 साल का छोटा बच्चा है, जिसका पिता का साया हमेशा के लिए छिन गया। मृतक भाजपा युवा मोर्चा से जुड़ा था, जिसकी अचानक मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सड़क किनारे गलत तरीके से खड़ा करते हैं वाहन

घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों का कहना है कि वाहन चालक सड़क किनारे गलत तरीके से वाहन पार्क कर देते हैं, जो जानलेवा साबित हो रहा है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.202512100700001 /अ-27/वर्ष 2025-26

एद्त द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण/आवेदिकागण (1) चित्रा कुर्रे, (2) तामस्कर दोनों पिता स्व. मंगतू (3) कमला बाई पति स्व. मंगतू, (4) निर्मला, (5) कुलेन्द्री, (6) बिन्दु तीनों पिता स्व. मंगतू (7) कामिन बाई पति स्व. दुर्जन लाल, (8) राकेश कुमार, (9) पंकज कुमार, (10) देवेन्द्र कुमार तीनों पिता स्व. दुर्जन लाल, (11) दुलारी बाई पति स्व. कृष्ण कुमार, (12) श्रद्धा, (13) प्रतीक कुमार, (14) सृष्टि तीनों पिता स्व. कृष्ण कुमार, जाति- सतनामी, सभी निवासी म.नं. 166 सतनामी पारा रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा रिसाली प.ह.नं. 49, रा.नि.मं. रिसाली तहसील व जिला दुर्ग में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 695/1 रकबा 0.5940 हे. भूमि आवेदिकागण के संयुक्त / शामिलात रूप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिकागण के मध्य आपसी मौखिक बंटवारा के अनुसार बराबर-बराबर हिस्सों में विभाजित कर खाता विभाजन किए जाने बाबत् आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 24.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-74/वर्ष 2025-26

एद्त द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अमरीका वर्मा पति स्व. नोहर लाल वर्मा, निवास म.नं. 383 वार्ड नं. 10 बजरंग चौक घुमका, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी है। आवेदिका का पति स्व. नोहर लाला वर्मा आ. बाबू लाल की मृत्यु दिनांक 02/09/2025 को निवास स्थान घुमका में हो गई थी जो कि कलेक्टर कार्यालय जिला दुर्ग के नजूल जांच शाखा में चैनमेन के पद पर पदस्थ थे। जिनकी मृत्यु के पूर्व आवेदिका अपने पति स्व. नोहर लाल वर्मा आ. बाबू लाल के ऊपर पूर्ण रूप से आश्रित थी। (आवेदिका द्वारा उप संचालक, कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन दुर्ग का पेंशन प्रकरण में पेंशन नामांकन प्रपत्र में नाम अंबिका बाई वर्मा पेंशन प्रस्ताव अमरीका वर्मा के नाम से प्रस्तुत किया गया है।) आवेदिका पेंशन प्राप्त करने हेतु आश्रिता प्रमाण-पत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 22.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.12.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ती येमिका चन्द्राकर पिता श्री राजेश कुमार चन्द्राकर माता-श्रीमती षष्ठ चन्द्राकर उम्र 25 वर्ष, निवासी कोनारी, पोस्ट पिसेगांव तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं। यह कि, मेरा नाम, पता शीर्ष में दर्शाय अनुसार है। में येमिका चन्द्राकर पिता राजेश कुमार चंद्राकर के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं पूर्व कक्षा के शैक्षणिक अभिलेखों में मेरा नाम येमिका चन्द्राकर दर्ज है। यह कि, मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मेरा कक्षा तीसरी से कक्षा बारहवी तक के अंकसूची में मेरा नाम येमिका लिखा हुआ है। मेरे अकसूची में मेरा उपनाम जो कि, (चन्द्राकर) है दर्ज नहीं हुआ है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार कर येमिका चन्द्राकर पढ़ा व समझा जावे। यह कि, मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि यह शपथ पत्र मुझे छ.ग. शासन के राजपत्र में नाम परिवर्तन सूचना प्रकाशित किये जाने हेतु आवश्यकता है।

शपथकर्ती
येमिका चन्द्राकर
पिता-श्री राजेश कुमार चन्द्राकर
माता-श्रीमती षष्ठ चन्द्राकर
निवासी-कोनारी, पोस्ट-पिसेगांव
तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202511100700089 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है आवेदक मुकुल बालोनकर आ. स्व. बी.आर. बालोनकर साकिन गणपति विहार बोरसी द्वारा ग्राम पोटियाकला प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 375/7, 8, 380/1, 2 का टु. रकबा 1800 वर्गफीट को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से भागीदार देवेन्द्र मध्यानी आ. खेमामल मध्यानी से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 19.12.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202512104700003 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री थानसिंह सेन पिता स्व. दयाल सेन उम्र 46 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 03, जेवरा पोस्ट जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा स्थित भूमि मौजा ग्राम-सिरसाखुर्द प.ह.नं. 06, रा.नि.म. जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 469 रकबा 0.6600 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक की बुआ गंगाबाई पिता रामजी एवं अन्य सहखातेदारों के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदक की बुआ गंगाबाई पिता रामजी का स्वर्गवास दिनांक 12/06/1991 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)**

Public Notice U/s 72 of The Indian Partnership Act, 1932

Notice is hereby given to the general public that pursuant to reconstitution of the Partnership firm "M/s. Tridymite Ventures" executed on 12.11.2025, Shri Nitin Jain S/o Jai Chand Jain, aged about 34 years, R/o- MIG-61, Vaishali Nagar, Ram Nagar, Supela, Bhilai, District Durg 490023 (C.G) had retired unanimously from the above firm with effect from 31.08.2025 AND Smt. Versha Sarnaik W/o Praveen Kumar Sarnaik, aged about - 56 years, R/o- 780, Ward No. 11, Near Dushera Maidan, Shanti Nagar, Bhilai, District - 490023 (C.G) and at Present residing at Flat No. E2/21, CHPL, Chouhan Town, Junwani, Tehsil - Durg, District - Durg 490020 (C.G) has joined in the partnership firm with effect from 30.08.2025.

The business of the firm with effect from 31.08.2025 is carried on by the continuing partners namely, 1) 1) Palash Sarnaik S/o Praveen Kumar Sarnaik and 2) Smt. Versha Sarnaik under the same firm name. The retiring partner shall not be responsible for any acts, dealings, or transactions of the firm conducted after the said date i.e. 31.08.2025.

For M/s. Tridymite Ventures
Palash Sarnaik
(Partner)

आम-सूचना
नाम परिवर्तन के संबंध में

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आर्या मिश्रा पिता नूतन प्रकाश मिश्रा, आयु-20 वर्ष, निवासी ग्राम अगरी, पो. ओडिया, तहसील थान खम्हरिया जिला बेमेतरा, वर्तमान पता- कृष्णा विहार कालोनी, बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) की निवासी है, मेरे पक्षकार के आधार कार्ड में नाम- आर्या मिश्रा उर्फतनु मिश्रा (Arya Mishra Urf Tanu Mishra) दर्ज है, जबकि मेरे पक्षकार का सही एवं वास्तविक नाम- आर्या मिश्रा (ARYA MISHRA) है, कि आर्या मिश्रा एवं आर्या मिश्रा उर्फ तनु मिश्रा दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे पक्षकार का नाम है। भविष्य में मेरे पक्षकार को आर्या मिश्रा पिता नूतन प्रकाश मिश्रा, के नाम से जाना एवं पहचाना जावेगा।

अत: सो सूचना जानें।

निखिल महलवार
अधिवक्ता- जिला न्यायालय दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9827930577

कार्यालय अधिष्ठाता
पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना

पत्र क्रं.-19642/निविदा/2025-26 रायपुर,दिनांक 01/12/2025

पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के केन्द्रीय ग्रंथालय के लिए आवश्यक पुस्तक (प्रिंट) क्रय हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी एवं निविदा प्रपत्र महाविद्यालय के वेबसाईट www.ptjnmcraipur.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा जमा की अंतिम तिथि- 02/01/2026 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि- 02/01/2026 समय सायं 4:00 बजे
स्थान- अधिष्ठाता कार्यालय, पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

अधिष्ठाता
पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

जी-252605169/3

न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

रा.प्र.क. 202509210100015 अ/59 वर्ष 2024-2025
ग्राम कोकडी प.ह.नं. 16

// ईश्तहार //

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उपसंचालक खाद्य औषधि प्रशासन, बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का पत्र क्रमांक खाद्य एवं औषधि/2025/1138 बलौदाबाजार दिनांक 08/09/2025 के माध्यम से ग्राम-**कोकडी** प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं. 845/2/क का टुकडा रकबा 0.050 हेक्टेयर को कार्यालय / भवन निर्माण हेतु आबंटन किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय, बलौदाबाजार-भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार के माध्यम से प्राप्त हुआ है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 22/12/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह उदघोषणा आज दिनांक 27/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मुहर जी -252605200/1 — **तहसीलदार बलौदाबाजार**

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक एवं सही नाम डेमीन बाई साहू पति स्व. परमानंद साहू है जो कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम डेमीन बाई साहू पति स्व. परमानंद साहू दर्ज है परन्तु मेरे पुत्र दुलेश्वर साहू के शैक्षणिक दस्तावेज अर्थात् अंकसूचियों व दाखिली खारिज में मेरा नाम डोमिन साहू डमिन साहू एवं मेरे पति का नाम प्रकाश साहू दर्ज किया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम डेमीन बाई साहू पति स्व. श्री परमानंद साहू को ही अपने पुत्र दुलेश्वर साहू के शैक्षणिक, शासकीस, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहती हूँ जिस हेतु मुझे गजट प्रकाशन की आवश्यकता है।

शपथकर्ती
डेमीन बाई साहू
पति स्व. श्री परमानंद साहू
निवासी-वार्ड नम्बर-10, सरस्वती विद्यापीठ स्कूल के पास, शंकर नगर, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)
पिन कोड-491001

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक एवं सही नाम डेमीन बाई साहू पति स्व. परमानंद साहू है जो कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम डेमीन बाई साहू पति स्व. परमानंद साहू दर्ज है परन्तु मेरी पुत्री मधु साहू के शैक्षणिक दस्तावेज अर्थात् अंकसूचियों व दाखिली खारिज में मेरा नाम डामिन साहू एवं मेरे पति का नाम प्रकाश साहू दर्ज किया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम डेमीन बाई साहू पति स्व. श्री परमानंद साहू को ही अपनी पुत्री मधु साहू के शैक्षणिक, शासकीस, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहती हूँ जिस हेतु मुझे गजट प्रकाशन की आवश्यकता है।

शपथकर्ती
डेमीन बाई साहू
पति स्व. श्री परमानंद साहू
निवासी-वार्ड नम्बर-10, सरस्वती विद्यापीठ स्कूल के पास, शंकर नगर, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)
पिन कोड-491001

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वास्तविक एवं सही नाम हर्षा गढ़िया है जो कि मेरे आधार कार्ड एवं मेरे पैन कार्ड में मेरा नाम हर्षा गढ़िया पिता श्री सूर्यकांत गढ़िया दर्ज है परन्तु मेरे शैक्षणिक दस्तावेज अर्थात् अंकसूचियों में मेरा नाम हर्षा दर्ज किया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में दर्ज नाम हर्षा गढ़िया पिता श्री सूर्यकांत गढ़िया को ही अपने शैक्षणिक, शासकीस, अर्द्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहती हूँ जिस हेतु मुझे गजट प्रकाशन की आवश्यकता है।

शपथकर्ती
हर्षा गढ़िया पिता सूर्यकांत गढ़िया
निवासी-वार्ड नम्बर-25, पेट्रोल पंप के पास, मिश्री गोडाऊन, स्टेशन रोड, ग्रीन चौक, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-491001

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No. 03-05/T-07/2025-26/ 757 Raipur, Dtd. 28/11/2025

E-TENDER NOTICE

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP-SRM) from experienced & reputed contractors for: –

S.N.	Tender No. / Rfx No.	Particulars	Online Tender fee (Rs.)	Online E.M.D. (Rs.)	Last date & time of bid submission	Bid opening date (EMD, Tech- Bid)
1.	03-05/T-07/2025-26 RFX No. 8100047877	Deployment of 3 nos. Data Entry operator on contract basis through contractor/ agency for the period of 2 years for O/o ED (Project), CSPGCL, Raipur.	590/- (including GST @18%) Non Refundable	17,000/- Refundable	21.12.2025 Upto 15:30 Hrs.	21.12.2025 at 16:00 Hrs.

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:- https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal . Any amendment /corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY S-46114/3 **Executive Director (Project) CSPGCL, Raipur**

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, विधानसभा संभाग, रायपुर

क्रमांक-5951/NIT-13/2025-2026/व.ले.लि. दिनांक 02/12/2025

द्वितीय आमंत्रण

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कने की अंतिम तिथि- 09/12/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि- 12/12/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त कराने की अंतिम तिथि - 15/12/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि- 16/12/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम / NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) अमानत राशि (रु.मे) साल्वेंसी राशि (रु.में)
1	2	3
13 T0069	Construction of toilet/urinal for handicaped women and toilet/urinal for trangendards in the civil court tilde-neora dist. Raipur (C.G.)	3.52 2640.00 52800.00

// नियम व शर्ते //

1. ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी द से अ तक।
2. कार्य की अवधि T0069-01 माह है।
3. निविदा प्रपत्र की कीमत 750/- है।
4. हस्तगत कार्यो की सूची (Work in hand) की जानकारी एनेक्झर-II में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
5. वैध जी.एस.टी. नंबर / वैध बैंक साल्वेंसी / वैध पंजीयन प्रमाण पत्र/ ई.पी.एफ नंबर होना अनिवार्य है।
6. निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
जी-252605198/3 **लो.नि.वि., विधानसभा संभाग रायपुर (छ.ग.)**

नाम परिवर्तन

मैं सरोज सारथी (SAROJ SARTHI) पति रामेश्वर सारथी, आयु 35 वर्ष निवासी-मकान नं. 533, वार्ड नं.-04, राजीव नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ :- यह कि मेरा नाम व पत्ता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र मेरा नाम कु. सरोज (KU. SAROJ) दर्ज है एवं मेरे मतदाता परिचय पत्र एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का किशोर शक्ति योजना प्रमाण पत्र में मेरा नाम सरोज सारथी (SAROJ SARTHI) दर्ज है, जो कि सत्य व सही है। यह कि मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड में मेरा घरेलू नाम ज्योति सारथी (JYOTI SARTHI) दर्ज हो गया है। यह कि कु. सरोज (KU. SAROJ) ज्योति सारथी (JYOTI SARTHI) एवं सरोज सारथी (SAROJ SARTHI) तीनो एक ही व्यक्ति का है अर्थात् मेरे स्व्यं का नाम है। यह कि मैं अपने आधार कार्ड व पेन कार्ड एवं शासकीय, अशासकीय दस्तावेजो में वास्तविक एवं सही नाम सरोज सारथी (SAROJ SARTHI) दर्ज करवाना चाहती हूं। जिसके संबंध में यह शपथपत्र प्रस्तुत है। अत: यह शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता में शासकीय राजपत्र गजट प्रकाशन राजनांदगांव हेतु सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ती
सरोज सारथी
पति रामेश्वर सारथी
निवासी- मकान नं. 533, वार्ड नं.-04, राजीव नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ती केवरी बाई पति श्री राकेश कुमार हरदहे पिता श्री प्रेम लाल लोधी उम्र 37 वर्ष, निवासी श्रद्धा सुमन स्कुल कोहका, सनातन नगर वार्ड नंबर 08, सुपेला भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) 490023 का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं:- यह कि, मै दर्शित पते पर निवास करता हूं। यह कि, मेरे भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड नंबर 4170 9985 6954, अंकसूची, पेन कार्ड एवं बैंक खाता में मेरा नाम केवरी बाई (KEWRI BAI) दर्ज है। जो कि मेरे विवाह के पूर्व का नाम है। यह कि मेरा विवाह होने उपरांत मुझे कावेरी लोधी पति राकेश कुमार हरदहे के नाम से जाना एवं पहचाना जाता है जिसे नाम को मैं अपने समस्त दस्तावेजों में दर्ज करवाना चाहती हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक खाता में दर्ज नाम केवरी बाई (KEWRI BAI) के स्थान पर मेरा नाम कावेरी लोधी (KAVERI LODHI) को दर्ज करवाना चाहती हूं तथा इसी नाम कावेरी लोधी (KAVERI LODHI) से मुझे जाने पहचाने व पुकारे जाने बाबत् शासकीय गजट में प्रकाशन करवाना चाहती हूं।

शपथकर्ती
केवरी बाई पति राकेश कुमार हरदहे
निवासी श्रद्धा सुमन स्कुल कोहका, सनातन नगर वार्ड नंबर 08, सुपेला भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800025

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी मुरारीलाल शर्मा पिता/पति स्व. दुर्गादास शर्मा पता, योगेश भारद्वाज पिता/पति मुरारीलाल शर्मा पता बंगला नं. 04 सड़क 16, हेमंतर भारद्वाज पिता/पति मुरारीलाल शर्मा पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 276/200(0.0330) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता योगेश भारद्वाज पिता/पति स्व. मुरारीलाल शर्मा पता मकान नं. 33 सड़क नं. 19 सी शांतिकुंज रिसाली, हेमंत भारद्वाज पिता/पति स्व. मुरारीलाल शर्मा पता मकान नं. 33 सड़क नं. 19 सी शांतिकुंज रिसाली के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.12.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.11.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि -12/12/2025

स. क्र.	नि.आ.सु.क्र./ नि.आ.सु. दिनांक	सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
01	02	03	04	05
3	199/2025-26 दिनांक 01/12/2025	**180808** (तृतीय आमंत्रण)	जिला-बीजापुर ब्लॉक-बीजापुर के अंतर्गत नैमेड़ में (शेष कार्य) तसर बीजागार भवन का निर्माण कार्य।	**35.35**

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
जी-252605207/3 **बस्तर मंडल जगदलपुर**

भाजपा का अहंकार बनाम राहुल गांधी की इंसानियत

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि गुजरात में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा मंच में भाषण दे रहे थे। मंच के पास सुरक्षा कर्मी अचानक बेहोश होकर गिर पड़ाता है।लेकिन नड्डा का भाषण चलता रहाता है। ये बेहद ही निंदनीय है मंच पर बैठे किसी भाजपा नेता ने उठकर उक्त जवान का हालचाल तक नहीं पूछा। भाजपा नेताओं की संवेदनहीनता देश ने देख लिया। यही दृश्य एक सवाल छोड़ जाता है। आखिर इतना अहंकार गुरूर क्यों? क्या संवेदना सत्ता से बड़ी नहीं होनी चाहिए?भाजपा में इंसान से ऊपर इवेंट और इमेज कैसे हो गया?

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की संवेदनहीनता के कारण देश प्रदूषण से कराह रहा है, युवा बेरोजगारी से टूट रहे हैं, किसानो की आत्महत्या की घटना घट रही है महंगाई ने हर घर का बजट बिगाड़ दिया है।लेकिन भाजपा के नेताओं और इनकी सरकारों को कोई फर्क नहीं पड़ता।जनता की पीड़ा इनके भाषण बाधित नहीं करती।

प्रधानमंत्री 'मन की बात' में व्यस्त हैं, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोदी गान में मस्त है। जनता महंगी बिजली,बढ़ती बेरोजगारी,भ्रष्टाचार की लूट से त्रस्त है। आपराधिक घटनाओं से छत्तीसगढ़ थर्रा रहा है।लेकिन भाजपा के नेता सत्ता के नशे में मदमस्त है जनता को ठीक उसी तरह जैसे इस वीडियो में सुरक्षा कर्मी गिरा पड़ा था, भाजपा ने उसे उसके हाल पर छोड़ दिया। ठीक उसी तरह जनता को भी इन लोगों ने उसके हाल पर छोड़ रखा है।

व्यापक तैयारी हेतु कैट, स्वदेशी जागरण मंच एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक

- स्वदेशी संकल्प यात्रा 9 को रायपुर पंहुचेगी
- व्यापारिक संगठनों ने स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा के भव्य स्वागत हेतु सहमति दी

रायपुर/नवप्रदेश। स्वदेशी संकल्प यात्रा के रायपुर आगमन को लेकर शहर भर मे उत्साह का का माहौल है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में संचालित यह यात्रा प्रदेश के व्यापारिक जगत, उद्यमियों, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों में नई ऊर्जा का संचार कर रही है। स्वदेशी संकल्प यात्रा आगामी 9 दिसम्बर को रायपुर पंहुचेगी जिसकी यात्रा के स्वागत एवं कार्यक्रमों की तैयारियाँ हेतु आज कैट प्रदेश कार्यालय में कैट, स्वदेशी जागरण मंच एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल ने बताया कि स्वदेशी संकल्प यात्रा आगामी 9 दिसम्बर को रायपुर पंहुचेगी, स्वदेशी संकल्प यात्रा को भव्य एवं प्रभावी रूप से सफल बनाने हेतु पदाधिकारियों की बैठक हुई। उन्होनें आगे बताया कि स्वदेशी संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि स्वदेशी विचार को जमीनी स्तर तक ले जाया जाए और हर नागरिक को ÷स्वदेशी बेचो - स्वदेशी खरीदो÷ का संकल्प दिलाया जाए। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने से देश की (जीडीपी) अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलता है और रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। यह आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ाता है, आयात पर निर्भरता कम करता है और स्थानीय संस्कृति तथा हस्तशिल्प को संरक्षित करने में मदद करता है।

इसके अतिरिक्त, यह पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है, क्योंकि इससे परिवहन की आवश्यकता कम होती है, हम बाजार के दुकानदारों के साथ ग्राहकों से भी अपील कर रहे हैं कि स्वदेशी अपनाकर भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करें, चूंकि देश का पैसा देश में रहेगा तो हम लोग उन्नति करेंगे। हम भारतीय हैं और हमारा फर्ज बनता है कि हम भारतीय वस्तुओं को ही खरीदें।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की जयंती पर राज्यपाल ने किया नमन

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के प्रथम राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की जयंती पर आज राज्यपाल रमेन डेका ने लोकभवन में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। राज्यपाल रमेन डेका ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया।इस अवसर पर लोकभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी डॉ. शुक्ल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों एवं मूल्यों का स्मरण किया।

राज्य वीरता पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित 20 दिसंबर अंतिम तिथि

रायपुर/नवप्रदेश। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश में बच्चों द्वारा किसी विशेष घटना में प्रदर्शित अदम्य साहस एवं अनुकरणीय बुद्धिमत्ता के सम्मान के लिए राज्य वीरता पुरस्कार 2025 प्रदान किए जाने का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस पुरस्कार के अंतर्गत कुल 05 बालक, बालिकाओं को रुपए 25,000 की प्रोत्साहन राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम ने इस पुरस्कार के लिए पात्र बच्चों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक बालक, बालिकाएँ अथवा उनके अभिभावक पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं आवश्यक सभी दस्तावेजों सहित अपना आवेदन 20 दिसंबर 2025 को सायं 05: 30 बजे तक जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, कबीरधाम में प्रस्तुत कर सकते हैं।आवेदन सीलबंद लिफाफे में जमा किया जाना अनिवार्य है तथा लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से ÷राज्य वीरता पुरस्कार वर्ष 2025÷ अंकित होना चाहिए। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। विस्तृत दिशा-निर्देश एवं आवेदन का निर्धारित प्रारूप कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम के सूचना पटल पर तथा जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

भरतनाट्यम सब जूनियर कैटेगरी में स्वानंदी उपविजेता

रायपुर/नवप्रदेश। नव्य नाटक समिति और तेलंगाना संगीत नाटक अकादमी, डिपार्टमेंट ऑफ लेंग्वेज × कल्चर, तेलंगाना सरकार के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय आल इंडिया म्यूजिक एवं डांस काम्पीटिशन में स्वानंदी वंजारी भरतनाट्यम की प्रस्तुति देकर सब जूनियर कैटेगिरी में उपविजेता रहीं। डीडी नगर रायपुर निवासी अंकुर वंजारी की बेटी स्वानंदी ने बताया कि आयोजन में कलाकारों को लाइव आर्केस्ट्रा के साथ अपनी-अपनी प्रस्तुति देनी थी। इसमें स्वानंदी ने मनमोहक भतरनाट्यम की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। 12 वर्षीय स्वानंदी ने जी. रतीश बाबू के मागदर्शन प्रस्तुति देकर स्पर्धा के सब जूनियर कैटेगरी में उपविजेता रहीं।23 दिसंबर को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तेलंगाना हार्डकोर्ट के जस्टिस लक्ष्मीनारायण अलीसेठी, तेलंगाना सरकार के सेवानिवृत्त सलाहकार डा. केवी रमन चेरी और तेलंगाना शासन के ट्रेजरी और एकाउंट विभाग के डिप्टी डायरेक्टर जी वसुंधरा उपस्थित थीं।

डबरी निर्माण से बदली खुड़िया के किसान कुंवर सिंह की किस्मत

- मत्स्य पालन से कमा रहे 3.60 लाख रुपये वार्षिक

रायपुर/नवप्रदेश। मुंगेली जिले के विकासखंड लोरमी अंतर्गत ग्राम पंचायत खुड़िया के किसान कुंवर सिंह ने मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत डबरी निर्माण से अपनी आजीविका में उल्लेखनीय सुधार किया है। मनरेगा के तहत डबरी निर्माण ने न केवल कुंवर सिंह के खेतों में हरियाली लौटाई है, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी समृद्ध बनाया है। वर्षों से खेतों में सिंचाई सुविधा के अभाव के कारण उत्पादन प्रभावित हो रहा था और किसान वर्षा आधारित खेती पर ही निर्भर थे। गर्मी के मौसम में खेत सूख जाते थे, जिससे आय सीमित हो जाती थी और परिवार आर्थिक तंगी का सामना करता था।

महात्मा गाँधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ग्रामीण आजीविका सुधार के उद्देश्य से ग्राम पंचायत खुड़िया में कुंवर सिंह की निजी भूमि पर डबरी निर्माण स्वीकृत होने के उपरांत स्थल निरीक्षण और तकनीकी स्वीकृति के बाद ग्राम पंचायत द्वारा कार्य को पूर्ण कराया गया। कार्य पूर्ण होने के बाद किसान को एक गहरी, सुव्यवस्थित और वर्षा जल संग्रहण में सक्षम डबरी प्राप्त हुई। डबरी निर्माण के बाद कुंवर सिंह बहुआयामी लाभ प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही अब वे पूरे वर्ष खेतों की सिंचाई कर पा रहे हैं, जिससे दोहरी फसल उत्पादन से आय में वृद्धि हुई है। डबरी में मत्स्य पालन कर वे 3.60 लाख रुपये वार्षिक अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही डबरी की मेड़ों पर सब्जियाँ, अरहर सहित अन्य फसलें उगा रहे हैं, जिससे पशुओं के लिए हरा चारा भी उपलब्ध हो रहा है।

जिला पंचायत के अधिकारियो ने बताया कि कुंवर सिंह की मेहनत और इच्छा शक्ति के साथ मनरेगा संरचना ने उनकी आजीविका में महत्वपूर्ण सुधार किया है। उन्होंने कहा कि यह उदाहरण दर्शाता है कि मनरेगा संरचनाएँ आजीविका संवर्धन में अत्यंत प्रभावी हैं तथा हितग्राही न केवल स्थायी परिसंपत्तियाँ प्राप्त करते हैं, बल्कि मजदूरी के माध्यम से तत्काल आय भी अर्जित करते हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में मनरेगा के पैरा-5 अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को डबरी निर्माण, पशु शेड, बकरी शेड, मुर्गी शेड, सूअर शेड और कुएँ जैसे हितग्राही मूलक कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण परिवारों को आजीविका सुधार का सशक्त अवसर मिल रहा है।

रिंग फाइट के खिलाड़ियों ने किया किक और पंच का अभ्यास

- पश्चिम बंगाल में 12 से 14 दिसंबर तक होगी 9वीं नेशनल फाइनल चैम्पियनशिप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन की टीम अपने विजयी लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार कड़ी मेहनत और पसीना बहा रही है। हर शनिवार और रविवार को टीम संत ज्ञानेश्वर स्कूल पहुंच अभ्यास कर रही है। बीते शनिवार को टीम ने किक और पंच का अभ्यास किया। बतादें कि पिछले वर्ष टीम ने आंध्रप्रदेश में तीन स्वर्ण सहित कुल 10 पदक अपने नाम किया था।

छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन के सचिव और कोच ओपी कटारिया ने बताया कि इस खेल में टाइमिंग और पावर का सही इस्तेमाल ही जीत का आधार होता है। रस्सा खींच के बाद यह दो राउंड बेहद आवश्यक होता है। जो आपको जीत की ओर ले जाता है। किक और पंच सही टाइमिंग, प्लेस और पावर का होना बेहद जरूरी है। रिंग फाइट का खेल तीन राउंड का होता है। पहला राउंड रस्सा खींच है। इसके लिए प्रतिभागी को महज 15- 20 सेकंड दिया जाता है। दूसरा राउंड पंचेस फाइट का होता है। इसके लिए दो मिनट का समय निर्धारित होता है। दोनों खिलाड़ी एक- दूसरे के चेहरे पर पंच बरसाते हैं। तीसरा राउंड किक्स का होता है। इसमें प्रतिभागी प्रतिस्पर्धी पर दो मिनट में ही फ्री स्टाइल में फाइटिंग करते हैं। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन की उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल ने बताया कि अनुभवी कोच ओपी कटारिया और वरिष्ठ खिलाड़ी वर्तिका क्षीरसागर के मार्गदर्शन में टीम समन्वय, अनुशासन और इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किए गए। पवनी ओगले, रेशु जायसवाल, तन्वी साई, यशिका साहू, आयुष्मान कालेले, विहान कालेले, गौरव हिमने, अनीष जायसवाल, अभिमन्यु, पुष्कर साहू, आदित्य नारायण, तुषार वर्मा और रोनक वर्मा अभ्यास में जुटे थे।

वन मंत्री कश्यप से एसईसीएल के सीएमडी ने की सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप से आज नया रायपुर स्थित उनके निवास, कार्यालय में एसईसीएल के चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) हरीश दुहन ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान एसईसीएल के डायरेक्टर (एचआर) बिरंची दास भी उपस्थित थे। भेंट के दौरान वन मंत्री कश्यप को सीएमडी दुहन ने एसईसीएल द्वारा राष्ट्र निर्माण, ऊर्जा सुरक्षा और छत्तीसगढ़ में किए जा रहे सी एस आर आधारित विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि एसईसीएल प्रदेश के सर्वांगीण विकास और समुदायों के उत्थान के लिए आगे भी निरंतर कार्य करता रहेगा। मंत्री केदार कश्यप ने एसईसीएल के योगदान की सराहना की और कहा कि कंपनी प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

रामकृष्णन चंदर ने भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाला

रायपुर/नवप्रदेश। रामकृष्णन चंदर को 1 दिसंबर 2025 को भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है। उन्हें 1 दिसंबर 2025 की भारत सरकार की अधिसूचना के तहत प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

चंदर 1990 में सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम में शामिल हुए और उन्होंने बरिष्ठ मंडल प्रबंधक, विपणन एवं पेंशन एवं समूह योजनाओं के क्षेत्रीय प्रबंधक, और भारतीय जीवन बीमा निगम की अंतर्राष्ट्रीय परिचालन रणनीतिक व्यावसायिक इकाई के कार्यकारी निदेशक सहित कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है। भारतीय जीवन बीमा निगम के विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में उन्हें 35 वर्षों से अधिक का अनुभव है। प्रबंध निदेशक के रूप में अपनी पदोन्नति से पहले, उन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य निवेश अधिकारी (सीआईओ) और निवेश (फ्रंट ऑफिस) विभाग के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्य किया।

चंदर विज्ञान जातक हैं और वित्तीय प्रबंधन में जातकोत्तर डिप्लोमा धारक हैं। वे इन्शुरन्स इन्स्टीट्युट ऑफ इंडिया के फेलो भी हैं। उनका करियर मज़बूत रणनीतिक और परिचालन नेतृत्व से चिह्नित है, उन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम के निवेश पोर्टफोलियो और अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों का सफलतापूर्वक प्रबंधन किया है। सीआईओ के रूप में, चंदर ने भारत के सबसे बड़े निवेश पोर्टफोलियो में से एक का नेतृत्व किया और बीमा क्षेत्र में भारतीय जीवन बीमा निगम के वित्तीय प्रदर्शन और नवाचार को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में, निवेश प्रतिफल में वृद्धि हुई और पॉलिसीधारकों को बेहतर मूल्य प्राप्त हुआ।

रबी फसलों के लिए फसल बीमा पोर्टल चालू

अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने रबी मौसम 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का पोर्टल चालू कर दिया है। यह योजना किसानों को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलभराव, कीट-व्याधि और ओलावृष्टि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए सुरक्षा कवच प्रदान करती है। पिछले वर्ष रबी सीजन में फसल कटाई प्रयोगों के आधार पर जिले के 28,037 किसानों को 48 करोड़ 62 लाख रुपये की दावा राशि का भुगतान किया गया था। इस वर्ष जिले के 420 से अधिक अधिसूचित ग्रामों के किसान अपनी रबी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तय की गई है।

इस बार गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित, चना, अलसी और सरसों जैसी अधिसूचित फसलों का बीमा किया जा सकेगा। योजना में ऋणी, अऋणी, भू-धारक और बटाईदार सभी प्रकार के किसान शामिल हो सकते हैं। अधिसूचित ग्रामों में अधिसूचित फसल बोने वाला हर इच्छुक किसान इस योजना का लाभ उठा सकता है।

प्रीमियम दरों के अनुसार किसानों को प्रति हेक्टेयर गेहूं सिंचित के लिए 690 रुपये, गेहूं असिंचित के लिए 405 रुपये, चना के लिए 645 रुपये, अलसी के लिए 315 रुपये और सरसों के लिए 375 रुपये जमा करने होंगे।

किसान अपने निकटतम बैंक शाखा, ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सेवा सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र या भारत सरकार के बीमा पोर्टल के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं। प्रशासन ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि अंतिम तिथि से पूर्व अपनी फसलों का बीमा अवश्य कराएं ताकि किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सके। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान कृषि, राजस्व, बैंक या बीमा कंपनी के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

भाजपा सरकार का हर निर्णय जन विरोधी है : कांग्रेस

- एक विधायक की ज़िद पर स्काईवॉक बना रहे,
- चौपाटी पर बुल्डोजर चला, अनाप शनाप गाइडलाइन

रायपुर/नवप्रदेश। गाइडलाइन दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि पर सरकार के अड़ियल रवैये पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि प्रदेश के व्यापारी पहले ही ट्रेड लाइसेंस और गुमास्ता के हर साल नवीनीकरण के बदले हुए नियम से परेशान हैं, अब गाइडलाइन की दरें जिस प्रकार से बढ़ाई गई है उससे जनता में यह सवाल आम है कि आखिर यह सरकार है किसकी? जनता की तो दिखती नहीं है। बिना किसी सलाह मशवरे के बिना सुझाव बिना दावा आपत्ति के अचानक जमीनों की गाइडलाइंडर कई गुना बढ़ा दी गई इसके विरोध में प्रदेश की आम जनता शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रही है। इस अलोकतांत्रिक सरकार में असहमति के लिए कोई स्थान नहीं है, सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों को कुचलने के लिए बर्बरता पर उतर आई है, महिलाओं और कारोबारियों को पीटा जा रहा है, लाठी डंडे और लात घुसे चलाए जा रहे हैं, जेल भेजे जा रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सत्ता के अहंकार में भारतीय जनता पार्टी के नेता जमीन कारोबारीयों को अपराधी के तौर पर प्रस्तुत कर रही है, किसानों, गरीब मध्यमवर्गीय परिवारों के द्वारा भूखंड खरीदने वालों को भ्रष्टाचारी बता रही है, क्या जमीन की खरीदी बिक्री करना इस सरकार में अपराध हो गया है? रोजी, रोजगार, नौकरी तो यह सरकार दे नहीं पा रही, यदि कोई व्यक्ति जमीन के कारोबार से अपना परिवार पाल रहा है, तो इस सरकार में वह अपराधी हो गया?

कोल इंडिया के रिटायर अधिकारी के घर 7 लाख के जेवर पार, केस

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अलग-अलग इलाकों में सेंधमारी की वारदातों में चोरों ने लाखों के सोने-चांदी के जेवर और महंगी घड़ियां पार कर दी हैं। टाटीबंध स्थित उदया सोसायटी में रिटायर कोल इंडिया अधिकारी के सूने मकान से 7 लाख रुपए से अधिक की चोरी हुई है।

चोर आलमारी में रखे कैश, जेवर और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार टाटीबंध उदया सोसायटी में नंदन प्रसाद का मकान है। वे कोल इंडिया से रिटायर अधिकारी हैं। वह परिवार के साथ 26 अक्टूबर को शादी में शामिल होने बिहार गए थे और 29 अक्टूबर को लौटे। इस दौरान चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़कर घुसपैठ की और महंगी घड़ी, सोने-चांदी के जेवर समेत 7 लाख रुपए से अधिक का सामान चोरी कर लिया। इसी प्रकार कालीनगर में कारोबारी गदाधर जगह के मकान से 1.66 लाख रुपए नगद और करीब तीन लाख रुपये के जेवर चोरी किए गए। डीडी नगर में मंजू शर्मा के घर से 25 हजार रुपये और जेवरात, वहीं सगता कॉलोनी में तापस भौमिक के घर से दो लाख रुपये के जेवर पार कर दिए गए। पुलिस टीम सभी घटनास्थलों से फुटेज और सबूत जुटा रही है तथा चोरों की तलाश जारी है।

छत्तीसगढ़ में फिर बढ़ेगी ठिठुरन, अगले 48 घंटों में फिर गिरेगा तापमान

■ **कई जिलों शीतलहर का अलर्ट**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर ठंड ने दस्तक दे दी है। करीब एक सप्ताह की राहत के बाद फिर से तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। तापमान में गिरावट के कारण दिन और रात तामपान में अंतर दिखाई दे रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, बस्तर के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है। हालांकि बाकि प्रदेश का मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं मौसम विभाग ने शीतलहर की चेतावनी भी दी है।

छत्तीसगढ़ में फिर बढ़ेगी ठिठुरन

मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान का असर कम होने के कारण बस्तर संभाग के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना हो सकती है, हालांकि अब भी बनी हुई है। हालांकि यह सिस्टम कमजोर पड़ गया है जिस कारण से तापमान में गिरावट की संभावना है।

अगले 48 घंटों में बदलेगा मौसम

छत्तीसगढ़ में दो दिन के बाद राज्य के तापमान में गिरावट का दौर शुरू होगा। पिछले 24 घंटों में राज्य का सबसे अधिक तापमान 29 l4 डिग्री दुर्ग जिले में दर्ज किया गया है। वहीं, सबसे कम तापमान 10 l4 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया है। मौसम में आए बदलाव के कारण लोगों में बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है।

कई जिलों शीतलहर का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में प्रदेश का मौसम शुष्क बना रह सकता है, हालांकि इस दौरान बस्तर इलाके में बारिश की संभावना है। मध्यम और हल्की बारिश के कारण सर्द हवाओं का असर भी देखने को मिलेगा। पेंड्रा और अंबिकापुर जिले के मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। वहीं, सरगुजा के कुछ हिस्सों में शीतलहर की भी संभावना जताई गई है।

कैसा रहेगा रायपुर का मौसम

मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी रायपुर का मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम साफरहने की संभावना है। प्रदेश के अन्य हिस्सों के मुकाबले में राजधानी रायपुर में ठंड का एहसास कम होगा। अभी यहां सुबह और रात में हल्की ठंड का एहसास हो रहा है।

डिजिटल अरेस्ट के 40 मामलों में 32 करोड़ की ठगी, अब सीबीआई जांच

रायपुर/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट के मामलों को सीबीआई को सौंपने के आदेश दिए हैं। प्रदेश में विगत तीन वर्षों में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ऑनलाइन ठगी के 40 से अधिक गंभीर मामले सामने आए हैं, जिनमें करीब 32 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की पुष्टि हुई है।

इनमें कुछ ऐसे मामले भी शामिल हैं, जिनमें अपराध दर्ज नहीं किया गया है, लेकिन शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। रायपुर, बिलासपुर, भिलाई और राजनांदगांव जैसे प्रमुख शहरों में बड़ी संख्या में लोग साइबर अपराधियों के निशाने पर आए हैं।

ठग खुद को केंद्रीय एजेंसियों या पुलिस विभाग का अधिकारी बताकर पीड़ितों को फर्जी आरोपों में फंसाने की धमकी देते थे। इसके बाद 'डिजिटल अरेस्ट' का भय दिखाकर उनसे बैंक खातों से बड़ी रकम ट्रांसफर कराई जाती थी। साइबर सेल और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अब तक 35 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। ये आरोपी गुजरात, उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्यप्रदेश, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पकड़े गए हैं।

जज बनकर महिला को डराया, व्यापारी को दिया लालच

केस-1

राजनांदगांव की 79 वर्षीय शीला सुबाल को आरोपितों ने सीबीआई अधिकारी और जज बनकर वीडियो कॉल के माध्यम से डराया। मनी लांड्रिंग केस में फंसाने की धमकी दी। निर्दोष साबित करने रकम जज के खाते में ट्रांसफर करने को कहा। महिला ने ठगों के बताए गए विभिन्न खातों में 79,69,047 रुपये ट्रांसफर कर दिए। एक अन्य मामले में ठगों ने फारेक्स व ट्रेडिंग विशेषज्ञ बताकर व्यापारी को फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग साइट का लिंक भेजा। पहले 15 हजार का छोटा मुनाफा देकर व्यापारी का विश्वास हासिल किया, फिर बड़े मुनाफे का लालच देकर 1,21,53,590 रुपये निवेश के नाम पर जमा कराए। दोनों मामलों में तीन आरापितों को पकड़ा गया है।

तीन माह तक महिला को डिजिटल अरेस्ट में रखा

केस-2

राजधानी के थाना विधानसभा क्षेत्र की निवासी 63 वर्षीय महिला को ठगों ने खुद को ईडी अधिकारी बताकर मनी लांड्रिंग की जांच में फंसाने का डर दिखाया और तीन महीने तक वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट में रखा। आरोपितों ने दो करोड़ 83 लाख रुपये की ठगी की। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, लखनऊ और देवरिया जिले से पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

ये हैं ठगी के अन्य बड़े मामले

सेजबहार में सरकारी इंजीनियरिंग कालेज के प्रोफेसर संतोष कुमार से 88 लाख रुपये की ठगी।

बिलासपुर में एसईसीएल के 72 वर्षीय रिटायर्ड कर्मचारी को तीन माह डिजिटल अरेस्ट में रखकर 1.09 करोड़ रुपये ठगे।

जांजगीर-चांपा में सेवानिवृत्त लिपिक से 32 लाख रुपये ठगे गए।

डिजिटल अरेस्ट से बचाव के तरीके

- सबसे पहले नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर पर करें काल।
- 1930 पर काल नहीं उठाने पर साइबर क्राइम की वेबसाइट पर रिपोर्ट करें।
- साइबर धोखाधड़ी से जुड़े हर तरह के सुबूत को एकत्रित करके रखें।
- मोबाइल में अनजाने लिंक पर ना करें क्लिक और ना ही करें एप डाउनलोड।
- ठगी होने के बाद एक से तीन घंटे के भीतर शिकायत करें, पैसे मिलने की संभावना।
- अनजान नंबर से काल आने पर घबराएं नहीं, ब्लाक कर दें या काल को काट दें।

ऐसे मामलों की शिकायत दर्ज कराएं

पुलिस का कहना है कि अधिकांश मामलों में ठग विदेशी कॉल सेंटरों की तरह काम करते हुए इंटरनेट कालिंग और फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करते थे। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी संदिग्ध काल या डिजिटल अरेस्ट जैसी धमकियों पर विश्वास न करें और तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। cybercrime.gov.in पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पहुंचे रायपुर

■ **पीएमओ का नाम बदलना राजनीतिक बातें हैं, जो बदला अच्छा है**

रायपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के छठवें दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आज रायपुर पहुंचे। दौरान एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कई मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय और सचिवालय का नाम बदलने के फैसले पर उन्होंने कहा कि यह सब राजनीतिक बातें हैं, जो बदला है अच्छा किये है।

इसी दौरान जब पत्रकारों ने वन नेशन, वन इलेक्शन के बारे में सवाल पूछा, तो पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने बताया कि यह मामला अभी संसद में पेंडिंग है।

बता दें कि पीएमओ परिसर का नाम 'सेवातीर्थ' किया गया है। अब पीएमओ इसी नाम से जाना जाएगा। केंद्रीय सचिवालय का भी नाम बदला गया है, जिसका नया नाम 'कर्तव्य भवन' रखा गया है।

आरपीएफ पोस्ट में तैनात प्रधान आरक्षक ने साथी आरक्षक को गोली मारी, मौके पर ही मौत

रायगढ़/नवप्रदेश। आरपीएफ पोस्ट रायगढ़ में तैनात प्रधान आरक्षक ने साथी आरक्षक को गोली मारी मौके पर ही मौत हो गई आला अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे । घटना सुबह आज 4 बजे तड़के की बताई जा रही है आर पी एफ पोस्ट रायगढ़ में तैनात प्रधान आरक्षक एस लदेर जांजगीर निवासी ने अपने ही बैच मेट रहे मध्यप्रदेश के रीवा के प्रधान आरक्षक पी के मिश्रा को ड्यूटी पर ही रात में किसी विवाद को लेकर लदेर ने सर्विस रिवाल्वर से 4 राउंड गोली चलाई जिससे मौके पर ही मौत हो गई है। आरक्षक लदेर को हिरासत में लिया गया है पूछताछ की जा रही है। बिलासपुर से आरपीएफ आयुक्त मुनव्वर खुर्शीद घटना स्थल पर पहुंचे हैं और फॉरेंसिक जांच टीम पर स्थल का मुआयना कर रही है।

अमित बघेल 5 दिसंबर को करेंगे सरेंडर! बोले- भागने वालों में नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। समाज के खिलाफ भड़काऊ बयान देने के मामले में फरार चल रहे छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल जल्द ही पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर सकते हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वे इसी हफ्ते-संभावित रूप से 5 दिसंबर को सरेंडर कर सकते हैं। अंडरग्राउंड रहने के दौरान अमित बघेल ने एक निजी यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि वे भागने वालों में नहीं हैं।

उन्होंने खुद को ÷छत्तीसगढ़ की मिट्टी का बेटा÷ बताते हुए कहा कि वे यहीं रहकर कानून की प्रक्रिया का सामना करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और वे कानूनी लड़ाई आगे भी जारी रखेंगे। अमित बघेल के खिलाफ छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि 7 राज्यों की पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही थी। कई जगह छापेमारी भी की गई, लेकिन वे गिरफ्तारी से बचते रहे।

राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 20 तक

रायपुर/नवप्रदेश। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश में बच्चों द्वारा किसी विशेष घटना में प्रदर्शित अदम्य साहस एवं अनुकरणीय बुद्धिमत्ता के सम्मान के लिए राज्य वीरता पुरस्कार 2025 प्रदान किए जाने का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस पुरस्कार के अंतर्गत कुल 05 बालक, बालिकाओं को रुपए 25,000 की प्रोत्साहन राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम ने इस पुरस्कार के लिए पात्र बच्चों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए हैं।

पीपला की पहल पर, भिलाई में खुला शिक्षादान केंद्र

■ **पांच गांवों के छात्रों को मिलेगा नि:शुल्क कोचिंग**

आरंग। विगत पांच वर्षों से नगर सहित क्षेत्र में शिक्षा स्तर में वृद्धि के लिए स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे हैं। जगह-जगह कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम और शिक्षादान केंद्र संचालन के माध्यम से बच्चों में बेहतर शिक्षा गुणवत्ता के लिए लगातार प्रयासरत हैं।इसी कड़ी बुधवार को ग्राम भिलाई में फाउंडेशन के संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल की शिक्षा के प्रति नवाचारी सोंच और फाउंडेशन के सदस्यों की

पहल पर शिक्षादान केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसमें आसपास के पांच गांव चरौदा, भिलाई, मोखला, गिधवा, ओड़का के कक्षा दसवीं की छात्र छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग मिलेगा। फाउंडेशन के संयोजक महेन्द्र पटेल का कहना है ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रों के लिए कोचिंग की सुविधा नही होने से बच्चों को कठिन विषयों को बेहतर ढंग से समझने में बहुत समस्या होती है।

जिसे देखते हुए तथा कुछ पालकों की मांग पर शिक्षादान केंद्र संचालित किया जा रहा है। इसके पहले भी यहां शिक्षादान केंद्र संचालित किया गया था। जिसका बहुत ही सकारात्मक परिणाम आया था। उन्होंने बताया विगत चार वर्षों से गायत्री मंदिर आरंग में भी शिक्षादान केंद्र संचालन किया जा रहा है। जहां प्रतिदिन चालीस - पचास बच्चे निःशुल्क कोचिंग का लाभ ले रहे हैं।

इसमें इच्छुक शिक्षित युवाओं को शिक्षादान में पढ़ाने के लिए आग्रह किया जाता है। जिनके द्वारा गणित, विज्ञान,अंग्रेजी विषयों को पढ़ाया जाता है। पढ़ाने वाले को फाउंडेशन से जुड़े सेवाभावियों द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप कुछ सम्मान राशि दिया जाता है। और बच्चों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता। इस कांसेप्ट की परिकल्पना फाउंडेशन के संयोजक महेन्द्र पटेल ने का है।

संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 11 से

रायपुर/नवप्रदेश। संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में 11 से 13 दिसम्बर तक इसका आयोजन किया जाएगा। बस्तर ओलंपिक के जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के तीन हजार विजेता खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। करीब 500 नक्सल पीड़ित और पुनर्वासित नक्सली भी इन स्पर्धाओं में हिस्सेदारी करेंगे। उपमुख्यमंत्री शर्मा के रायपुर के सिविल लाइन स्थित निवास कार्यालय में हुई बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार भी शामिल हुए।

कौन बनेगा करोड़पति में पहुंची रायपुर की पत्रकार

■ **बोलीं- 7 महीने की मेहनत रंग लाई**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर की युवा महिला पत्रकार प्रज्ञा प्रसाद ने अपनी लगन, मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मशहूर क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति के सेट पर वह अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट तक पहुंचीं। प्रज्ञा का ये एपिसोड 3 दिसंबर की रात 9 बजे प्रसारित होगा। उन्होंने अपनी इस सफलता की जानकारी फेसबुक पोस्ट के माध्यम से साझा की।

प्रज्ञा ने लिखा कि ÷हॉट सीट तक पहुंचना मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। यह 7 महीने की लंबी और चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया थी, जिसमें भाग्य के साथ मेहनत और नॉलेज सबसे ज्यादा काम आते हैं।÷ प्रज्ञा प्रसाद ने बताया कि केबीसी का सफर अप्रैल माह में शुरू हुआ, जब सोनी लिव पर सवालों के जवाब देने की प्रक्रिया शुरू हुई। मई में उन्हें दूसरा कॉल आया, जिसमें कंप्यूटरीकृत दो सवाल पूछे गए। दोनों प्रश्न सही होने पर तीसरा कॉल आया और उन्हें मुंबई बुलाया गया।

मुंबई में पवार पब्लिक स्कूल में उनका जीके का लिखित टेस्ट लिया गया। करीब 100 से ज्यादा पन्नों की बुकलेट भरने के बाद दो घंटे में ही परिणाम घोषित किया गया, जिसमें वे पास रहीं। इसके बाद पर्सनल इंटरव्यू और स्क्रीन टेस्ट हुआ, जिसमें 25 मिनट का साक्षात्कार और चार जीके प्रश्न शामिल थे।

केबीसी और चैनल ही उठाता है पूरा खर्च

केबीसी कंटेस्टेंट और उनके एक साथी का आने-जाने का खर्च, होटल में रुकने का खर्च, खाने-पीने का खर्च सबकुछ खुद वहन करती है। यानि अगर आप दो लोगों के साथ जा रहे हैं, तो आपका एक रुपये भी खर्च नहीं होता। आपको मुंबई आने के बाद बिल्कुल परेशान नहीं होना पड़ता। बता दें कि दो लोगों के अलावा अगर आप तीसरे की इजाजत लेते हैं, तब आपको उसका खर्च वहन करना पड़ेगा। केबीसी की टीम बहुत अच्छी तरह से आपका ख्याल मुंबई में रखती है।

परिवार और इलाके में खुशी की लहर

जैसे ही यह खबर फैली कि प्रज्ञा केबीसी में नजर आएंगी, उनके गांव और आसपास के इलाकों में खुशी की लहर दौड़ गई। परिवार, रिश्तेदार और परिचितों के फोन लगातार आते रहे। सभी लोग 3 दिसंबर की शाम टीवी स्क्रीन के सामने बैठे रहे और उनका प्रदर्शन देखने के लिए उत्साहित हैं।

जमीन लेकर भी नहीं लगाया उद्योग, 240 उद्यमियों का भूखंड आवंटन रद्द

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए जमीन लेकर उद्योग स्थापित नहीं करने वाले 240 उद्यमियों पर अब सीएसआइडीसी ने बड़ी कार्रवाई कर दी है। आरोपित उद्यमियों ने वर्षों पहले सस्ती दरों पर भूखंड तो ले लिए, मगर न तो उद्योग लगाए, न उत्पादन शुरू किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया।

राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति में दी गई रियायतों का लाभ लेने के लिए कई उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्रों रायपुर, बिलासपुर, उरला, सिलतरा, सिरगिट्टी, तिफरा सहित मेगा इंडस्ट्रियल जोंन्स और रायगढ़ में भूखंड हासिल किए थे। लेकिन निर्धारित समयावधि बीतने के बाद भी न तो भवन निर्माण हुआ, न मशीनें लगीं, न ही रोजगार पैदा हुए।

जारी किया गया था नोटिस: पिछले एक वर्ष के भीतर ही 240 भूखंड आवंटन रद किए गए हैं। कई आरोपित उद्यमियों को पहले भी नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर सीएसआइडीसी ने सख्त कदम उठाया है।

उचित कारण बताने वालों को राहत: सीएसआइडीसी ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई उद्यमी देरी का ठोस कारण प्रस्तुत करता है, तो समिति उसकी समीक्षा करेगी। उपयुक्त कारण पाए जाने पर सीमित मोहलत दी जाएगी। अन्यथा भूखंड का अधिपत्य तुरंत वापस लेकर दूसरे इच्छुक और सक्षम उद्यमी को आवंटित कर दिया जाएगा।

जांच कर भूखंड वापस लेने की तैयारी

प्रबंध संचालक के अनुसार, कुछ उद्यमियों ने केवल औपचारिकता के नाम पर चारदीवारी बनाकर काम शुरू दिखाने की कोशिश की। ऐसे मामलों की जांच कर भूखंड वापस लेने की तैयारी है। जहां बिल्कुल काम नहीं हुआ, वहां तत्काल प्रभाव से आवंटन निरस्त किया जा चुका है।

गाइडलाइन दरों में पुनरीक्षण का कोई प्रस्ताव नहीं: आईजी पंजीयन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जमीन की नई गाइडलाइन दरों में भारी वृद्धि का जमकर विरोध हो रहा है। कारोबारी, बिल्डर और सत्तापक्ष-विपक्ष के नेता गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण के लिए दबाव बना रहे हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि जमीन की गाइडलाइन दरों में फिलहाल पुनरीक्षण का कोई प्रस्ताव नहीं है। महानिरीक्षक (पंजीयक) पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि प्रदेश में कुछ स्थानों पर गाइडलाइन दरों में त्रुटियों की शिकायत का परीक्षण किया जा रहा है, लेकिन पुनरीक्षण का कोई प्रस्ताव नहीं है। शासन से भी इस संबंध में कोई निदेशा-निर्देश नहीं है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने 20 नवंबर से जमीन की गाइडलाइन दरों में भारी बढ़ोतरी की है। शहरी क्षेत्र में 20 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 400 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई है। पंजीयन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की गाइडलाइन दरों का वैज्ञानिक व तर्कसंगत पुनरीक्षण किया गया है। गाइडलाइन दर में वर्ष 2017-18 के बाद से किसी प्रकार का संशोधन नहीं हुआ था। इस कारण वास्तविक बाजार मूल्य और गाइडलाइन दरों में भारी अंतर पैदा हो गया था। पिछले सात वर्षों में बने

नए हाईवे, कॉलोनी, औद्योगिक क्षेत्र आदि की दरें निर्धारित नहीं थीं। नई दरों से किसानों-भूमिस्वामियों को उनकी भूमि का अधिक व न्यायसंगत मुआवजा मिलेगा। संपत्ति के विरुद्ध बैंक से अधिक राशि का लोन स्वीकृत होगा। वहीं, नई गाइडलाइन दरों का प्रदेशभर में भारी विरोध-प्रदर्शन भी किया जा रहा है। बिल्डरों ने कुछ दिन पहले वाणिज्यकर मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर गाइड लाइन दरों में संशोधन के लिए सुझाव भी दिए थे, लेकिन इस पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। बताया जा रहा है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में भी इस पर चर्चा हो सकती है।

रोजाना एक से डेढ़ हजार रजिस्ट्री

पंजीयन विभाग के अधिकारियों की मानें तो नई गाइडलाइन दरें लागू होने के बाद भी बड़ी संख्या में जमीन रजिस्ट्री हो रही है। प्रतिदिन औसत एक से डेढ़ हजार रजिस्ट्री हो रही है। हालांकि पहले की तुलना में रजिस्ट्री की संख्या काफी कम है। गाइडलाइन दरों में वृद्धि के कारण रजिस्ट्री के लिए चार से पांच गुना अधिक स्टाम्प व पंजीयन शुल्क देना पड़ रहा है। इससे जमीन खरीदने-बेचने वालों में आक्रोश है।

न्यूज गैलरी

प्रदेश में पहली बार 150 मीटर ऊंचाई पर विंड मॉनिटरिंग स्टेशन की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अब नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरूआत करने जा रहा है। राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफविंड एनर्जी, नीवे) चेन्नई ने राज्य में पवन ऊर्जा की वास्तविक संभावनाओं के वैज्ञानिक आकलन के लिए 150 मीटर ऊंचाई पर पवन अनुवीक्षण (विंड मॉनिटरिंग) स्टेशन स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह पहल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की हरित ऊर्जा विस्तार नीति के अनुरूप क्रेडा व राज्य शासन के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। विंड मॉनिटरिंग स्टेशन की स्थापना न सिर्फतकनीकी कदम है बल्कि यह छत्तीसगढ़ को 'राष्ट्रीय पवन ऊर्जा मानचित्र' पर स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक शुरूआत है। यह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी और सीईओ राजेश सिंह राणा के नेतृत्व में पवन ऊर्जा संभावनाओं के अध्ययन की शुरूआत भी है।

राजीव लोचन कॉलेज की प्राचार्य सहित तीन प्राध्यापक निलंबित

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य सहित तीन प्राध्यापकों को जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री खरीदी में अनियमितता के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। आदेश के अनुसार राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम की प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा, सहायक प्राध्यापक डॉ. मोहन लाल वर्मा, सहायक प्राध्यापक देवेन्द्र देवांगन, सहायक प्राध्यापक मनीषा भोई द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से की गई क्रय की गई सामग्री में आर्थिक अनियमितता में प्रथम दृष्ट्या संलिप्तता पाई गई है। जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय की गई सामग्री में इनके द्वारा छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं किया गया है। राजीव लोचन महाविद्यालय की प्राचार्य तथा सहायक प्राध्यापकों को सिविल सेवा नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय रायपुर नियत किया गया है।

बलात्कारी सौतेले पिता को 20 वर्ष का कारावास

रायपुर/नवप्रदेश। 10 वर्षीय बेटी के साथ बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार सौतेले पिता को आरोप सिद्ध होने पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो ने 20 साल सश्रम कारावास और 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं पीड़िता को प्रतिकर राशि के रूप में छह लाख रुपए देने का आदेश भी दिया है। यह मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की है। इस मामले में अंतिम सुनावाई रायपुर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो गिरीश कुमार मंडावी की कोर्ट में पूर्ण हुई। विशेष लोक अभियोजक गीता चौहान ने कोर्ट को बताया कि पीड़िता की नानी के अनुसार, यह घटना 29 नवंबर 2023 की है। रात में आरोपी ने जबरदस्ती नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार किया। पुलिस ने घटनास्थल पर मिले साध्य और आरोपी के बयान कोर्ट में पेश किये। अभियोजक द्वारा कोर्ट से निवेदन किया गया कि अभियुक्त ने गंभीर अपराध किया है। अधिकत्तम दंड से दंडित किया जाए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद साक्ष्य और सबूतों के आधार पर अभियुक्त को 20 साल सश्रम कारावास और 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी नहीं किये जाने पर। माह की अतिरिक्त सजा का प्रावधान है।

एयरपोर्ट से डाक थैलों का हवाई प्रेषण फिर शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय डाक विभाग छत्तीसगढ़ परिमंडल ने प्रदेश में डाक प्रेषण एवं वितरण व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से देश के विभिन्न शहरों के लिए आउट बाउंड कार्गो सेवा के माध्यम से डाक थैलों का प्रेषण फिर शुरू कर दिया गया है। भारतीय डाक विभाग और भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय के मध्य हुए समझौते के तहत यह हवाई प्रेषण सेवा 21 नवम्बर 2025 से फिर शुरू की गई है। इस व्यवस्था से छत्तीसगढ़ परिमंडल के विभिन्न डाकघरों से बुक किए जाने वाले स्पीड पोस्ट एवं स्पीड पोस्ट पार्सल की पारेषण गति में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे प्रेषित स्पीड पोस्ट आर्टिकल संबंधित डाकघर तक जल्द पहुंचेंगे।

समितियों में खरीदी की लिमिट से टोकन के लिए मशक्कत

रायपुर/नवप्रदेश। धान बेचने के लिए किसानों को टोकन के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। तुंहर टोकन एप शुरू होने के चंद मिनटों में ही बंद हो जा रहा है। इसके चलते ग्रामीण तत्काल ऑनलाइन टोकन नहीं कटा पा रहे हैं। दूसरी तरफ इस बार समितियों में धान खरीदी की लिमिट भी आधी कर दी गई है। तुहर एप के जरिए विफल होने के बाद किसान आसपास के चॉइस केन्द्रों में कतार लगा रहे हैं। दूसरी तरफ समितियों में खरीदी की सीमा आधी कर देने से बड़े किसानों को अपना पूरा धान बेचने से वंचित होना पड़ रहा है। भुगतान के मामले में भी यही स्थिति है। कम रकबा वाले छोटे किसानों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है लेकिन ज्यादा धान बेचने वालों को सप्ताह भर तक भुगतान नहीं हो रहा है। धान बेचने के लिए किसानों को इस बार टोकन कटाने के जूझना पड़ रहा है। तुंहर एप सीमित समय के लिए खुलता है और चंद मिनटों में ही बंद हो जाता है। दरअसल, सुबह निर्धारित समय में कुछ देर के लिए ही एप ओपन होता है। इस समय सभी किसान टोकन के लिए प्रयास करते हैं, इसमें कुछ ही किसान सफल हो पाते हैं और बमुश्किल दो मिनट में ही एप क्लोज हो जाता है। यही वजह है कि ज्यादातर किसान चॉइस सेंटरों में जाकर टोकन के लिए लाइन लगाने मजबूर हैं। रायपुर जिले अलग-अलग क्षेत्रों में यही तसवीर नजर आ रही है। ऑफलाइन टोकन की लिमिट भी केवल 30 फीसदी है। वहीं समितियों की सीमा भी आधी होने से किसानों को वंचित होना पड़ रह है। इनमें सबसे ज्यादा दिक्कत कम लिमिट वाली सोसायटियों के दायरे में ज्यादा रकबे वाले किसान को है। कुछ समितियों में तो केवल 700 से 800 क्विंटल की ही लिमिट है, इसी सोसायटियों में 500 क्विंटल धान बेचने वाले बड़े किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। इसी तरह मध्यम किसानों को भी धान बेचने पसीना बहाना पड़ रहा है।

न उठाव हो रहा न टोकन मिल रहा

किसान संगठनों ने टोकन नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। इधर किसान नेता उधोराम वर्मा ने मांग उठाई कि सरकार समितियों में खरीदी की सीमा में बढ़ोतरी करे तो टोकन उपलब्ध हो पाएगा। हालात यही बनी रही तो किसान फिर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। समितियों में उठाव की व्यवस्था कर सूखत से बचाने भी तत्काल निर्णय लिया जाए।

दस दिनों से लगा रहे चक्कर

रायपुर जिले की धरसींवा और कुंरा धान खरीदी केन्द्र के किसानों के मुताबिक वे टोकन के लिए दस दिनों से समितियों और चॉइस सेंअर के चक्कर काट लिए लेकिन टोकन नहीं कट रहा है। समितियों में खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ाने से टोकन नहीं कट रहा है।

नई गाइडलाइन दरों पर छत्तीसगढ़ में होने वाला है बड़ा खेल: भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जमीन की गाइड लाइन दरों में बढ़ोतरी के फैसले पर भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने इस पर तीखे सवाल उठाते हुए आशंका जताई कि छत्तीसगढ़ में बड़ा खेल होने वाला है। उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे पर ईशारों में ही निशाना साधा। इधर उन्होंने दुर्ग गाइड लाइन दरों का विरोध करने वाले व्यापारियों पर लाठीचार्ज की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि अब अति हो गई, इसलिए व्यापारियों को सड़क पर उतरना पड़ा। जबकि सरकार तो व्यापारियों से मिलकर चलती है। इस सरकार को तो व्यापारियों की सरकार भी कहा जाता है। राजधानी में चर्चा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गाइड लाइन दरों में बढ़ोतरी पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार इस अव्यवहारिक आदेश को वापस नहीं लेना चाहती है। जमीन की राज्ट्रियों पर ब्रेक लग गया है। यहां कोई बड़ा खेल होने वाला है।

यही वजह है कि पीएम और केन्द्रीय गृह मंत्री यहां आए और तीन दिन रूके। अब फिर गृह मंत्री बस्तर ओलंपिक में फिर आने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अब तो व्यापारी वर्ग भी सरकार से नाराज है। चाहे वह जमीनों की गाइड लाइन का मामला हो या फिर ट्रेड लाइसेंस का, अब कारोबारी भी भाजपा सरकार के खिलाफसड़कों पर हैं। सरकार तो पुलिस के जरिए लाठी बरसा रही है। अब कोई ऐसा वर्ग नहीं बचा जो सरकार से नाराज न हो। उन्होंने कटाक्ष करते हुए पूछा कि भाजपा की यह सरकार किसकी सरकार है। जनता की सरकार तो नहीं दिखती है।

मोबाइल फोन से जनता का डाटा लेने की मंशा

संचार साथी एप को लेकर उठे विवादों पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार इस एप के माध्यम से आपके मोबाईल का सारा इंफर्मेशन लेना चाहती है। भारत सरकार हर नागरिक से डरी हुई है। आपके फोन से जानकारी लेकर आपको ब्लैकमेल करना चाहती है।

ट्रक पलटा और खुल गई पोल: छड़ के बीच छुपाकर हो रही थी गांजा की तस्करी

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में देर रात एक सड़क हादसा चौकाने वाले खुलासे में बदल गया। दरअसल छड़ से भरी एक ट्रक पलट गई, जिसमें जांच करने पहुंची पुलिस की नजर केबिन में छिपाए गए भारी मात्रा में गांजे पर पड़ी। देखने में यह एक सामान्य सड़क दुर्घटना लग रही थी, लेकिन जैसे ही पुलिस ने ट्रक को खंगाला, पूरा मामला नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़ा निकला।

मिली जानकारी के अनुसार, बेमेतरा थाना क्षेत्र के ग्राम बैजी के पास रायपुर से प्रयागराज जा रहा एक भारी मालवाहक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो प्रारंभिक जांच में ट्रक में लोहे की छड़ें भरी हुई मिलीं। लेकिन जैसे ही पुलिस ने ट्रक के केबिन और अंदरूनी हिस्सों की बारीकी से तलाशी ली, वहां से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी पुलिस

बता दें कि, गांजे को लोहे की छड़ों के नीचे और केबिन के भीतर बड़ी चालाकी से छुपाकर रखा गया था, जिससे यह साफहो गया कि, छड़ की आड़ में गांजे की तस्करी की जा रही थी। फिलहाल पुलिस मौके पर जेसीबी और मजदूरों की मदद से ट्रक से छड़ उतारकर गांजा निकालने का प्रयास कर रही है। जब्त किए गए गांजे की मात्रा का आकलन किया जा रहा है। वहीं, फरार चालक की तलाश में पुलिस ने शुरू कर दी है।

दिव्यांगजनों के लिए संवेदनशील बने समाज: डेका

- विश्व दिव्यांगजन दिवस पर कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल
- कोपलवाणी संस्था को 5 कम्प्यूटर और उत्कृष्ट विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका आज विश्व दिव्यांगजन दिवस पर कोपलवाणी श्रवण बाधित विद्यालय सेमरिया में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और दिव्यांग बच्चों को आर्शीवाद एवं प्रोत्साहन दिया। इस अवसर पर श्री डेका ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए समाज संवेदनशील बने, उनका सम्मान करें और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहयोग करें।

कोपलवाणी विद्यालय को 5 कम्प्यूटर प्रदान करने की घोषणा के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को व्यक्तिगत रूप से 2 लाख रूपए देने की भी घोषणा

राज्यपाल श्री डेका ने कोपलवाणी श्रवण बाधित विद्यालय सेमरिया में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय से उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को जो स्वरोजगार व अन्य क्षेत्र में कार्य कर रहे है, उन्हें सम्मानित किया।

दिव्यांग बच्चें समाज के अभिन्न अंग

राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि दिव्यांगजन भी हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हमे ऐसा माहौल बनाना है जहां उन्हें किसी भी तरह की रूकावट महसूस न हो। हम शासन और समाज मिलकर दिव्यांगजनों के लिए ऐसी दुनिया बनाएं जहां वे सम्मान और आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए केंद्र और राज्य शासन द्वारा योजनाएं चलाई जा रही है। दिव्यांग पेंशन से उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। सरकारी नौकरी में आरक्षण, छात्रवृत्ति, निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा एवं स्वावलंबन में मदद की जाती है। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना को दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया जाना चाहिए। श्री डेका ने दिव्यांग बच्चों से कहा कि आप समाज के एक अंग है। समाज, प्रदेश व देश आपके साथ है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा और तत्काल नई गाइड लाइन दरों पर रोक लगाने की मांग की

गाइडलाइन दरों में भारी वृद्धि जनविरोधी फैसला, तत्काल रोक लगे : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जमीन की नई गाइड लाइन दर को लेकर बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा। इसके लागू होते ही मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस व अन्य क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने सरकार के खिलाफमोर्चा खोल दिया और लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। इधर नईदर लागू होने के 12 दिनों बाद रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भी अपनी ही सरकार के इस फैसले को जनविरोधी और अव्यावहारिक करार देते हुए मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा और तत्काल नई गाइड लाइन दरों पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्ववत गाइडलाइन दर पुनः लागू करने के साथ ही स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति का गठन कर वास्तविक बाजार मूल्यांकन

कराया जाए। उल्लेखनीय हैं कि भाजपा सांसद अग्रवाल के इस पत्र के बाद विरोध में आवाज बुलंद कर रहे विपक्षी पार्टियों के नेताओं को सरकार के खिलाफ बड़ा मुद्दा मिल गया है। अग्रवाल का पत्र तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा हैं। उन्होंने अपने पत्र में लिखा हैं कि जनभावनाओं का सम्मान ही लोकतंत्र का आधार है। जनता पर आर्थिक बोझ नहीं होने देंगे, गाइडलाइन दरों में 100 से 800 फीसदी की वृद्धि अव्यावहारिक है। उन्होंने पत्र में लिखा कि प्रदेश में भूमि खरीदी-बिक्री के लिए कलेक्टर गाइडलाइन दरों में 100 से 800 प्रतिशत तक की वृद्धि पर आपत्तिजनक है, इस निर्णय को तत्काल स्थगित कर पुर्नविचार की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नई गाइड लाइन दर प्रदेश में बिना किसी जन परामर्श, बिना किसी वास्तविक मूल्यांकन और बिना सामाजिक-आर्थिक प्रभावों की समीक्षा के अनियोजित वृद्धि कर दी गई है। इससे पूरे प्रदेश में अनेक वर्गों में असंतोष उफान पर है।

उन्होंने आगे कहा कि इस फैसले से किसान, छोटे व्यवसायी, कुटीर उद्यमी, मध्यम वर्ग, छोटे रियल एस्टेट क्षेत्र और निवेशक सभी इस निर्णय के खिलाफ है व्यापक विरोध को देखते हुए यह निर्णय किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। यह वृद्धि 'इज ऑफलिविंग 'और 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस दोनों के विपरीत है और प्रदेश की आर्थिक रीढ़ पर सीधी चोट है।

भूमि अधिग्रहण में आता हैं एक प्रतिशत हिस्सा

सांसद अग्रवाल का कहना है कि, गाइड लाइन दर में वृद्धि पर दावा किया जा रहा है कि किसानों को भूमि अधिग्रहण में अधिक मुआवजा मिलेगा, परन्तु वस्तुस्थिति बिल्कुल अलग है। भूमि का केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही अधिग्रहण में आता है, किंतु 99 प्रतिशत जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल दिया गया है। गाइडलाइन मूल्य 100 प्रतिशत बढ़ाने के बाद भी पंजीयन शुल्क 4 प्रतिशत बनाए रखना जनता के साथ अन्याय है, जिसे घटाकर पुनः 0.8 प्रतिशत किया जाना चाहिए। इसी तरह नवा रायपुर में सम्मिलित ग्रामीण क्षेत्रों को नगरीय क्षेत्र से करने तथा पंजीयन शुल्क 4 प्रतिशत से घटाकर 0.8 प्रतिशत किया जाए।

लाभांडी व निमोरा का दिया उदाहरण

अग्रवाल ने अपने पत्र में राजधानी के समीप लाभांडी और निमोरा जैसे गाँवों का उदाहरण देते हुए लिखा कि किस प्रकार बिना किसी वास्तविक मूल्यांकन के गाइडलाइन दरों में 725 प्रतिशत और 888 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी गई है, जो किसी भी आर्थिक न्याय का पालन नहीं करती, साथ ही, नवा रायपुर के ग्रामीण क्षेत्रों को बिना आवश्यक सुविधाएँ विकसित किए नगरीय क्षेत्र घोषित करने पर भी उन्होंने गंभीर सवाल उठाए हैं।

IPLUS Security System

CCTV CAMERA
SALES & SERVICE

मार्केट से प्राइस लेकर आओं और भारी डिस्काउंट पाओं

हमारे यहाॅ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, कम्प्यूटर, एलईडी टीवी, एलईडी मॉनिटर, वीडियों डोर फोन, लैपटॉप, टेलीफोन, बॉयोमेट्रिक और नेटवर्किंग कार्य किये जाते है।

हमारे यहाॅ सभी प्रकार सेक्यूरिटी सिस्टम होलसेल और रिटेल पर उपलब्ध है, और यहाॅ सभी प्रकार के सीसीटीवी कैमरा, टीवी, मॉनिटर रिपेयर किये जाते है।

ऑफर- 10,000 में 4 कैमरे और 15,000 में 8 कैमरे का सेटअप। पेपर कटिंग लाने पर ही मान्य होगा।

MR. KAILASH CHANDRAVANSHI (DEV)

Address - शॉप नं. 2 तिवारी कॉम्पलेक्स, टिकरापारा रायपुर, छ.ग.
Email- iplusindia11@gmail.com
MO.- +91 79743-87329

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com